आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 18°C |

इनसाइड न्यूज

बसपा की बैठक: मायावती ने पिछड़ा वर्ग समाज का सहयोग मांगा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 02 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 22 | www.janexpresslive.com/epaper



नड्डा बोले, जंगल राज के दौरान अपहरण... 12

# आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 लोगों की मौत

## एकादशी पर ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटी, महिलाएं और बच्चे चिल्लाते रहे, लोग रौंदते गए

- एकादशी पर भीड़ में दबकर गिरे, भक्तों ने खुद दिया सीपीआर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीकाकुलम

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर में आने-जाने का रास्ता एक ही है। आज भारी भीड़ के दौरान रास्ता जाम हो गया। लोगों की धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' के तहत मामला दर्ज किया गया है।

> मुझे उम्मीद भी नहीं थी कि इतने सारे भक्त आएंगे। मंदिर में करीब दो हजार श्रद्धालु पहुंचे थे। व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया। पुलिस को पहले से सूचित नहीं किया गया था।
> –हरिमुकुंद पांडा मंदिर के प्रशासक





### मंदिर के बारे में नॉलेज, जिसे जानना जरूरी है

- श्रीकाकुलम वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर (श्री विष्णु) की पूजा की जाती है।
- श्रीकाकुलम वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर (श्री विष्णु) की पूजा की जाती है।
- काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को 4 महीने पहले अगस्त में दर्शन के लिए खोला गया था। मंदिर 13 एकड़ में फैला है। निर्माण में 10 साल लगे।
- मंदिर के मालिक 95 साल के हरिमुकुंद पांडा हैं।
- मंदिर की डिजाइन और स्थापत्य कला पूरी तरह तिरुमला श्री वेंकटेश्वर मंदिर से प्रेरित है।
- निर्माण में पारंपरिक दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला का इस्तेमाल किया गया है।
- प्रवेश और निकास द्वार एक ही है।
- घटना के समय मंदिर परिसर निर्माणाधीन था।

### भगदड़ के बाद भयावह वीडियो आए सामने

इस बीच मंदिर के अंदर से कई भयावह वीडियो सामने आई, जिसमें भगदड़ में बेहोश हुए लोगों को सीपीआर देने के लिए श्रद्धालु दौड़ते देखे गए। भगदड़ के वीडियो में लोग भीड़ में बेहोश हुए लोगों की मदद के लिए दौड़ते हुए दिखाई दिए। कुछ वीडियो में लोग एक-दूसरे को भीड़ से निकालकर उनकी मदद करते भी देखे गए। सोशल मीडिया पर भगदड़ के बाद कई विचलित करने वाले दृश्य सामने आए हैं, जिनको यहां दिखाना मुमकिन नहीं है।

### 27 जुलाई, 2025: हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 8 की मौत

- हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को सुबह 9:15 बजे भगदड़ मच गई थी। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

### 2 मई, 2025: गोवा के शिरगांव में भगदड़, 7 की मौत, 50 घायल

- गोवा के शिरगांव में 2 मई को श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### 10 जनवरी, 2025: तिरुपति मंदिर में भगदड़, 6 की मौत और 40 घायल

- आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में 10 जनवरी को देर रात 9:30 बजे वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### मंदिरों में भगदड़ की 5 बड़ी वजह

- **अचानक भीड़ बढ़ना:** किसी खास दिन जैसे एकादशी, त्योहार पर श्रद्धालु बहुत बड़ी संख्या में पहुंच जाते हैं। जगह कम होती है।
- **सुरक्षा इंतजाम की कमी:** कई मंदिरों में रेलिंग कमजोर होती है, रास्ते संकरे होते हैं और गेट कम होते हैं। अगर लोग एक साथ आगे बढ़ें और कोई गिर जाए।
- **प्रशासन की लापरवाही:** पुलिस या वॉलंटियर्स समय पर भीड़ को नियंत्रित नहीं करते। अंदर और बाहर जाने वालों के रास्ते अलग नहीं बनाए जाते।
- **अफवाह:** कभी-कभी कोई चिल्ला देता है कुछ गिर गया या करंट लग गया, लोग घबरा जाते हैं और दौड़ने लगते हैं।
- **दर्शन की जल्दबाजी:** लोग जल्दी दर्शन करने की कोशिश करते हैं। जब कोई फिसलता है तो बाकी लोग ऊपर से गिर जाते हैं।

### भगदड़ के बाद कई महिलाएं बेहोश हो गईं

भगदड़ के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रेलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे। वहीं, हादसे के बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। लोगों भीड़ में से महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री अनीता ने बताया कि मंदिर में हर हफ्ते करीब 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आज एकादशी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक थी। उन्होंने बताया कि मंदिर पहली मंजिल पर स्थित है और यहां जाने के लिए 20 सीढ़ियां हैं। इसी दौरान धक्का-मुक्की हुई और भगदड़ मच गई। उधर, स्वास्थ्य मंत्री सत्य प्रकाश ने दावा किया कि आज 25 हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए पहुंच गए थे, जबकि मंदिर की क्षमता इतनी नहीं है।



# 25 साल में 20 गुनी बढ़ी उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था

## छत्तीसगढ़ और झारखंड को पीछे छोड़ा



जन एक्सप्रेस। देहरादून

लंबे संघर्ष और बलिदानों से नौ नवंबर 2000 को हासिल हुआ अपना उत्तराखंड राज्य 25 साल का वक्त पूरा कर चुका है। इन 25 वर्षों में कई उतार-चढ़ाव से होकर गुजरे उत्तराखंड ने बेहद सधे हुए कदमों के साथ अपनी आर्थिक बुनियाद को मजबूत किया है। वर्ष 2001-02 में 15 हजार 826 करोड़ के साथ आगे बढ़ी उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था अब 3.78 लाख करोड़ रुपये का वृहद आकार ले चुकी है। यही नहीं सतत विकास के लक्ष्य हासिल करने में कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए उत्तराखंड ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। नीति आयोग की ओर से से जारी वर्ष 2023-24 की एसडीजी इंडेक्स रिपोर्ट में उत्तराखंड सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले राज्यों में केरल के साथ पहले पायदान पर है। वर्ष 2002-03 में प्रदेश की पहली निर्वाचित कांग्रेस की एनडी तिवारी सरकार ने पांच हजार 880 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया था तो उसे काफी बड़ा बदलाव माना गया। अलग राज्य के रूप में उत्तराखंड की किसी निर्वाचित सरकार का यह पहला बड़ा बजट था। इस वर्ष भाजपा की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने 20 फरवरी 2025 को राज्य का बजट पेश किया तो यह रिकार्ड ही बन गया। महज कुछ हजार रुपये के सालाना बजट के साथ शुरू हुआ उत्तराखंड के बजट के आकार अब एक लाख करोड़ से अधिक का हो चुका है।

### 7 गुना से ज्यादा बढ़ गई प्रतिव्यक्ति आय

- 2001-02: 16,232
- 2011-12: 1,00,314
- 2014-15: 1,36,009
- 2017-18: 1,80,858
- 2022-23: 2,19,850
- 2024-25: 2,74,064

सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। 25 वर्ष की विकास यात्रा में कई नए आयाम छुए हैं। नए मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गनिर्देशन में डबल इंजन की सरकार के साथ उत्तराखंड देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्राथमिक सेक्टर की मजबूती के लिए हाल में बागवानी और कृषि से जुड़ी 1200 करोड़ रुपये से अधिक की मिलेट की खेती, बागवानी से जुडी विशिष्ट नीतियां तैयार की गई है। निसंदेह उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

### फर्राटा भरती उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था

2001-02: 15,826
2011-12: 1,15,328
2014-15: 1,61,439
2017-18: 2,20,222
2022-23: 2,92,670
2024-25: 3,78,245
*(नोट: धनराशि करोड़ रुपये में)*

### यूं बढ़ता जा रहा है राज्य के बजट का आकार

**2002-03:** 05 हजार 880 करोड़
**2014-15:** 29 हजार 825 करोड़
**2017-18:** 39 हजार 856 करोड़
**2020-21:** 52 हजार 423 करोड़
**2024-25:** 89 हजार 230 करोड़
**2025-26:** 01 लाख 1175.33 करोड़
*(नोट: अनुपूरक बजट राशि शामिल नहीं है)*

### छत्तीसगढ़ और झारखंड को पीछे छोड़ा

वर्ष 2000 में उत्तराखंड के साथ दो और राज्य भी बने थे छत्तीसगढ और झारखंड। खनिजों और संसाधनों से भरपूर दोनों राज्यों के मुकाबले उत्तराखंड की आर्थिक स्थिति अपने सहोदर राज्यों के मुकाबले ज्यादा संतोषजनक नहीं थी, लेकिन उत्तराखंड अपने साथ अस्तित्व में आए बाकी राज्यों के काफी ज्यादा दूरी तय चुका है। तीनों राज्यों की प्रति व्यक्ति आय में इसकी झलक साफ साफ देखी भी जा सकती है। वर्ष 2001 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय महज 16 हजार 232 रुपये थी। जो कि वर्ष 2011-12 में बढ़कर एक लाख 314 रुपये और फिर वर्ष 2023-24 में लंबी छलांग लगाते हुए 2.46 लाख रुपये से अधिक तक आ पहुंची है। जबकि इसी अवधि में छत्तीसगढ़ क्रमश 12 हजार 170 रुपये, 55 हजार 177 रुपये और 1.47 लाख रुपये का सफर ही तय कर पाया है। झारखंड इस मामले में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2001 में झारखंड की प्रतिव्यक्ति आय 11 हजार 34 रुपये थी। फिर धीरे-धीरे अगले दस साल में यह बढ़कर 41 हजार 254 रुपये तक पहुंची। और वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड की प्रतिव्यक्ति आय एक लाख पांच हजार 274 रुपये है।

# भगवान राम और महात्मा बुद्ध के आदर्शों पर चलकर ही आगे बढ़ सकता है देश और समाज: सीजेआई गवई

जन एक्सप्रेस। कौशाम्बी



भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि भगवान राम और महात्मा बुद्ध के आदर्शों पर चलकर ही देश और समाज आगे बढ़ सकता है। कौशाम्बी महात्मा बुद्ध की धरती है। पूरी दुनिया में विजय हासिल करने के बाद सम्राट अशोक ने युद्ध नहीं बुद्ध का मार्ग अपनाया था। जस्टिस गवई शनिवार को कौशाम्बी के आलमचंद में महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर अतिथि संबोधित कर रहे थे। सीजेआई गवई ने कहा कि कौशाम्बी की धरती महात्मा बुद्ध के कार्य के लिए पूरे विश्व में जानी जाती है। महात्मा बुद्ध ने पूरी दुनिया में सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। कहा कि आदमी कितनी भी बड़ा हो जाए उसे अपनी संस्कृति और परंपरा को नहीं छोड़ना चाहिए। अपनी धरती से जुड़े रहना चाहिए। कहा कि उन्हें यहां आने के लिए कई साल पहले भी मौका मिला था लेकिन उन्होंने कहा था कि सीजेआई बनने के बाद ही यहां आउंगा। आज संकल्प पूरा हो गया है। जस्टिस गवई ने कहा कि वकालत के पेशे में अच्छी कमाई कर सकते थे, लेकिन सामाजिक और आर्थिक न्याय देने के लिए जज बनने का मौका मिला वह करोड़ों और अरबों से रुपये से ज्यादा महत्व रखता है। आज लोगों को न्याय देकर जो खुशी मिल रही है वह अमूल्य है। बच्चों से कहा कि आप ही देश के भविष्य हैं। कल का भारत कैसा रहेगा यह आपकी शिक्षा और संस्कार के ऊपर निर्भर करता है। अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे तो देश को आगे ले जाएंगे। विविधता में एकता भारत देश का मूल मंत्र है। बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरित किया जो कि काफी सराहनीय रहा। अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत में बच्चों के भाषण ने काफी प्रभावित किया।


### विद्यालय में दी जाए गुणवत्ता युक्त शिक्षा

सीजेआई ने कहा कि धरती माता के बारे ने लघु नाटिक के माध्यम से पर्यावरण का जो संदेश बच्चों ने दिया है उससे हम सबको सीख लेनी चाहिए। कहाकि विद्यालय की इमारत कितनी भी अच्छी हो यह मायने नहीं रखता है। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता क्या है और यहां कैसी शिक्षा दी जा रही है यह विशेष महत्व रखता है। कहा कि कुछ ही दिन में सेवानिवृत्त होने वाला हूं। रिटायरमेंट के पहले यहां पहुंच गया बहुत अच्छा लगा। इसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस विक्रम नाथ, इलाहाबाद विवि की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली समेत तमाम न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव में फर्जी वोटरों को पकड़ने का बना फुलप्रूफ प्लान

# एप के जरिए पहचाने जाएंगे नकली मतदाता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



पंचायत चुनाव में फर्जी वोटरों को मोबाइल एप की मदद से पकड़ा जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग इस एप को तैयार करवा रहा है। इससे बूथ पर वोट देने आने वाले हर मतदाता का फोटो लिया जाएगा, जो उसी वक्त (रियल टाइम में) आयोग के सर्वर पर सिंक होकर पहुंच जाएगा। इससे कोई एक मतदाता, मतदान के उसी चरण में या अन्य किसी चरण में दुबारा वोट नहीं डाल पाएगा। उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने हैं। वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में कुल 12.45 करोड़ मतदाता थे। इनमें 90 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे मिले हैं, जिनके नाम, पिता के नाम और लिंग समान है। आयोग का मानना है कि मतदाता सूचियों में 2.27 करोड़ मतदाता डुप्लीकेट हैं। इन्हें जांच के बाद हटाने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। यूपी में अभी पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में मतदाताओं के फोटो नहीं लगे हैं। इसलिए डुप्लीकेट मतदाताओं के फर्जी वोटिंग करने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसे रोकने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने खास मोबाइल एप तैयार करने का निर्णय लिया है। यह प्रयोग इससे पहले मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावों में हो चुका है।

### पीठासीन अधिकारी करेंगे उपयोग

इस एप का उपयोग मतदान के दिन सभी पीठासीन अधिकारी करेंगे। मोबाइल नंबर पर वन टाइम पासवर्ड के जरिये वे इस एप पर जाकर लॉगइन कर सकेंगे। जो भी मतदाता वोट देने आएगा, मतदान कर्मी इस एप के माध्यम से उसका फोटो लेंगे। जैसे ही यह फोटो एप में सेव किया जाएगा, वो सिंक (संबद्ध) होकर आयोग के सर्वर पर पहुंच जाएगा। फोटो के साथ ही उस मतदाता को आयोग से मिला विशिष्ट मतदाता नंबर भी सेव हो जाएगा। अब अगर कोई मतदाता दूसरी बार वोट देने जाएगा तो वहां भी उसका फोटो लिया जाएगा। ऐसा होते ही एप अलर्ट जारी कर देगा कि उससे पहले उस विशिष्ट नंबर वाले मतदाता ने कहां, कब और कितने समय वोट डाला था। तब दूसरी बार मतदान करने वाले मतदाता के खिलाफ आसानी से कार्रवाई हो सकेगी। आयोग के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि पंचायत चुनाव में 70-80 प्रतिशत मतदान होता है। एप के माध्यम से 70-80 फीसदी मतदाताओं के फोटो आयोग के सर्वर पर आ जाएंगे। इनका उपयोग बाद में फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र बनाने में किया जा सकेगा।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी शुरू, पर्यटक अब बाघों और वन्यजीवों को करीब से देख सकेंगे

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

रानीपुर टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए पूरी तरह तैयार है। टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का शुभारंभ कर दिया गया है। वन निगम द्वारा शुरू की गई इस सुविधा से पर्यटक अब बाघों और अन्य वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकेंगे। यह पहल पर्यटन को बढ़ावा देने और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। शनिवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी वन परिक्षेत्र अंतर्गत जाम्बवन्त इको पर्यटन केंद्र किहुनियाँ मारकुंडी में टाइगर सफारी की शुरुआत हुई। वन संरक्षक बांदा/फील्ड डायरेक्टर रानीपुर टाइगर रिजर्व डॉ. मनोज शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर इसका औपचारिक शुभारंभ किया और स्वयं सफारी का आनंद लिया। बारिश के बाद हरे-भरे जंगल अब आम सैलानियों के लिए खोल दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश वन विभाग ने सफारी की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, जिसमें पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश वन निगम की दो सफारी गाड़ियां तैनात की गई हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव दर्शकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। यहां पर्यटक बाघ, तेंदुआ, हिरन, भालू समेत कई दुर्लभ वन्यजीवों को करीब से देख सकेंगे। इस मौके पर टाइगर रिजर्व के एसडीओ राजीव रंजन, रेंजर मानिकपुर सुशील श्रीवास्तव, रेंजर मानिकपुर द्वितीय, पूर्व प्रधान की कीहुनियां विनय द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता देव शुक्ला समेत दर्जनों की संख्या ग्रामीण मौजूद रहे। रिजर्व में सफारी के लिए चार अलग-अलग रूट तय किए गए हैं, जिनमें किहुनिया से चौरी और चौरी से कल्याणपुर गेट तक के मार्ग शामिल हैं। एक बार की सफारी लगभग 30 किलोमीटर की होगी, जिससे पर्यटकों को जंगल की गहराइयों और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत अनुभव मिलेगा। रिजर्व में प्रवेश का गेट मारकुंडी के पास बनाया गया है, जहां टिकट की बुकिंग की जा सकती है। पर्यटक 2500 रुपये में जिप्सी बुक कर जंगल की सैर कर सकते हैं। प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 80 रुपये है, जबकि विदेशी सैलानियों के लिए यह 1000 रुपये निर्धारित है। पांच से 12 वर्ष के बच्चों का टिकट 25 रुपये तथा विदेशी बच्चों का 300 रुपये रखा गया है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रवेश निन्शुल्क है। स्थानीय विद्यालयों के बच्चों को स्कूल की अनुमति के आधार पर मुफ्त सफारी कराई जाएगी।



### मानिकपुर से ऑटो या कार से पहुंच सकते हैं प्रवेश द्वार

रानीपुर टाइगर रिजर्व तक पहुंचने के लिए मानिकपुर जंक्शन सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन है। यह रिजर्व से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ट्रेन से यात्रा करने वाले पर्यटक मानिकपुर स्टेशन से ऑटो या कार किराए पर लेकर मारकुंडी स्थित टाइगर रिजर्व के प्रवेश द्वार तक पहुंच सकते हैं। बस से आने वाले यात्रियों के लिए चित्रकूटधाम कर्वी बस स्टैंड सबसे नजदीकी पड़ाव है। यहां से टाइगर रिजर्व की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है।

### रात्रि विश्राम के लिए स्वीट काटेज' बनाए गए हैं

वन विभाग ने यहां आने वाले सैलानियों के लिए सफारी वाहनों, प्रवेश, कैमरा और ठहरने की व्यवस्था के लिए नए नियम और शुल्क निर्धारित किए हैं। वन विभाग ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पर्यटक जंगल की सुंदरता, वन्यजीवों और ईको-टूरिज्म का अविस्मरणीय अनुभव लेकर जाएं। सफारी वाहनों के लिए वन विभाग में 5000 रुपये का पंजीकरण अनिवार्य है। जिप्सी सफारी के लिए भारतीय पर्यटकों को 2500 रुपये का शुल्क देना होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क 80 रुपये और विदेशी पर्यटकों के लिए 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। कैमरा ले जाने पर भारतीय पर्यटकों को 450 रुपये और विदेशी पर्यटकों को 1800 रुपये का शुल्क देना होगा। व्यावसायिक शूटिंग के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति के साथ 8500 रुपये का शुल्क अनिवार्य है। पर्यटकों के ठहरने के लिए किहुनिया क्षेत्र में चार आकर्षक स्वीट कॉटेज बनाए गए हैं। इन कॉटेज का प्रति रात किराया भारतीय पर्यटकों के लिए 3000 रुपये और विदेशी पर्यटकों के लिए 6000 रुपये तय किया गया है, जहाँ वे जंगल की शांति का अनुभव कर सकते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई जनसमस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



शासन के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

तहसील सभागार कर्वी में नवागंतुक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निस्तारण आख्या को देखा तथा प्रार्थना पत्र लेकर आएं फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि उसे निस्तारण से संतुष्टि हो सके। कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। कहा कि जमीन से संबंधित विवादों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण कराएं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से अपने कार्यालय पहुंचे एवं जनसुनवाई करें। कहा कि समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों से साथ अच्छा व्यवहार करें। निर्देशित किया कि आईजीआरएस का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही कहा कि शासन स्तर से संबंधित लम्बित प्रकरण से अवगत कराएं। बारिश के कारण किसानों को हुए फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने के भी निर्देश दिए। इस दौरान प्राप्त कुल 57 प्रार्थना पत्रों में से आठ का निस्तारण मौके पर किया एवं शेष के लिए सम्बन्धितों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में मऊ तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व मऊ उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 70 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

राजापुर में उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव, क्षेत्राधिकारी राजकमल व तहसीदार भारत प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 60 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौके पर किया गया। इसके अलावा मानिकपुर तहसील में उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने समस्याएं सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्राप्त कुल 32 प्रार्थना पत्रों में से एक का निस्तारण मौके पर किया गया।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



तिंदवारी रोड़ स्थित मां पीतांबरा मंदिर प्रांगन एकादशी के अवसर पर खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन शनिवार, 1 नवंबर 2025 को हुआ। रामलीला मैदान महेश्वरी देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी।श्रद्धालुओं ने भगवान श्याम के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ कथावाचक नवलेश दीक्षित ने किया।मंदिर परिसर को सुंदर फूलों और दीपों से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की शोभा बढ़ गई। भक्त %जय श्री श्याम% के जयघोष के साथ भक्ति में लीन होकर झूम उठे।इस अवसर पर प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे जनपद में एकादशी और श्याम जन्मोत्सव को लेकर दिनभर श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का प्रतीक भी बना।

महेश्वरी देवी मंदिर बलखडी नाका झंडा चौराहे कोतवाली चौंक बाजार गुलर नाका बाबुलाल चौराहे कालु कुआं मंडी समिति तिंदवारी रोड़ मां पीतांबरा मंदिर में गाजे-बाजे के साथ पहुंची।इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मालती बासु, स्वर्ण सिंह सोनू, रजत सेठ, पप्पू शिवहरे, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता सुधीर तिवारी, केके गुप्ता,राजू त्रिपाठी, अमित गुप्ता मोंटू गुप्ता,जीतू गुप्ता,नवीन प्रकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता विमला यादव रूबी गुप्ता,सगीता शिवहरे अंकित बासु,प्रभा गुप्ता,आशु सेन, सुमन यादव,प्रियंका,उर्मिला,सुमन साहु,राधा, मोहनी,सुनीत शैल, अर्पिता, पुनीत गोस्वामी, अभय सिंह,धर्मेंद्र कुमार,सुमित कुशवाहा हरिशंकर चौरसिया,मनोज जैन अमित सेठ,पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज,सोहन कुशवाहा,संतोष यादव, सुनील सक्सेना,मनोज,पिंटू ,राहुल, शिवम,अजय,सचिन,शिवकुमार बड़कू भइया आदि मौजूद रहे।

# सकरौहा की सड़कें बनीं कीचड़ का दरिया!

## स्वच्छता अभियान के दावों की खुली पोल, अधिकारी चैन से कुर्सी पर, जनता परेशान



**जन एक्सप्रेस । हेमनारायण हेमू**

■ **मानिकपुर ब्लॉक के सकरौहा गांव में दुर्गम सड़कों से जनता बेहाल, स्कूली बच्चों और मरीजों का निकलना हुआ मुश्किल – प्रधान शहर में, सचिव मौन, और अधिकारी बेफिक्र**

**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट के मानिकपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरौहा में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। गांव की सड़कें कीचड़ से पट चुकी हैं – हालत यह है कि पैदल निकलना तो दूर, अगर किसी मरीज को अस्पताल ले जाना पड़े तो लोगों की दुर्गति तय है। स्कूली बच्चों को रोजाना इस कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, उनके कपड़े रोज गंदे हो जाते हैं, लेकिन प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी। गांव के लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के प्रधान चुनाव जीतने के बाद शहर में शिफ्ट हो गए, अब न गांव की खबर लेते हैं, न जनता की सुनते हैं। वहीं ग्राम सचिव और मानिकपुर बीडीओ भी अपनी आरामदायक कुर्सी पर चैन से बैठे हैं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन सुनवाई के नाम पर केवल आश्वासन मिला।योगी सरकार के स्वच्छता अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के सारे दावे यहां बेमानी साबित हो रहे हैं। जगह-जगह पानी भरा है, मच्छरों का बोलबाला है, और गंदगी का आलम ऐसा कि लोगों का गांव में रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या गांव में रहना अब गुनाह हो गया है? अधिकारी जनता के टैक्स पर ऐश कर रहे हैं, लेकिन गांव की दुर्दशा पर किसी की नजर नहीं।÷कागजों में गांव चमक रहा है, हकीकत में कीचड़ में डूबा है यही है सकरौहा की सच्चाई।

# पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ ने आदर्श मिश्रा को बनाया प्रदेश संगठन मंत्री

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ द्वारा शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के कार्य पर चर्चा करते हुए उद्देश्य के बारे में बताया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम ने कहा कि पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ की प्रतिबद्धता है कि कोई भी व्यक्ति देश में भूखा न रहे। जिसके लिए संगठन द्वारा कई कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। बताया कि देश के ग्रामीण विकास से जुड़ी सभी समस्याओं के निदान व उन्नयन के लिए देश की सरकारें पंचायती राज व्यवस्था के लिए प्रेरित रहे। जिसके प्रति सरहार का सहयोग करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान ग्राम घुनुवा निवासी आदर्श मिश्रा को उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश संगठन मंत्री का मनोनयन का पत्र सौंपा गया। इस मौके पर भाजपा के सह जिला मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, विकास मिश्रा दीपू, ग्राम प्रधान पियरिया माफी योगेंद्र शुक्ला, ग्राम प्रधान गौहानी कला सुखेंद्र सिंह मधुर, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र शुक्ला, प्रतिनिधि ग्राम प्रधान शिवरामपुर प्रमोद जायसवाल, छात्र नेता आनंद जायसवाल, दिनेश जायसवाल, कमलेश जायसवाल, डॉ प्रदीप जायसवाल, व्यापारी नेता सूर्य प्रकाश, बब्बू अग्रहरि, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अमन पटेल आदि मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग के चलते मां ने डांटा तो युवती ने जहर खाकर दी जान

**बांदा।** प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खाकर जान दे दी। मां का आरोप है कि पड़ोस का रिश्ते में भाई लगने वाला युवक उसकी बेटी को जबरन साइकिल में बैठाकर खेत ले गया था। उसने वहां उसकी बेटी की मांग भर दी। शंकर जी के मंदिर में सात फेरे भी ले लिए। जब बेटी वापस आई तो उसने अपनी मां को बताया। इस पर मां युवक के घर उलाहना लेकर पहुंची। उसके बाद मां ने अपनी बेटी को डांट कर कहा कि वह उसके साथ शादी नहीं होने देगी।

# पात्रों तक पहुंचाएं सरकारी योजनाओं का लाभ: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



नवागन्तुक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को कलेक्टरेट स्थित चैबर में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास कार्यों, पुलिस प्रशासन, भौगोलिक स्थिति आदि की जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुँचाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही जनसुनवाई, कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि टीम भावना से कार्य करें ताकि जनपद के सर्वांगीण विकास में तेजी लाई जा सके। इसके पूर्व नवागंतुक जिलाधिकारी को कलेक्टरेट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी राजापुर राकेश कुमार पाठक, अपर उपजिलाधिकारी अजय यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन आदि मौजूद रहे।

## आज जनपद के तीन केन्द्रों में होगी डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गयाप्रसाद बौद्ध ने बताया कि युवा एवं बाल विकास समिति अन्तर्गत दो नवंबर रविवार को डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बताया कि यह परीक्षा जनपद के तीन केंद्रों एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी, सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप व उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर राजापुर में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए राजबहादुर वर्मा को एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी, मुन्नी लाल शाक्य को सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप, जाहर सिंह एवं गणेश शंकर विद्यार्थी को उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर राजापुर का केंद्र प्रभारी बनाया गया है।

बताया कि डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में परीक्षा जाती है। जिसमें सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 8000 रुपए, तृतीय स्थान करने वाले को 6000 रुपये तथा 10 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रुप में 1,500 रुपये एवं शील्ड प्रदान की जाती है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 9,000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7,000 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5,000 रुपये तथा सांत्वना पुरस्कार के रुप में 10 विद्यार्थियों को 1,000 रुपये व शील्ड प्रदान की जाती है। बताया कि परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए डॉ पीएन बौद्ध को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। बताया कि परीक्षा में मोबाइल फोन, केलकुलेटर डिवाइस सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान, पुस्तकें, नोट्स पर प्रतिबंध रहेगा।

# पैरामेडिकल कालेज व नर्सिंग स्कूल में आयोजित हुआ लैंप लाइटिंग व ओथ सेरेमनी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




दिनांक 1 नम्बर दिन शनिवार को पैरामेडिकल कालेज व नर्सिंग स्कूल नरैनी रोड तिंदवारा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बी0एससी0 (नर्सिंग) जी0एन0एम0,ए0एन0एम0 एवं डी0पी0टी0 प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को अपने कार्य के प्रति ईमानदार व मरीजों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गई।बी0एससी0 (नर्सिंग) द्वितीय तृतीय व फाइनल वर्ष,जी0एन0एम0 द्वितीय व फाइनल वर्ष ए0एन0एम0 द्वितीय वर्ष तथा डी0पी0टी0 द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने अपने जुनियर्स का कालेज में स्वागत किया एवं छात्र/छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सपथ ग्रहण समारोह में समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 सुशील कुमार कौशल (प्राचार्य रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज) एवं अति विशिष्ट अतिथि डा0 भूपेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डा0 पंकज सिंह अतिथि डा0 टी0आर0 सरसैया,डा0देव,डा0तनवीर हुसैन,डा0मज्जूद,डा0निकिता गौड़,आदि ने कार्यक्रम में सिरकत की इसकी जानकारी चेयरमैन मकबूल अली खान और डायरेक्टर जरीना खान ने दी।इस कार्यक्रम में कालेज का सभी स्टाफ प्रिंसिपल मोनालिसा होरो,(प्रिंसिपल डी0पी0टी0) डा0 ज्ञान प्रकाश,डा0प्रदीप,मंशूर अली खान,मंजूर अली खान, मनोज त्रिपाठी,डा0पारूल,डा0 विनीता, स्मृति नंद,सीमा खान,समीम खान, जितेन्द्र कुमार,भारिया अहमद, राधेश्याम,शाहिदा, प्रियांशु, शिवाकांत,फैजान मसूदी,सलमा खातून,पूनम स्वप्निल,मालती गरिमा,आलिया,अनस,विवेक,अनुभा, हरीदास,अजीत,अहमद, सद्दाम,अख्तर अली,अंसारूद्दीन आदि मौजूद रहे।

# वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर को अपने ही अधिकारी डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन आफीसर से सुरक्षा की जरूरत क्यों आन पड़ी

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**





वन स्टाप सेन्टर समाज में हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं के लिये सरकार की एक बेहतरीन योजना है। इस योजना के जरिये हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को एक ही जगह पर इमरजेंसी और सामान्य मदद और सुरक्षा देने का काम किया जाता है। लेकिन अब मदद देने वाले वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर को ही सुरक्षा की जरूरत क्यों आन पड़ी है। ये एक बड़ा सवाल है? जी हाँ! सारा मामला वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर मोनिका गुप्ता और जिला प्रोबेशन आफिसर राजीव सिंह से जुड़ा है। मैनेजर अपने अधिकारी डीपीओ से असुरक्षित होने का दावा कर रही हैं। जबकि प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह का कहना है कि मैनेजर अपने खिलाफ होने वाली कार्यवाही से बचने के लिये उन पर झूठा और मनगढंत इल्ज़ाम लगा रही है, क्योंकि महिला मैनेजर के खिलाफ पहले भी शिकायतें आ चुकी हैं, जिनकी जांच अभी विचाराधीन है, जबकि कुछ वक्त पहले एक मामले में सेन्टर की सुपुर्दगी में आई पीड़ित युवती ने सेन्टर में खराब व्यवस्थाओं का इल्ज़ाम लगाते हुये नाराज होकर खुदकुशी करने की कोशिश तक की थी, जिसे आननफान में सेन्टर प्रबंधन ने जिला अस्पताल में एडमिट कराया था। हालांकि इस मामले में सेन्टर मैनेजमेंट की तरफ से कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया गया था। वही इस मामले में अभी जिला प्रशासन खामोश नजर आ रहा है। जबकि बिना जांच के इस मामले का खुलासा होना मुश्किल ही नहीं, बल्कि न मुमकिन नजर आ रहा है।

# दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बदलते प्रतिमान विषय पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान, इंडियन डेंटल एसोसिएशन-यूके तथा सेवा-यूके के संयुक्त तत्वावधान में धर्मनगरी में 'दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बदलते प्रतिमान' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को जटिल दंत समस्याओं के इलाज की बारीकियों की चर्चा की गई।

इंग्लैंड के डॉ. कैरी बोपिया द्वारा ऑटोजेनस 3डी बोन ग्राफ्टिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। दंत चिकित्सा में स्माइल डिजाइनिंग पर मुंबई के डेंटिस्ट डॉ संदेश मयेकर ने बताया कि मुस्कुराहट एक स्वाभाविक गुण है। मुस्कुराहट स्वाभाविक होती है इसे बनाया नहीं जा सकता। फूल की मुस्कुराहट स्वाभाविक है जबकि कोहिनूर की बनावटी है। मुस्कुराहट दंत चिकित्सा के तत्वों पर निर्भर रहती है मुस्कुराहट के लिए जीभ की बड़ी भूमिका होती है, इसका साइज सही अनुपात में होना चाहिए। सही एवं योजना बंद्ध तरीके से निदान किया जाए तो पूर्ण मुस्कुराहट लाई जा सकती है। यूके इग्लेंड के डॉ. अशोक सेठी द्वारा प्रत्यारोपण दंत चिकित्सा में प्रकृति की नकल पर तथा लंदन के सीनियर डेंटिस्ट नरेश शर्मा द्वारा चित्रकूट में चलाए गए क्लेफ्ट और बर्न सर्जरी में सफलता, दंत चिकित्सा और सामुदायिक देखभाल के बीच सेतु के निर्माण आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। डॉ शर्मा ने बताया कि आरोग्य धाम दंत चिकित्सा के माध्यम से आयोजित कैंपों में जन्मजात दोषों, चोटों या बीमारियों के कारण कटे-फटे क्षतिग्रस्त त्वचा को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे शरीर के अंगों के कार्यप्रणाली को पुनः ठीक करके उसे बहाल किया जा सके और मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके उसके आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सके।

आरोग्यधाम के वरिष्ठ दंतचिकित्सक डॉ वरुण गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाएं जा रहे दंत शिविरों पर अपने अनुभवों को रखते हुए यहाँ की प्रमुख आवश्यकताओं और कठिनाइयों पर ध्यान केंद्रित किया। बताया कि आरोग्य धाम का दंत चिकित्सा विभाग विगत 25 वर्षों से कार्य कर रहा है। लगभग बीस हजार मरीज प्रतिवर्ष दंत चिकित्सा में पंजीकृत होते हैं। 2018 से आईडीए यूके भी अपनी सेवाएं चित्रकूट प्रोजेक्ट में दे रहा है।

इस मौके पर दंत चिकित्सा की नवीनतम

## नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म के गुनाहगार को सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ दस हजार का जुर्माना

जन एक्स्प्रेस/हमीरपुर। राठ में 18 जून 2016 को नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के साथ ही दुष्कर्म करने के मामले में युवती की पीड़ित माँ की तरफ से मु0अ0सं0–250/2016 धारा–363,366,376 भा0द0सं0 सहित 4 पॉक्सो एक्ट के तहत थाना डकोर जिला जालौन निवासी अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र रूपनाथ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्पेशल पास्को अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त जितेन्द्र को गुनाहगार मानते हुये सात साल की सख्त सजा के साथ ही दस हजार का किया जुर्माना। मामले की जांच तत्कालीन इंस्पैकटर अवनेन्द्र सिंह ने की, जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में एडीजीसी अवधनरेश सिंह चन्देल ने दमदार पैरवी करते हुये अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# दलहन उत्पादन के क्षेत्र में बुन्देलखण्ड को स्वावलम्बी बनाने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस । 9.972 ष्द**

भारत सरकार की मंशा देश दलहन उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलंबी बने और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का चित्रकूट दलहन का कटोरा कहा जाने वाला यह भूभाग पुनः दलहन के क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित करें। इसी क्रम में शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गनींवा द्वारा ग्राम पंचायत पैकौरा के किसानों को मसूर का प्रदर्शन कर बीज वितरित किए गए।

कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडलेजी ने किसानों को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में उत्पादन के साथ बीज उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया गया। कहा किसान के खेत में पैदा होने वाला अन्न का एक-एक दाना कभी बीज के रूप में और कभी अनाज के रूप में हमारे सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमिताभ वशिष्ठ के द्वारा किसानों को दलहन उत्पादन के साथ दलहनी फसलों का प्रसंस्करण एवं भंडारण पर भी जोर देने के लिए कहा गया। उन्होंने किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से जुड़कर अधिक से अधिक दलहनी फसलों के उत्पादन एवं उनके प्रसंस्करण की सम्पूर्ण विधा का तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्राम पैकौरा के 37 कृषकों को बीज का प्रदर्शन कर वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि इस वर्ष केंद्र द्वारा दलहन स्वावलंबन के अंतर्गत 8-10 ग्राम केन्द्रों में लगभग 200 हेक्टेयर का दलहन उत्पादन का कार्यक्रम चलाया जायेगा।

# पुलिस ने यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान माह नवम्बर का किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शासन के मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 01 नवम्बर को जनपद में ÷यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर-2025÷ को शुभारम्भ किया गया। इस दौरान खूंटी तिराहा रामलीला मैदान से मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस0 द्वारा यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया।यातायात जागरुकता माह के दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टॉक के नेतृत्व में सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा। कार्यक्रम में बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरुकता रैली निकाली गई। मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना केवल पुलिस एवं प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें नागरिकों का भी कर्त्तव्य है कि वे नियमों का पालन कर एक सभ्य एवं शिक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट के खिलाड़ी बिना जोखिम लिए खेलते समय हेलमेट का प्रयोग कर दुर्घटना को रोकता है उसी प्रकार वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग दुर्घटना के समय हमारे शरीर के मुख्य अंग सिर को आघात से सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधन में कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष तकरीबन दो लाख से अधिक लोगों की दुःखद मृत्यु हो जाती है, जो किसी भी अन्य आपदा से होने वाली कैजुअल्टी से कई गुना अधिक है।ऐसे में हम सबको साथ मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना होगा।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 02 नवंबर, 2025






**लाल झंडे की जगह शान से लहरा रहा तिरंगा...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर रजत महोत्सव का उद्घाटन किया। मोदी ने पीएम आवास योजना के 5 हितग्राहियों को चाबियां सौंपी। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ी में भाषण की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि जम्मो भाई-बहनी, लइका... पढ़ें पेज 12 पर...

## बसपा की बैठक : मायावती ने पिछड़ा वर्ग समाज का सहयोग मांगा, बोलीं
# अपर कास्ट राजनीतिक रूप से मजबूत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ में बसपा अध्यक्ष मायावती ने पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने उनका आर्थिक सहयोग और वोट का सहयोग मांगा। बैठक में कहा कि अपर कास्ट राजनीतिक रूप से मजबूत है। लिहाजा वह अपना हित देख खुद बसपा से जुड़ जाएगा। ओबीसी समाज बसपा के बैनर तले सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने के लिए जितनी जल्दी संगठित होगा। उनके अच्छे दिन उतनी जल्दी आएंगे। बसपा सुप्रीमो ने संगठन की जिलावार प्रगति रिपोर्ट लेने के बाद कहा, ओबीसी समाज विभिन्न जातियों में टूटा व बिखरे है। इनमें से कुछ के अलग से पार्टी व संगठन आदि बनाने के कारण इनकी एकता व एकजुटता प्रभावित है। जिसका लाभ जातिवादी पार्टियां चुनाव में उठाती रहती हैं। बसपा जाति के आधार पर सदियों से सताए जा रहे इन लोगों को 'बहुजन समाज' से जोड़कर अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए संघर्षरत है, जो कि देश के लोकतंत्र की सुरक्षा तथा देशहित में भी जरूरी है।

### सबका बने वोटर कार्ड

बसपा सुप्रीमो ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की गाइडलाइन को पूरा करने को कहा, ताकि सभी मतदाताओं का वोटर कार्ड बनवाया जा सके। वहीं, अपर कास्ट के बारे में कहा कि यह समाज राजनीतिक तौर पर जागरूक हो चुका है। इनको जोड़ने के लिए अलग से भाईचारा संगठन बनाने की जरूरत नहीं है। यह समाज बसपा में अपना हित सुरक्षित होते देखकर खुद ही पार्टी से जुड़ जाएगा।

### बसपा की बामसेफ ही असली

उन्होंने बामसेफ के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से कहा कि यह राजनीतिक संगठन या पार्टी नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे कर्मचारियों का एक सामाजिक संगठन है, जिनका प्रमुख कार्य अपनी सुविधानुसार बहुजन समाज के लोगों में सामाजिक चेतना पैदा करना है। सबसे पहले इस संगठन (बामसेफ) की कांशीराम ने स्थापना की थी, जो पंजीकृत नहीं है। यही असली बामसेफ भी है। इस संगठन के लोग मुझसे मिलकर अपनी इस जिम्मेदारी को निभाते रहते है। अनेकों बनी पंजीकृत बामसेफ स्वार्थी व अवसरवादी लोगों की है, जिनसे कांशीराम ने अपने जीते-जी हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी थी। ऐसे में इनकी अलग बैठक बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

## डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में उतरे प्रदेश भर के प्राथमिक शिक्षक, बीएसए जारी कर रहे हैं वेतन रोकने का आदेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल अटेंडेंस को लेकर की जा रही सख्ती को लेकर विरोध शुरू हो गया है। एक तरफ बेसिक शिक्षा विभाग हर दिन का डाटा जारी कर इसमें गति लाने के निर्देश दे रहा है तो दूसरी तरफ शिक्षकों ने इसके विरोध में शनिवार को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इसके माध्यम से उन्होंने इस निर्णय को निरस्त करने की मांग उठाई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के बैनर तले विरोध-प्रदर्शन कर शिक्षकों ने कहा कि जिलों में अटेंडेंस न अपलोड करने पर बीएसए शिक्षकों का वेतन रोकने व कार्यवाही करने का आदेश जारी कर रहे हैं। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है। मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन में शिक्षकों ने इसकी व्यवहारिक दिक्कतें बताते हुए इसे स्थगित करने की मांग की है। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी में कई तरह की समस्याएं आ रही हैं। ग्रामीण परिवेश में अक्सर नेटवर्क की समस्या रहती है। एक ही समय पर प्रदेश भर के बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी देने से ऐप के चलने में समस्या आती है। जूनियर हाई स्कूल की बालिकाओं की फोटो के साथ ऑनलाइन हाजिरी देना भी सही नहीं है। कभी-कभी मौसम खराब होने से बच्चों की उपस्थिति काफी कम भी हो जाती है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि पिछले साल शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी से आहत शिक्षकों ने व्यापक विरोध किया था। इसको देखते हुए तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। इसमें तय हुआ था कि समिति डिजिटल अटेंडेंस पर अपनी रिपोर्ट देगी तब तक ऑनलाइन हाजिरी को स्थगित रखा जाएगा। अभी तक उसकी किसी भी प्रकार की रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। इसके बाद भी डिजिटल अटेंडेंस पर दबाव बनाया जा रहा है।

## 5 लाख का सोना लेकर कर्मचारी फुर्र, मालिक ने दर्ज कराया केस, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद थाना क्षेत्र स्थित जेवर कारखाने में काम करने वाला कर्मचारी सूरज गोस्वामी 400 ग्राम सोना लेकर भाग गया। वह बाराबंकी के घुंघटेर गोसाईनपुरवा का रहने वाला है। कारखाना के मालिक ने उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल निवासी तपन मन्ना मौजूदा समय में अमीनाबाद के जूते वाली गली में किराये के मकान में रहकर जेवर बनाने का कारखाना चलाते हैं। उनके मुताबिक, सूरज उनके कारखाने में काम करता था। 24 अक्तूबर को तपन अपने एक दोस्त के घर दावत में गए थे। रात करीब 11.30 बजे जब वह लौटे तो सूरज गायब था। कारखाने का सारा सामान बिखरा हुआ था। सामान मिलाने पर तपन को 400 ग्राम सोना (18 कैरेट) गायब मिला। उन्होंने फौरन सूरज को फोन किया। इस पर उसका मोबाइल फोन बंद था। 26 अक्तूबर को तपन सूरज के गांव भी गए तो पता चला कि सूरज घर नहीं आया है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि तपन की तहरीर पर शुक्रवार को सूरज के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस सूरज की तलाश में लगी है। पीड़ित के अनुसार गायब हुए सोने की कीमत करीब 35 लाख रुपये है।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा : वाराणसी की बनारसी साड़ी और मलिहाबादी लंगड़ा आम पर पूछे सवाल



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने ऑनलाइन आवेदन के दो साल बाद कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा आयोजित की। राजधानी के 47 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के लिए 20 हजार 36 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 11 हजार 981 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल 8 हजार 55 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में प्रतिबंधित इलेक्ट्रिक समान, खाने का सामान, ज्वेलरी, घड़ी व अन्य वस्तुएं साथ में ले जाने पर प्रतिबद्ध था। राजधानी में परीक्षा देने पहुंचे प्रतापगढ़ निवासी शिवम आदित्य ने बताया कि साल 2023 में कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन हुए लेकिन, विभाग की ढिलाई की वजह से दो साल बाद परीक्षा हो सकी। परीक्षा में इंटरमीडिएट के साथ ही डिप्लोमा इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, पीजीडीसीए, सीसीसी, ओ लेवल व अन्य तकनीक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी योग्य थे।

### आशंका...इसलिए अधिक अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

भर्ती बोर्ड की ओर से जारी नोटिस में यह स्पष्ट किया गया था कि अगर किसी भी अभ्यर्थी के आवेदन में कोई भी प्रमाण पत्र गलत पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा से भी बाहर कर दिया जाएगा। एक्सपर्ट के मुताबिक आशंका है कि परीक्षा में आवेदन करने वाले तमाम लोगों ने कुछ गलत दस्तावेज लगाए थे। इसलिए शामिल नहीं हुए। इसमें ट्रिपल सी, डिप्लोमा इंजीनियरिंग व पीजीडीसी व अन्य तकनीकी कोर्स के प्रमाण पत्र हो सकते हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी करा रहे अभिनव पाठक ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों के अनुपस्थिति होना चिंताजनक है।

### वाराणसी की बनारसी साड़ी व मलिहाबादी लंगड़ा आम पर पूछे गए सवाल

चंदौली से परीक्षा देने पहुंचे संदीप यादव ने बताया कि दो घंटे की प्रतियोगी परीक्षा में कुल 160 बहुविकल्पीय सवालों का जवाब देना था। परीक्षा में लखनऊ महिलाबाद के प्रसिद्ध आम का जिक्र हुआ। सवाल था कि लंगड़ा कौन से फल का किस्म है। इसके अलावा वाराणसी की बनारसी साड़ी पर भी सवाल पूछे गए।

### संविधान, साइबर सुरक्षा, कंप्यूटर व पारिवारिक रिश्तों पर सवाल

कानपुर की गीतांजलि ने बताया कि पुलिस भर्ती कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा में सामान्य अध्ययन, सामान्य ज्ञान, गणित, रीजनिंग, विज्ञान और कंप्यूटर विषय से सवाल पूछे गए। पिछली परीक्षा में नंबरिंग से जुड़े सवाल ज्यादा थे लेकिन, इस बार ऐसे प्रश्नों की संख्या कम थी। परीक्षा में संविधान, साइबर सुरक्षा, कंप्यूटर के पार्ट व इसके कार्य, पारिवारिक रिश्ते सहित अन्य विषयों से सवाल किए गए।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने देखा बदलापुर महोत्सव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- 36 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद
- विकास का हर कार्य जनता की सुविधा और सम्मान के लिए समर्पित है : शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने बदलापुर महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर जनसमुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इन परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति, इंटरलॉकिंग मार्ग, ओपन जिम, पुस्तकालय, पार्क व मूर्ति स्थापन, सीवरेज, जल निकासी, नाला निर्माण और सीसी रोड निर्माण जैसे जनसुविधा से जुड़े कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और आम जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में बाबूगंज में नए विद्युत सबस्टेशन बनाने की घोषणा की।

बदलापुर महोत्सव के मंच से मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि जनभावनाओं, सामाजिक एकता और विकास का संगम है। उन्होंने कहा कि जौनपुर सदियों से संस्कृति, शिक्षा और समाज सेवा की धरती रही है, और आज यह महोत्सव उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।उन्होंने कहा कि महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह बताता है कि जनता की एकजुटता और प्रशासन की प्रतिबद्धता मिलकर क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई दे सकती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के सम्मान से जुड़ी सामाजिक पहल है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर जनपद, हर नगर और हर गांव विकास और स्वावलंबन का मॉडल बने। बदलापुर महोत्सव जैसी पहलें सांस्कृतिक गौरव और विकास की भावना को एक साथ जोड़ती हैं।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने की माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा

- स्वच्छता कर्मियों व मिशन शक्ति वॉलेंटियर्स को किया प्रोत्साहित
- बिना वजह कनेक्शन काटने वालों को करें सस्पेंड: शर्मा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज प्रवास के दौरान सर्किट हाउस सभागार में बैठक कर आगामी माघ मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाएँ समयबद्ध, व्यवस्थित जनसुविधा केंद्रित रूप में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महाकुंभ 2025 को सकुशल संपन्न कराने में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की भूमिका सराहनीय रही है। उल्लेखनीय कार्यों के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने मंत्री एके शर्मा का सम्मान किया और उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों विशेषता महाकुंभ में सफाई व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की प्रशंसा की। जिस प्रकार महाकुंभ के दौरान स्वच्छता कार्यों की सराहना पूरी दुनिया ने की, उसी तरह की उत्कृष्ट तैयारियाँ माघ मेला में भी सुनिश्चित की जाएं। श्री शर्मा ने इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों और मिशन शक्ति वॉलेंटियर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनकी सेवा भावना और समर्पण से ही स्वच्छता की यह पहचान बनी है। जनप्रतिनिधियों ने मंत्री जी से मांग की है कि ने नगर निगम घरों के कर भुगतान हेतु ÷ओटीएस सिस्टम÷ वन टाइम सेटलमेंट लागू करने के लिए अनुरोध किया, जिससे नागरिक आसानी से अपना हाउस टैक्स जमा कर सकें।ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने चीफ इंजीनियर को यमुना पार क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। खुले इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स को तुरंत सुरक्षित ढंग से कवर किया जाए ताकि जन सुरक्षा बनी रहे।उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना वजह छोटे उपभोक्ताओं को परेशान करने वाले या कनेक्शन काटने वाले विद्युत कर्मियों को तत्काल सस्पेंड किया जाए।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि नव विस्तारित क्षेत्रों के ऊर्जा संबंधी कार्यों हेतु नगर विकास विभाग द्वारा ऊर्जा विभाग को लगभग 1000 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई है, उसके संबंध में उन्होंने सही और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। माघ मेला प्रदेश की आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता की पहचान है। इसलिए हर स्तर पर व्यवस्थाएँ ऐसी हों जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और प्रयागराज एक बार फिर 'स्वच्छता और सेवा' का आदर्श मॉडल बने।इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियो के अलावा विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रसार भारती चेयरमैन नवनीत सहगल बने गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी क्रिकेट एसोसिएशन ने कानपुर में हुई सालाना आम बैठक में नौ नए पदाधिकारियों को शामिल किया, जिससे लखनऊ का रुतबा बढ़ गया। सबसे बड़ी बात प्रसार भारती के चेयरमैन और पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. नवनीत सहगल का महिला क्रिकेट गवर्निंग काउंसिल काचेयरपर्सन के तौर पर अपॉइंटमेंट था। अपॉइंटमेंटयूपीसीए के पुरुषों के लिए सफल यूपी टी 20 लीग के बाद महिलाओं की टी 20 लीग के बड़े प्लान का हिस्सा है। नवनीत सहगल की लीडरशिप में लीग टैलेंट को आगे बढ़ाएगी और उत्तर प्रदेश को नेशनल महिला क्रिकेट में एक लीडिंग राज्य के तौर पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। यूपीसीए के सीनियर अधिकारी के मुताबिक, नवनीत सहगल का अनुभव और विज़न महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। डॉ. नवनीत कुमार सहगल उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी के सबसे असरदार लोगों में से एक हैं। 1963 में पंजाब के फरीदकोट में जन्मे सहगल ने शुरुआती पढ़ाई अंबाला और हरियाणा के भिवानी में की। 1988 बैच के आईएएस ऑफिसर के तौर पर 35 साल तक सर्विस की, जो जुलाई 2023 में खत्म हुई। रिटायरमेंट के बाद भी उनका करियर बना रहा। मार्च 2024 में उन्हें भारत सरकार ने प्रसार भारती का चेयरमैन बनाया, जहाँ वे देश के सबसे बड़े पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो की देखरेख करते हैं।पॉलिटिकल बदलाव की आंधी में भी सहगल का करियर स्थिर रहा। मायावती सरकार में लखनऊ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और उनके प्रिंसिपल सेक्रेटरी के तौर पर काम किया। अखिलेश यादव के समय में उन्होंने मीडिया और पब्लिक रिलेशन्स को फिर से ज़िंदा किया। योगी आदित्यनाथ सरकार में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के तौर परइन्फॉर्मेशन, स्पोर्ट्स और यूथ वेलफेयर ,एमएसएमई डिपार्टमेंट संभाले, ÷वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट÷ जैसी स्कीमों को बढ़ावा दिया। यूथ एम्पावरमेंट पर फोकस किया। डॉ. सहगल के अलावा पूर्व इंटरनेशनल महिला क्रिकेटर प्रियंका शैली को महिला क्रिकेट गवर्निंग काउंसिल काचेयरपर्सन बनाया गया। लखनऊ में महिला क्रिकेट की लंबे समय से प्रमोटर रही शैली लीग का स्ट्रक्चर डेवलप करने के लिए सहगल के साथ काम करेंगी।पूर्व रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया को जूनियर सिलेक्शन कमिटी का चेयरपर्सन बनाया गया।

## साढ़े 17 साल की उम्र में पा ली सरकारी नौकरी, 38 साल बाद खुला राज, अब होगा ऐक्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मेरठ की सदर तहसील में तैनात वरिष्ठ लिपिक ने 17 वर्ष सात माह की उम्र में ही नियम विरुद्ध नौकरी प्राप्त कर ली। नौकरी मिलने के 38 साल बाद हुई जांच में राजफाश हुआ। लिपिक को 2020 में मवाना तहसील में तैनाती के दौरान एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा था। उसकी संपत्तियों की खुली जांच भी एंटी करप्शन द्वारा की जा रही है। लिपिक के नियुक्ति अधिकारी डीएम हैं, इसलिए कमिश्नर ने जांच रिपोर्ट के साथ डीएम को अपने स्तर से कार्रवाई का आदेश दिया है। डीएम ने आरोपित लिपिक को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा है। मीनाक्षीपुरम निवासी सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन ओमबीर सिंह ने सदर तहसील में तैनात वरिष्ठ लिपिक सुल्लड़ सिंह पर फर्जी नियुक्ति और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए 10 बिंदुओं पर शिकायत की थी। मंडलायुक्त ने एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त और मुख्य कोषाधिकारी समेत तीन अधिकारियों की जांच समिति गठित की थी। समिति ने जांच में लिपिक की नियुक्ति में धांधली के आरोप सही पाया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक 30 जून 1987 को सुल्लड़ सिंह की नियुक्ति बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हुई थी जबकि उसके दस्तावेजों में जन्मतिथि एक दिसंबर 1969 अंकित है। नियुक्ति के समय उनकी आयु 17 वर्ष 6 माह 29 दिन थी जबकि नियुक्ति के लिए आयुसीमा 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।समिति ने माना कि नियुक्ति सेवा नियमावली के विपरीत हुई है। 2020 में मवाना तहसील में तैनाती के दौरान एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेते पकड़े जाने, निलंबित किए जाने और उनकी संपत्ति की एंटी करप्शन द्वारा जांच किए जाने की पुष्टि जांच समिति ने की है।जांच में लिपिक की नियुक्ति नियम विरुद्ध पाई गई है। लिपिक के नियुक्ति अधिकारी डीएम हैं। कमिश्नर ने जांच रिपोर्ट के साथ डीएम को अपने स्तर से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। डीएम ने आरोपित लिपिक को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। आरोप लगाया कि उन्होंने लिपिक की 12 संपत्तियों के साक्ष्य एंटी करप्शन को सौंपे हैं।

# मतदाता की सक्रियता से होती है लोकतंत्र की मजबूती : भूपेंद्र सिंह चौधरी

- बीजेपी की बैठक में बनी अभियानो और संगठन की कार्ययोजना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में पार्टी के राज्य मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक दो चरणों में हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और संगठन की भावी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों, भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और मतदाता पुनरीक्षण अभियान, पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, और विभिन्न अभियानों के संयोजक सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भर भारत का जो संकल्प लिया है, वह अब व्यापक जनांदोलन के रूप में आगे बढ़ रहा है। अभियान केवल एक पहल नहीं बल्कि भारत के आत्मसम्मान और स्वावलंबन का अभियान है। आगामी 7 नवंबर को भारत के राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यापक स्तर पर आयोजित सहभागिता करनी होगी। ÷वंदे मातरम÷ केवल गीत नहीं, यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जिसने आज़ादी के आंदोलन में करोड़ों लोगों में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की थी। आज फिर से वही भाव जगाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।÷प्रदेश अध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मतदाता सूची में जोड़ने का संकल्प लेकर अपने बूथों पर सक्रिय हों। लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है, और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी करे। चौधरी ने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे संगठनात्मक सुदृढ़ता, जनसंपर्क और सेवा कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। भाजपा का संगठन सेवा और राष्ट्रहित की भावना पर आधारित है। हम सभी को पार्टी की रीति-नीति और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन अपनी सुदृढ़ संरचना और अनुशासित कार्यशैली के लिए जाना जाता है। प्रत्येक कार्यकर्ता क क्षेत्र में ÷कर्तव्यनिष्ठ और परिणामोन्मुखी कार्यशैली÷ अपनानी चाहिए।वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर ÷सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पुनर्पुष्टि का पर्व÷ है, जिसमें हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वंदे भारत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा 7 नवम्बर से पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। 7 नवम्बर को पूरे प्रदेश में 18 स्थानों पर ÷वंदे भारत÷ अभियान को लेकर एक साथ कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर अभी से हमें अपनी तैयारियां प्रारम्भ कर देनी चाहिए। अभियान का प्रदेश संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी को बनाया गया है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान से पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं अभियान के संयोजको से आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पूरी गंभीरता और निष्ठा से जुड़ने का आह्वान किया। ÷मतदाता पुनरीक्षण÷ केवल एक निर्वाचन प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला को मजबूत करने का अभियान है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि संगठन के प्रत्येक स्तर पर बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल तक किया जाए कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट न रहे। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए योजनापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। बूथ समितियाँ, स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाकर मतदाता सूची के संशोधन, नाम जोड़ने, सुधार और विलोपन की प्रक्रिया में सक्रिय योगदान दें। प्रत्येक कार्यकर्ता यह जिम्मेदारी समझे कि उसके बूथ पर कोई भी पात्र नागरिक मतदान से इसलिए ना वंचित रह जाए कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज ना हो सका। जो लोग किसी अन्य स्थान से आकर आप के बूथ पर रह रहे है उनके नाम पुराने स्थान जहां वो रहते थे वहां से कटकर आपके बूथ की मतदाता सूची में दर्ज हो इसके लिए भी ऐसे नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। संगठन की दृष्टि से यह अभियान एक जनसंवाद एवं जनसंपर्क का अवसर भी है। कार्यकर्ता जब मतदाताओं से संपर्क करें तो उन्हें मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी भी दें। पार्टी की योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचने के लिए कार्यकर्ता सतत सक्रिय रहें। बैठक में प्रदेश में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों व अन्य अभियानों पर भी चर्चा हुई। इन अभियानों और कार्यक्रमों के माध्यम से आगामी दिनों में अधिकाधिक लोगों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी हो इस पर भी चर्चा हुई।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने की जनसुनवाई

## शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हमारी प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी,कर्मचारी के विरुद्ध कठोरकार्यवाही की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।इस दौरान तहसील अमेठी में कुल छत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।तिलोई में चौंतीस शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें चार का निस्तारण किया गया।गौरीगंज में 47 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 06 शिकायत का निस्तारण किया गया,तथा तहसील मुसाफिरखाना में 29 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 5 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इस मौके पर एसडीएम अमेठी आशीष कुमार सिंह,तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खानकाह उर्स में गागर की रस्म अदा की गई

**जन एक्सप्रेस । सलोंनं रायबरेली**

तहसील मुख्यालय सलोंनं के वार्ड मियां साहब का फाटक में स्थित खानकाह नईमि या, करीमिया, में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 148 वा सालाना उर्स में रश्मि गागर आज अदा की गई। यह रस्म गागर सज्जादानशीन शाह अहमद हुसैन की सरपरस्ती में जूलूस निकलकर गागर की रस्म पूरी हुई। जहां तमाम विभिन्न प्रांतो एवं विभिन्न जनपदों से आए जाएरिन को गागर का पानी वितरित किया गया। इस मौके पर डॉ ज़हीर हुसैन जाफरी, मुदस्सिर जाफरी, नसीर जाफरी ,मंसूर जाफरी, सैयद मोबिन अहमद समेत नगर, ग्रामीण अंचल व जनपद एवं अन्य प्रांत से आए बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# सेवा का उजाला फैलाने को तैयार नई नर्सिंग पीढ़ी : डॉ भास्कर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के महामाया मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग, छात्रों के बैच 2025-26 का लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश यादव और नर्सिंग क्षेत्र के भगवान माने जाने वाले डॉ आई. क्लाइमेंट उपस्थित रहे ।

समारोह की शुरुआत फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों ने जलते दीपों के साथ नर्सिंग पेशे के प्रति समर्पण और मानव सेवा की शपथ ली। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. आई क्लाइमेंट ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। नर्सेस रोगियों के जीवन में आशा, करुणा और सहानुभूति की किरण होती हैं। उन्होंने छात्रों को निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे और छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। तथा एकेडमिक और पिछले वर्ष कॉलेज में हुए खेल प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया .। अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया

# आरजीआईपीटी में होने जा रहा 'ऊर्जा संगम, खेल से लेकर विज्ञान सांस्कृतिक एवं सामाजिक महोत्सव

■ छात्र-छात्राएं मोबाइल कल्चर से खेल और पढ़ाई कल्चर में आएं : आचार्य हरीश हिरानी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस बहादुरपुर अमेठी में इस वर्ष ऊर्जा संगम 2025 का प्रेरणादायक आयोजन किया जा रहा है।यह सात दिवसीय महोत्सव 10 से 16 नवंबर तक चलेगा।संस्थान के निदेशक आचार्य हरीश हिरानी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि यह संगम केवल उत्सव नहीं,बल्कि ऊर्जा नवाचार, नेतृत्व विकास और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाला प्रेरणादायी कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि आरजी आईपीटी का उद्देश्य युवाओं को ऊर्जा संरक्षण तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करना है,जिससे भविष्य में देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए नई सोच और समाधान तैयार हों।ऊर्जा संगम में खेल,विज्ञान, संस्कृति,साहित्य,तकनीक और सामाजिक चेतना से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है,जहां वे अपनी प्रतिभा,कौशल और नेतृत्व क्षमता को खुलकर प्रदर्शित कर सकें। महोत्सव में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शतरंज जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसका उद्देश्य छात्रों में टीम वर्क,आत्मविश्वास और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

ऊर्जा संगम तकनीकी और नवाचार पर आधारित उत्सव होगा।इसमें हैकथॉन,रोबोटिक्स प्रतियोगिता,टेक स्टार्टअप प्रदर्शन,इंजीनियरिंग मॉडल प्रस्तुति और तकनीकी क्विज़ शामिल रहेंगे।इसमें देशभर के टेक्निकल संस्थानों के छात्र भाग ले सकते हैं।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच पर नृत्य, संगीत, नाटक, कविता, संगोष्ठी, चित्रकला और साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।यह छात्र-छात्राओं की रचनात्मक क्षमताओं को संवारने का अवसर प्रदान करेगा।तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।इसमें पर्यावरण संरक्षण अभियान, रक्तदान शिविर,एनजीओ सहयोग, वैज्ञानिक प्रदर्शनी और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। निदेशक मंडल ने विश्वास जताया कि ऊर्जा संगम से न केवल छात्रों की ऊर्जा,सृजनात्मक बुद्धिमत्ता,संवेदना और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा,बल्कि शैक्षिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को भी नई दिशा प्राप्त होगी।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जयंती धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'सरदार वल्लभ भाई पटेल' का जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने मुख्य अतिथि डॉ0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एमएलके पीजी को अंगवस्त्र पहनाकर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए सलामी देकर मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक व मुख्य अतिथि ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यापर्ण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्या सैयद इकलाख हुसैन, उप प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने पुष्प अर्पित किया। साथ ही एकता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के प्रांगण में समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शपथ लिया कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा करूँगी। जिसे लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ /करती हूँ। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों के बारे विस्तृत जानकारी दी। प्रबन्ध निदेशक ने बच्चों को बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 गुजरात के नाडियाद में एक किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम झवेरभाई और माता का नाम लाडबा देवी था। भारत में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन को



राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल एक स्वतंत्रता सेनानी थे जो स्वतंत्रता के बाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की शिक्षा का प्रमुख स्त्रोत स्वाध्याय था। उन्होनें लंदन से बैरिस्टर की पढ़ाई की और उसके बाद पुनः भारत आकर अहमदाबाद में वकालत शुरू की। सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। वह भारत की राजनीतिक एकता से समझौता करने के लिए तैयार नहीं थे और उन्होनें संघ के भीतर स्वतंत्र राज्यों के विचार को छेड़ा। अपनी फौलादी इच्छाशक्ति के कारण, उन्हें ''भारत का लौह पुरूष'' भी कहा जाता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण तथा कला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत मरियम, सौम्या, श्रेया, रत्ना, श्रृष्टि, काव्या, अनुष्का ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया साथ ही अखण्ड भारत निर्माता नामक गीत पर एक समूह नृत्य प्रस्तुत हुआ जिसमें आराध्या, आस्था, श्रेयसी, सिमर, काव्या, रिद्धी, अनुष्का, पलक, आकृति, अनुष्का, सौम्या, मरियम, तनय, शशांक, आकर्ष, पुष्कर, अविरल व अभ्युदय ने बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। भाषण के अन्तर्गत स्वरा, अनमोल, अनन्या, मयंक, आस्था, माशू, सांझ, संदेश, आदित्य, उत्कर्ष, अनामिका, अलंकृत एवं प्रीजोत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन परिचय पर अपना-अपना विचार प्रकट किया। कला के अन्तर्गत तनय, आकर्ष, शशांक, मानविक, दिव्यांस, हसंराज, सिफा, यशवर्धन, रूसिदा, मानवी, मरियम, एस0के0 सौर्य, संस्कार, अवन्तिका, आस्था, आव्या, श्रृष्टि एवं रूद्र ने अपने-अपने कला का प्रदर्शन किया। अन्त में प्रबन्ध निदेशक ने आये हुए मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया । बच्चों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति को देखकर समस्त प्रतिभागिओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें छात्राओं के मनमोहक कार्यक्रम को देखकर सराहना की तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### छात्र-छात्राओं को दी नए आपराधिक कानून की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों में छात्र-छात्राओं को नए कानून के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के गोरा बाजार स्थित केंद्रीय विद्यालय में सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार व शहर कोतवाल शिव शंकर सिंह ने छात्र- छात्राओं को भारत सरकार के तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी दी। सीओ ने कानून के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया कि देश में तीन नये आपराधिक कानून लागू हो चुके हैं, इसके तहत कई कानून बदल गए हैं, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे, ब्रिटिश काल के कानूनों का अंत हो चुका है। भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए, इन तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने से न्याय सुगम होगा।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सेंट जेवियर्स स्कूल में किया गया नमन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई । स्कूल में सवेरे सरदार पटेल को समर्पित एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।



जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने स्टूडेंट्स और स्टाफ के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने शब्द सुमन के द्वारा याद किया और राष्ट्रीय एकता दिवस तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उत्साहित किया। छात्रा सुनैना शुक्ला और मोहम्मद माज ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन वृत्तांत, उनके फौलादी फैसलों और इरादों पर प्रकाश डाला। सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित अनेकों जानकारियों को अपने सहपाठियों से साझा किया । उनके द्वारा भारत के नव निर्माण मे लिए गए फैसलों और किए गए महत्व पूर्ण कामों का विस्तार से वर्णन किया । उनके आदर्शों को अपनाए हुए लगन से पढ़ाई और सपनों को सच करने में कड़ी मेहनत से पीछे न हटने की अपील की । प्रिंसिपल असीम ने कहा कि ये उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और अदम्य साहस के कारण ही उनको लौह पुरुष कहा जाता है। उनका ये कहना था कि नेतृत्व केवल भाषण देने में नहीं बल्कि निर्णय लेने और उसे लागू करने में है। सरदार पटेल के कार्यों को भारतवासी और इतिहास हमेशा सम्मान तथा अदब से याद रखेंगे । पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन दिव्यांशी कसौंधन ने बड़े ही प्रभावी ढंग से किया । कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के शिक्षक डी एन शुक्ला, अमन जायसवाल और आकांक्षा मिश्र ने तैयार की।

### धान खरीद के प्रभावी अनुश्रवण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला खाद्य विपणन अधिकारी/अपर जिला खरीद अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद के प्रभावी अनुश्रवण हेतु कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष सभी कार्य दिवसों में (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायंकाल 06:00 बजे तक नियमित रूप से कार्यरत रहेगा। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ सहायक, नौशीन रईस एवं रमेश चन्द्र श्रीवास्तव विपणन सहायक की 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कनिष्ठ सहायक राहुल राय व विपणन सहायक पवन कुमार की ड्यूटी 01 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लगाई गई है।

# एनटीपीसी द्वारा विक्रेता सम्मेलन का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के एनटीपीसी लिमिटेड के टांडा थर्मल पावर स्टेशन के सरगम सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सतर्कता विभाग के संयोजन से विक्रेता सम्मेलन-2025 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्युत गृह के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) आर. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सतर्कता) सुभाष चंद्र सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) हर्ष कुमार सेठी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, तथा अपर महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) कोठापल्ली वेंकटेश्वर चेरी सहित अन्य विभागाध्यक्ष एवं लगभग 100 संविदाकार (वेण्डर) कार्यक्रम में उपस्थित थे।

सम्मेलन के प्रारम्भ में वरिष्ठ प्रबंधक (भंडार) श्रीमती नीति सिंघल जायसवाल ने सरकारी ई-बाजार ( पोर्टल) पर विस्तृत प्रस्तुति दी। तत्पश्चात महाप्रबंधक (सतर्कता) सुभाष चंद्र सिंह ने लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प विषय पर एक जागरूकतापरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि सतर्कता केवल एक विभाग या सप्ताह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी, संविदाकार और व्यावसायिक सहयोगी की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता को अपनाकर ही संस्थान और संविदाकार दोनों की साख एवं कार्यदक्षता को और अधिक मजबूत किया जा सकता है।

इस अवसर पर संविदा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं व्यावसायिक अनुभव साझा किए, जिन पर प्रबंधन द्वारा रचनात्मक संवाद के माध्यम से समाधानपरक चर्चा की गई। एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने वेण्डरों से प्राप्त सुझावों को आगे की सुधारात्मक प्रक्रिया में शामिल करने का आश्वासन दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने यातायात रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा चलाए जाने वाले यातायात माह का शुभारंभ फीता काट कर किया । जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन व पुलिस महानिरीक्षक देवीपटन परिक्षेत्र, गोण्डा अमित पाठक के निर्देशन में आज पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में यातायात माह नवम्बर 2025 के शुभारंभ अवसर पर पुलिस लाइन बलरामपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में यातायात जागरुकता हेतु आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने सभी को यातायात सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करना, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाना, हमेशा अपने बायें चलना, उतावलेपन से वाहन न चलाना, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने, चौराहा पार करते समय पहले दाहिने व बायें देखकर ही आगे बढ़ना, स्टंट बाइकिंग न करना, प्रेशर हार्न, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करना एवं सड़क पार करने समय जेब्रा लाइन का प्रयोग करना महत्वपूर्ण यातायात नियम हैं जिनका पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा इन नियमों का सभी को अवश्य पालन करना चाहिए। सभी से अपने परिवार वालों, रिश्तेदारों व आस-पास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की अपील भी की गयी । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात जागरूकता अभियान पूरे माह चलेगा । इस दौरान पुलिस द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं व परिवहन विभाग के साथ मिलकर स्कूल कॉलेजों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रमों (नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता आदि) का आयोजन कर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के तहत घरेलू हिंसा/दहेज उन्नमूलन थीम पर तहसील- ऊंचाहार में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा 2005, दहेज उन्नमूलन विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि महिलाओं पर घरेलू हिंसा होती है तो पीड़ित महिला 60 दिनों के भीतर तत्काल दीवानी उपचार प्राप्त कर सकती है। पीड़ित महिलाएँ इस अधिनियम के तहत किसी भी वयस्क पुरुष अपराधी के विरुद्ध मामला दर्ज करा सकती हैं, जो उसके साथ घरेलू संबंध में है यहां तक कि वे महिलाएं जो बहनें, विधवाएं, माताएं, एकल महिलाएं हैं या दुर्व्यवहार करने वाले के साथ रह रही हैं, प्रस्तावित कानून के तहत कानूनी संरक्षण की हकदार हैं। साथ ही बताया गया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 4 के अनुसार, विवाह के संबंध में दुल्हन या दूल्हे या उनके रिश्तेदारों से सीधे या परोक्ष रूप से दहेज मांगना एक दंडनीय अपराध है।

# तहसील तुलसीपुर में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शनिवार को तुलसीपुर तहसील में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया।

मिली जानकारी के अनुआर डीएम द्वारा जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया।

उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने



का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो , यह राजस्व अधिकारी व संबंधित विभाग सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान तहसील उतरौला एवं तहसील बलरामपुर में भी आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों/समस्याओं को संबंधित अधिकारियों द्वारा सुना गया एवं निस्तारण किया गया।

इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर , सीओ , जिला विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी , तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

डीएम में तुलसीपुर तहसील के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

डीएम द्वारा तहसील तुलसीपुर का मुआयना किया गया एवं विभिन्न पटलों के कार्यों का जायजा लिया गया। उन्होंने एसडीएम , तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण किया एव राजस्व वादों के निस्तारण की जानकारी प्राप्त की , उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित सभी राजस्व वादों का प्राथमिकता के साथ इस तरह किया जाए। इस दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति , हैसियत , प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र आदि निर्गत किए जाने की जानकारी प्राप्त की गई ।

निर्वाचन पटल के निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर तहसील के सभी बीएलओ के साथ बैठक किए जाने के निर्देश एसडीएम को दिया। उन्होंने कहा कि न्यूमेरेशन फॉर्म सभी बीएलओ को समय से प्रदान कर दिया जाए तथा बीएलओ द्वारा न्यूमरेशन फॉर्म डोर टू डोर वितरित किए जाने की प्रतिदिन समीक्षा करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, एसडीएम तुलसीपुर , तहसीलदार तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



**दिल्ली में बीएस 3 वाहनों की एंट्री पर रोक...**

राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर सख्त कदम उठाए गए हैं। दिल्ली सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर बीएस 3 मानक वाले पेट्रोल और डीजल वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस नियम का पालन... पढ़ें पेज 12 पर...

# सृजन की संस्कृति का संदेश देता है देसंविवि का हस्तनिर्मित कागज प्रशिक्षण केन्द्र

जन एक्सप्रेस। चंद्रप्रकाश बहुगुणा




**हरिद्वार।** स्थित देव संस्कृति विश्व - विद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान के साथ ही सृजन की संस्कृति को जीने का एक आंदोलन है। इसी भावना का एक सुंदर उदाहरण है- विश्वविद्यालय परिसर में संचालित हस्तनिर्मित कागज प्रशिक्षण केन्द्र। यह केन्द्र युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के उस आदर्श का प्रत्यक्ष प्रतीक है, जिसमें उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना और मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लक्ष्य को मूर्त रूप देने का प्रयास किया।

**आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का संगम**

इसकी स्थापना का उद्देश्य कागज बनाना ही नहीं, वरन् प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और स्वावलंबन की भावना को जगाना है। यहाँ विद्यार्थियों और प्रशिक्षणार्थियों को जूट, कपास, रद्दी कागज और अन्य प्राकृतिक अपशिष्टों का उपयोग करके सुंदर, टिकाऊ और पर्यावरण-मित्र कागज तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। पल्प तैयार करने से लेकर शीट बनाने, रंग सज्जा, सुखाने और विभिन्न उत्पादों- नोटबुक, शुभकामना कार्ड, फाइलें, लिफाफे आदि सामग्री तक की संपूर्ण प्रक्रिया की जाती है।

**विकास का जीवंत प्रयोग**

यह केन्द्र विकास के सिद्धांतों पर आधारित है। यहाँ तैयार किया जाने वाले उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं औरवृक्षों की कटाई को कम करते हुए पुनर्चक्रण को बढ़ावा भी देते हैं। इस प्रकार, यह केन्द्र कम संसाधन, अधिक सृजन की प्रेरणा देता है। सीखते हुए कमाना और काम करते हुए अच्छे संस्कार अर्जित करना।

**राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम**

यह केन्द्र युवाओं को आत्मनिर्भर, सृजनशील और संस्कारित नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करता है। यहाँ का प्रत्येक उत्पाद और प्रयास इस बात का प्रतीक है कि जब शिक्षा को श्रम और सृजन से जोड़ा जाता है, तो वह समाज परिवर्तन का माध्यम बन जाती है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय का हस्त - निर्मित कागज प्रशिक्षण केन्द्र वास्तव में प्रकृति के संग सृजन की संस्कृति का सजीव उदाहरण है। यह एक ऐसी जीवन शैली का संदेश है जो आत्म - निर्भरता, सादगी, सहयोग और सृजन शीलता पर आधारित है। यही, वह संस्कृति है जो धरती पर स्वर्ग के अवतरण की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रही है।

## बुलेट पर ट्रिपल राइडिंग करते धरे नाबालिग, 25 हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस। हल्द्वानी

सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। आरटीओ प्रवर्तन के निर्देश पर एआरटीओ (ई) जितेंद्र सिंगवान ने थाना मुखानी क्षेत्र के अंतर्गत दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान शुक्रवार शाम फतेहपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक बुलेट पर तीन नाबालिगों को पकड़ा गया। वाहन सीज करते हुए वाहन स्वामी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि बिना डीएल के वाहन चलाते पकड़े जाने पर आरोपी किशोर का 25 वर्ष से पहले डीएल भी नहीं बन सकता है। टीम ने शुक्रवार और शनिवार को कुल 79 वाहनों के चालान किए और 6 वाहन सीज किए।एआरटीओ(ई) जितेंद्र सिंगवान के अनुसार, बुलेट पर ट्रिपल राइडिंग करते पकड़े गए किशोर के खिलाफ जुवेनाइल एक्ट में कार्रवाई कर मामला सीजेएम कोर्ट नैनीताल भेजा गया है।

# पाबौ में हुआ विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव, युवा प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

जन एक्सप्रेस। पौड़ी




युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखण्ड पाबौ में एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्येष्ठ प्रमुख राजपाल सिंह गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में युवाओं ने लोकसंस्कृति, साहित्य और कला के विविध आयामों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले इस आयोजन में सामूहिक लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण ,कविता लेखन, कहानी लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं।

आयोजित महोत्सव में सामूहिक लोक गीत प्रतियोगिता में महिला मंगल दल छानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज चिपलघाट तृतीय स्थान पर रहे। सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज बिडोली प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय व महिला मंगल दल तृतीय स्थान पर रहे।

भाषण प्रतियोगिता में रोहित भण्डारी ने प्रथम स्थान, स्नेहा भंडारी द्वितीय और रिया नेगी तृतीय स्थान पर रहे।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में आरुषि प्रथम, रिया द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। कविता लेखन प्रति - योगिता में सुहानी ने प्रथम और प्रियांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि, चित्रकला प्रतियोगिता में ऋषभ ने प्रथम, प्रिंस नेगी ने द्वितीय और आफिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र फोनिया, खण्ड विकास अधिकारी धूम सिंह कोहली, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आदेश बहुगुणा, कनिष्ठ प्रमुख शिवानी रावत, जिला पंचायत सदस्य भरत रावत सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया।

## एक्सप्रेस खबरें....

### रुद्रप्रयाग कॉलेज में महिलाओं को दी गई यौन उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी

जन एक्सप्रेस/रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में महिलाओं के अधिकारों को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अनुचित टिप्पणी, स्पर्श या मानसिक दबाव यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में शीघ्र निवारण व दंड का प्रावधान है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और विधिक सहायता की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### एसजीआरआर पब्लिक स्कूल में विज्ञान, कॉमर्स व आर्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस/कोटद्वार। नगर निगम क्षेत्र के देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान, वाणिज्य और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डीएम रतूड़ी, प्राचार्य दिनेश सिंह नेगी, डॉ. गिरीश उनियाल, डॉ. राजकुमार और प्रवेश बडोला ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चंद्रयान, सोलर सिस्टम, हाइड्रोलिक ब्रिज, वाटर हार्वेस्टिंग, बैंकिंग प्रणाली और गढ़वाल की संस्कृति से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चयनित किया।

### थलीसैंण के मंजरी गांव में फिर सक्रिय हुआ भालू, ग्रामीणों में दहशत

जन एक्सप्रेस/पौड़ी। राठ क्षेत्र में भालू का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह मंजरी गांव में भालू ने एक और मवेशी को मार डाला। पिछले तीन माह से भालू आधा दर्जन गांवों में सक्रिय है और अब तक 30 से अधिक मवेशियों को निवाला बना चुका है। वन विभाग की टीमों की तैनाती और ट्रैंक्यूलाइज प्रयासों के बावजूद भालू पकड़ से बाहर है। भालू को दोबारा मारने के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीओ आयशा बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और भालू को पकड़ने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं।

### पूर्व मंत्री दिनेश धनै ने पंचायत प्रतिनिधियों से की विकास के लिए एकजुट रहने की अपील

जन एक्सप्रेस/नई टिहरी। चंबा-मसूरी रोड स्थित चौखाल में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह में बमुण्ड और उदयकोट पट्टी के 14 ग्राम प्रधानों व छह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सम्मानित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनै ने सभी प्रतिनिधियों से विकास कार्यों में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नए प्रतिनिधियों को अनुभवी जनप्रतिनिधियों से सीख लेकर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक देव सिंह पुंडीर ने कहा कि समारोह का उद्देश्य आपसी सहयोग से विकास की रणनीति बनाना है।

### आजाद हिंद फौज के वीर शहीद केसरी चंद को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/देहरादून। गांधी पार्क में शनिवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आजाद हिंद फौज के महानायक वीर शहीद केसरी चंद की 106वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के वीर सपूत केसरी चंद का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जौनसार-बावर के क्यावा गांव में 1920 में जन्मे केसरी चंद को ब्रिटिश शासन ने देश की आजादी की लड़ाई में भाग लेने पर 1945 में फांसी दी थी। मंत्री जोशी ने कहा कि उनका शौर्य देशवासियों के लिए सदा प्रेरणास्रोत रहेगा।

### दिल्ली में आज से नहीं घुस सकेंगे उत्तराखंड के आठ साल पुराने वाणिज्यिक वाहन

जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आज से उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों के बीएस-3 और उससे कम मानक वाले आठ साल पुराने वाणिज्यिक वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दिल्ली गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्णय से उत्तराखंड के करीब 50 हजार ट्रक, टेंपो और जिप्सी जैसे मालवाहक वाहन प्रभावित होंगे। वर्ष 2017 से पहले रजिस्टर्ड सभी वाहन अब दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। हालांकि बीएस-4, बीएस-6 और सीएनजी बसों को फिलहाल छूट दी गई है।

### कोटखाल-जागतोली सड़क पर काम में देरी से भड़के ग्रामीण, चेताया आंदोलन का

जन एक्सप्रेस/रुद्रप्रयाग। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रही कोटखाल-जागतोली मोटर मार्ग का कार्य विभागीय लापरवाही के कारण अधर में लटका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 18 जनवरी 2024 को शुरू हुआ कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूरा होना था, लेकिन अब तक आधा भी नहीं हो पाया। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और अधूरा निर्माण राहगीरों के लिए मुसीबत बना है। कई बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य सारी जयवर्धन काण्डपाल ने चेताया कि पांच दिनों में सुधार न हुआ तो विभाग में ताला जड़ने की कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मशीनें महीनों से बंद पड़ी हैं। वहीं पीएमजीएसवाई के ईई पवन कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य जारी है और संस्था को तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### रुद्रप्रयाग में कार्यस्थल पर महिलाओं के सम्मान को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस/नैनीताल। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों पर शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में विशेष विधिक जाग रूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश रुद्रप्रयाग के दिशा-निर्देशन में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए बनाया गया है। अनुचित व्यवहार, आपत्तिजनक टिप्पणी, अवांछित स्पर्श या मानसिक दबाव भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। सचिव ने बताया कि इस अधिनियम में त्वरित निवारण और दंड का प्रावधान किया गया है।

## महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दिल्ली और सीआईएसएफ की खिलाड़ी रहीं हावी

जन एक्सप्रेस। नैनीताल



57 से 60 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली की ज्योति ने हर्षिता को जबकि उत्तराखंड की निकिता ने स्वप्न को हराया। 60 से 65 किग्रा वर्ग में सीआईएसएफ की बग्गू मोनिका ने कोमल पर जीत दर्ज की और दिल्ली की तनवी कौशल ने हरप्रीत को मात दी। 65 से 70 किग्रा में सीआईएसएफ की रेनुका ने एकता को पराजित किया, जबकि दिल्ली की तानिया चौहान ने फरहाना को हराया।

70 से 75 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली की गार्गी तोमर विजेता रहीं। 75 से 80 किग्रा वर्ग में दिल्ली की अंजुमन शमा ने स्नेहा को हराया, वहीं 80 किग्रा से अधिक भार वर्ग में खुशी पुनिया ने बबीता को शिकस्त दी।

निर्णायक मंडल में संतोष दत्ता, एनके भट्ट, एनके जोशी, जनार्धन वल्दिया, जितेंद्र कुमार शर्मा, गिरधारी सिंह, संतोषी गुरुरानी सहित अन्य निर्णायक मौजूद रहे। संचालन नवीन पांडेय, अजय कुमार और पुष्पा कार्की ने किया।

कार्यक्रम में लॉर्ड्स कंपनी के स्वामी उदय चौधरी, वीरेंद्र थापर, उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया, नगर पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, व्यापार मंडल तल्लीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह और भाजपा नेता अरविंद पडियार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी के उच्च हमालय क्षेत्र में उगने वाला सी-बकथोर्न पहाड़ का बेशकीमती फल

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी

आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में हम अपने खाने-पीने पर ठीक से ध्यान नहीं दे पाते, जिससे हमारे शरीर में विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। ऐसे में 'सी बकथॉर्न' एक बहुत ही खास फल है, जो हमारे शरीर को जरूरी पोषण देता है। सी बकथॉर्न का नाम सुनते ही अगर आपको लग रहा है कि यह समुद्र में पाया जाने वाला कोई पौधा है, तो आप गलत हैं। दरअसल, यह पौधा समुद्र में नहीं, बल्कि एक औषधीय पौधा है।

यह भारत के पहाड़ी इलाकों जैसे कि उत्तराखंड, हिमाचल, लेह और लद्दाख में पाया जाता है। उत्तराखंड में यह सबसे अधिक उत्तरकाशी जिले के उच्च हिमालय क्षेत्र मे होता है यहां यह इसके पौधे बहुत मात्रा में उगते हैं सी बकथॉर्न (जिसे स्थानीय रूप से अमेस या कभी-कभी "लेह बेरी" भी कहा जाता है) बहुतायत में, विशेष कर जंगली रूप में, पाया जाता है।

उत्तरकाशी मे स्थानीय आयुर्वेदिक डॉ. रामचंद्र उनियाल ने बताया यह मुख्य रूप से गंगोत्री, हर्षिल घाटी, यमुनोत्री घाटी और हरि की दून मे बहुत पाया जाता है छोटे-छोटे नारंगी रंग के यह फल बहुत ही पोषक होते हैं और इनका उपयोग आयुर्वेद, यूनानी और आधुनिक चिकित्सा में भी किया जाता है। यह फल हजारों सालों से सेहत के लिए उपयोग में लाया जा रहा है अमेरिका के नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, सी बकथॉर्न में बायोएक्टिव कंपाउंड्स नामक मौजूद तत्व होता है, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह दिल की सुरक्षा करता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है, यह शुगर कंट्रोल करता है और कैंसर से बचाव में मदद कर सकता है। यही नहीं, यह लीवर की भी सुरक्षा करता है। सी बकथॉर्न में विटामिन सी, ई, बीटा कैरोटीन, ओमेगा फैटी एसिड और बहुत से एंटीऑक्सीडेंट पाए



जाते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

यह फल खासतौर पर त्वचा के लिए बहुत अच्छा माना जाता है यह झुर्रियां कम करता है, त्वचा को चमकदार बनाता है और एक्जिमा या ड्राई स्किन जैसी समस्याओं में राहत देता है. सूरज की तेज धूप से बचाने में भी यह मददगार होता है। इसके अलावा, यह हमारी इम्यूनिटी की ताकत को भी बढ़ाता है, जो लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं, उनके लिए यह बहुत फायदे मंद है। सी बकथॉर्न दिल की सेहत का भी ख्याल रखता है। यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है और दिल की धमनियों को स्वस्थ बनाए रखता है।उत्तरकाशी में सी बकथॉर्न से जुड़ी पहल प्रसंस्करण प्लांट: दिसंबर 2023 में, उत्तरकाशी की हर्षिल घाटी के सुक्की गांव में सी बकथॉर्न का पहला प्रसंस्करण प्लांट **(processing plant)** स्थापित करने की घोषणा की गई, जिससे स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका में वृद्धि होने की उम्मीद है।

इस प्रकार, उत्तरकाशी में सी बकथॉर्न एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, जिसमें स्थानीय आजीविका और स्वास्थ्य लाभ दोनों की अपार संभावनाएं हैं। इस प्रकार, उत्तरकाशी में सी बकथॉर्न एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, जिसमें स्थानीय आजीविका और स्वास्थ्य लाभ दोनों की अपार संभावनाएं हैं।

## खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान में अब तक 58 प्रतिशत पशुओं का हुआ टीकाकरण

जन एक्सप्रेस। पौड़ी

जिले में खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा के निर्देशन में 4 अक्टूबर से शुरू 17 नवम्बर 2025 तक चल रहे इस अभियान में पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर टीकाकरण कार्य कर रही हैं।

अभियान के तहत अब तक 1 लाख 60 हजार बड़े पशुओं के लक्ष्य के सापेक्ष 92 हजार 910 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 58.06 प्रतिशत है। वहीं भारत पशुधन ऐप पर 85 हजार 743 एंट्री (92.28 प्रतिशत) दर्ज की जा चुकी हैं। इसी प्रकार छोटे पशुओं (बकरी आदि) के लिए 1 लाख 25 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 70 हजार 871 पशुओं का टीकाकरण हो चुका है। इनकी भारत पशुधन ऐप एंट्री पर 55,352 (78.10 प्रतिशत) की गयी हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि जनपद में एफएमडी टीकाकरण अभियान को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं ताकि, कोई भी पशु टीका करण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका जैसी बीमारी से पशुधन को सुरक्षित रखने का एकमात्र उपाय नियमित टीकाकरण ही है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाली पशु पालन विभाग की टीमों को पूरा सहयोग दें और अपने सभी पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पशुपालक की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा और जनपद का पशुधन पूरी तरह सुरक्षित रह सकेगा।

अभियान के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीणों को एफएमडी टीकाकरण के महत्व और पशु स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। यह अभियान 17 नवम्बर 2025 तक जनपद के सभी विकासखंडों में जारी रहेगा।

## सीडीओ जय भारत सिंह ने धराली में सुनी आपदा प्रभावितों की समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी



जनपद उत्तरकाशी में मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार झाला थमें रात्रि चौपाल आयोजित कर आज सुबह आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली पहुंचकर प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की तथा मन्दिर परिसर में कृषि, उद्यान, जलागम, स्वजल, राजस्व, ग्रामीण निर्माण, वन, ग्राम्य विकास, आजीविका, आदि विभागीय अधिकारियों की मौजदूगी में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने, कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र वासियों के बीच पहुंचकर क्षेत्र - वासियों की जन समस्याएं निराकरण की ओर केन्द्रित करने के सार्थक प्रयास किये जायेगें।

धराली आपदा प्रभावित ग्रामीणों की पुनर्वास, खीर गंगा में मलबा चैन - लाइज कार्य, कृषि ऋण माफी, आदि जन समस्याएं व सुझाव गंम्भीरता पूर्वक उन्होंने सुनी। ग्रामीणों को कहा कि राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुसार आपदा सम्बंधित कार्यो को कारगर एंव ठोस नीति के तहत समावेशी रूप में जोड़ने के प्रयास किये जायेगें। तत्पश्चात विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने अपने - अपने विभागों से सम्बंधित राज्य एवं केंद्र सरकारी की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को लाभान्वित की दिशा में प्रदान की।

कृषि विभाग द्वारा बागवानी व कृषि सम्बंधित कार्यो के लिये ग्रामीणों को निःशुल्क कृषि यंत्र तथा उर्वरक खाद आवश्यक उपकरण वितरित किये गये। आजीविका गतिविधियों के तहत आर्थिकी सुदृढ़ करने की जानकारी भी क्षेत्रवासियों को आजीविका ग्रामीण मिशन द्वारा प्रदान की गई। आपदा प्रभावितों लोगों की जन समस्याएं निराकरण की ओर केन्द्रित करने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

इस मौके पर परियोजना निदेशक अजय सिंह, तहसीलदार सुरेश सेमवाल, मुख्य उद्यान अधिकारी रजनीश सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एसएल वर्मा, परियोजना प्रबंधक रीप कपिल उपाध्याय, ग्राम प्रधान अजय नेगी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वदेशी उत्पादों के प्रचार में महिलाएं निभाएं अग्रणी भूमिका: मेयर गजराज

जन एक्सप्रेस। हल्द्वानी

हल्द्वानी में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नगर निगम सभागार में सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने महिलाओं से स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश मंत्री मोहिनी पोखरिया ने महिला समूहों से जैविक वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की, वहीं भावना मेहरा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता वैश्विक मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना ने स्वदेशी आंदोलन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पूनम जोशी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सुमित्रा प्रसाद, हेमा हार्बोला, कल्पना बोरा, प्रगति जैन, सीमा बत्रा, पूजा जीना, विनीता वर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों को उत्तरकाशी पुलिस ने किया जागरूक, साइबर ठगी से बचाव के दिए टिप्स



**उत्तरकाशी पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर जानी कुशलक्षेम, साइबर अपराधों के प्रति किया सचेत**

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी

बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक मनेरी प्रदीप सिंह तोमरके नेतृत्व में कोतवाली मनेरी पुलिस टीम द्वारा मनेरी क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम ली गई।

इस दौरान पुलिस द्वारा उन्हें, वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए बताया गया कि यदि कोई अनजान व्यक्ति आपको कॉलकर प्रलोभन देकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी मांगता है तो उसे बिल्कुल भी न दें अथवा कोई आपको कॉल कर पुलिस, बैंक या **CBI** का अधिकारी बताकर आपको डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाकर पैसों की मांग करता है तो उसके बहकावे में न आएं और उसे पैसे बिल्कुल भी ट्रांसफर न करें, यह साइबर ठगों की धोखधड़ी करने की एक चाल होती है। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की उपयोगिता बताते हुए उन्हें किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत उक्त नंबर पर कॉल करने हेतु बताया गया।

इस दौरान उनके द्वारा एक बुजुर्ग व्यक्ति को कम्बल गद्दा अथवा खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस सुरक्षा का भरोसा देते हुये सभी को मदद अथवा सहयोग हेतु डायल 112 व थाने के सम्पर्क नम्बर साझा किये गये।

### 3.37 करोड़ की लागत से बना ओवरहेड टैंक बना शोपीस, डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला स्वच्छ जल

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देहरादून के छिद्दरवाला स्थित चक जोगीवाला ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बना ओवरहेड टैंक ग्रामीणों के लिए अभी तक उपयोगी नहीं हो पाया है। करीब 3.37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह टैंक कार्य अवधि पूरी होने के डेढ़ साल बाद भी चालू नहीं हो सका कार्यदायी संस्था द्वारा ठेकेदार को भुगतान न करने के कारण योजना अधूरी पड़ी है। शुरुआत से ही विवादों में रहे इस टैंक के निर्माण के दौरान पिटकुल की हाईटेंशन लाइन से करंट उतर जाने की घटना भी हुई थी, जिसके बाद इसकी ऊंचाई घटा दी गई। अब टैंक से हर घर तक पानी पहुंचाना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने पेयजल संकट पर नाराजगी जताई है। वहीं, अपर सहायक अभियंता मनोज डबराल ने बताया कि केंद्र से बजट जारी न होने के कारण ठेकेदार का भुगतान लंबित है। भुगतान होते ही ओवरहेड टैंक को जल्द चालू कर दिया जाएगा।

## दरमोला गांव में गंगा स्नान के साथ पांडव नृत्य का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर

ग्राम पंचायत दरमोला में देव निशान और पांडव पश्वाओं के गंगा स्नान के साथ पारंपरिक पांडव नृत्य का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अलकनंदा-मंदाकिनी संगम पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ देव निशानों का स्नान कराया और विधिवत पूजा-अर्चना की।

शनिवार को भगवान बद्रीविशाल, लक्ष्मीनारायण, शंकरनाथ, तुंगनाथ, नागराजा, चामुंडा देवी, भैरवनाथ सहित अन्य देवी-देवताओं के निशानों और पांडवों के अस्त्र-शस्त्रों का शुद्धि करण कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन व आरती के बाद देव निशानों को फूल मालाओं से सजाया गया। भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो उठा।



कार्यक्रम के दौरान पुजारी कीर्तिराम डिमरी व अन्य ब्राह्मणों ने देवताओं की चार पहर पूजा की। श्रद्धालुओं ने रातभर जागरण कर भक्ति गीतों का संकीर्तन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

हरिबोधनी एकादशी से शुरू हुआ यह आयोजन दरमोला और तरवाड़ी गांवों में बारी-बारी से होता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु निंद्रा से जागते हैं और तुलसी विवाह के साथ शुभ कार्यों का प्रारंभ होता है। इसी परंपरा के तहत दरमोला गांव में पांडव नृत्य का शुभारंभ किया गया।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अपराध और हिंसा : आज की प्रमुख वैश्विक चिंता

**हालात यह हो रहे हैं कि अपराधी पढ़े-लिखे लोगों को ही ना जाने क्या-क्या कल्पित भय दिखाकर बड़ी राशि ठगने में सफल हो जाते हैं। इसी तरह तकनीक का सहारा लेकर सेक्सटोर्सन आम होता जा रहा है। पैसों वाले लोगों को इस तरह के ठग महिलाओं का गिरोह बनाकर आसानी से शिकार बना रहे हैं। दुनिया के लगभग सभी देशों में अपराधियों द्वारा ठगी के लिए तकनीक का इस्तेमाल आम होता जा रहा है। लाख प्रयास के बावजूद इस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। दरअसल, अपराध के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं।**

*दुनिया के देशों की पांच बड़ी चिंताओं में आज सबसे बड़ी चिंता अपराध और हिंसा होती जा रही है। बेरोजगारी भ्रष्टाचार या सामाजिक या लैंगिक असमानता इसके आसपास भी नहीं दिखाई देती है। दरअसल, दुनिया के देशों के लोग आज सबसे अधिक अपराध और हिंसा से प्रताड़ित हैं। कहीं भी और किसी भी देश के समाचार पत्र या मीडिया चैनलों को देखेंगे तो अपराध और हिंसा की खबरों की भरमार मिल जाएगी। दुनिया के देशों के लोगों से संवाद कायम कर सर्वे के माध्यम से रुझानों की जानकारी देने वाली संस्था इप्सांस की हालिया रिपोर्ट तो यही कहानी कहती है। इप्सांस की रिपोर्ट की मानें तो दुनिया की पांच बड़ी चिंताओं में 32 प्रतिशत चिंता अपराध और हिंसा की है तो 30 प्रतिशत चिंता सरकारों द्वारा लोगों पर लगाये जाने वाले कर प्रावधानों को लेकर है। सामाजिक असमानता की चिंता 29 प्रतिशत है तो राजनीतिक भ्रष्टाचार और बढ़ती बेरोजगारी चिंता का कारण केवल 28 प्रतिशत बन पा रही है। यह तो उदाहरण मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अपराध और हिंसा आज वैश्विक समस्या बनती जा रही है। दुनिया के देशों में कहीं ना कहीं से प्रतिदिन अपराध और हिंसा की खबरें प्रमुखता से सामने आ रही है। जहां तक हिंसा का प्रश्न है, उसके विषय में तो यह कहना ही पर्याप्त होगा कि जैसे कहावत है कि फलां के तो नाक पर ही गुस्सा बैठा रहता है, लगभग यह स्थिति आज के युवाओं में ही नहीं अपितु अधिकतर नागरिकों में होती जा रही है। घरेलू हिंसा से लेकर संस्थागत हिंसा यानी वर्ग विशेष द्वारा सामूहिक योजनाबद्ध हिंसा आम हो गई है। दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता के चलते असंतोष के हालात, अन्य देशों में अवैध प्रवेश, अवैध निवास, शरणार्थियों की बढ़ती भीड़ और हथियारों की सहज उपलब्धता के कारण हिंसा आम होती जा रही है। कई देशों में तो शरणार्थियों या विदेशी प्रवासियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हिंसा के हालात पैदा किए जा रहे हैं तो देशों के बीच युद्ध के हालातों के कारण भी हिंसा आम होती जा रही है। हिंसा का एक बड़ा कारण नई पीढ़ी में बढ़ता असंतोष है। जीवन शैली और रहन-सहन में बदलाव के कारण संवेदनशीलता और आपसी संबंध कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के कारण कुंठा, संत्रास और मानसिक तनाव बढ़ रहा है और यह गुस्से के रुप में सामने आता है। यही कारण है कि गाड़ी टच होने भर या साइड नहीं देने के मामूली वाद-विवाद में बात एक-दूसरे की जान लेने तक पहुंच जाती है। इसी तरह कई देशों में शरणार्थी या अवैध निवास या अन्य कारणों से संगठित रूप से माहौल खराब करने की प्रवृत्ति आम हो गयी है। फ्रांस में आए दिन होने वाली घटनाएं इसका उदाहरण हैं। पिछले दिनों इस तरह की घटनाएं अमेरिका सहित दुनिया के बहुत से देशों में देखी गई है। राजनीतिक अस्थिरता की घटनाएं बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल में देखी जा सकती है तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान में जो कुछ घटित हो रहा है वह सामने हैं। दुनिया के देशों में अपराध और अपराध के तरीकों में भी काफी बदलाव आया है। भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश साइबर ठगी के बढ़ते ग्राफ से दो-चार हो रहे हैं। ठग साइबर ठगी के नित नए रास्ते निकालते हैं। कभी कॉल करके तो कभी क्लोन बनाकर सीधे ही राशि हड़प जाते हैं। इसी तरह अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट का नया रास्ता निकाला है। डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वाले साधारण आदमी ना होकर उच्च शिक्षित और संपन्न नागरिक हो रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**समाज में जन-जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और गाँवों से लेकर शहरों तक, डिजिटल शिक्षा और मीडिया साक्षरता को अभियान के रूप में फैलाना होगा। सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों को भी ऐसे पहचान तंत्र विकसित करने होंगे जो डीप फेक कंटेंट को तुरंत चिन्हित कर सकें। साथ ही नागरिकों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो सच नहीं होता। जबतक समाज सूचना को परखने की आदत नहीं डालेगा, तबतक डीप फेक लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता रहेगा। जागरूक नागरिक ही इस डिजिटल युग के असली प्रहरी बन सकते हैं, जो तकनीक को साधन बनाएँ, हथियार नहीं।**



लालजी जायसवाल

**नागरिक समाज, मीडिया संस्थान और सोशल मीडिया कंपनियों को मिलकर फैक्ट-चेकिंग नेटवर्क को सशक्त बनाना चाहिए ताकि झूठी सूचनाओं का प्रसार रोका जा सके। डीप फेक की रोकथाम तभी संभव है जब स्वयं भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जाँच करने की आदत डालें। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में तकनीक तभी कल्याणकारी बन सकती है, जब उसका उपयोग विवेक और जिम्मेदारी के साथ किया जाए।**

# डीप फेक का बढ़ता खतरा

डीपफेक या मिलावटी ऑडियो-वीडियो से किसी व्यक्ति के सामाजिक या व्यक्तिगत नुकसान को रोकने के लिए सरकार नया कानून लाने जा रही है। जल्द ही ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डाले जाने वाले मिलावटी कंटेंट पर एक लेबल लगाना अनिवार्य होगा। ताकि यूजर्स को यह पता लग जाए कि जो वीडियो या ऑडियो वह देख या सुन रहा है, वह असली नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय ने इस संबंध में मसौदा जारी किया है, जिस पर स्टेकहोल्डर्स से प्रतिक्रिया मांगी गई है। प्रतिक्रिया देने का काम अगले पंद्रह दिनों में समाप्त हो जाएगा, उसके बाद इस नियम को लागू किया जा सकता है। मंत्रालय के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिलावटी कंटेंट का पता लगाने की जिम्मेदारी इंटरमीडिएरिज की होगी। बता दें कि इंटरमीडियरिज किसी ऐसे टूल का इस्तेमाल करेंगे जो कंटेंट को प्लेटफार्म पर पोस्ट करते ही यह पता लगा लेगा कि कंटेंट में मिलावट है और फिर उस पर लेबल लगा दिया जाएगा। फिलहाल सरकार को इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है, यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए क्योंकि आए दिन ऐसी खबरें मीडिया में बनी रहती हैं कि डीप फेक वीडियो के जरिये किसी नामचीन हस्ती के चरित्र हनन की कोशिश की गई या एआई की मदद से किसी की आवाज की नकल करके आर्थिक मुनाफा कमा लिया गया। हाल ही में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अभिनेता अभिषेक बच्चन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में गूगल और यू-ट्यूब के खिलाफ चार करोड़ रुपये के हर्जाने का मुकदमा दायर किया है। इस दंपति को खुद से जुड़े काल्पनिक एआई कंटेंट वाले वीडियो यू-ट्यूब और गूगल पर प्रसारित किए जाने के खिलाफ अदालत से संरक्षण की मांग करनी पड़ी। निःस्संदेह, सोशल मीडिया पर जिस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की भरमार देखने को मिलती है, वह अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे का सीधा-सीधा अतिक्रमण दिखती है। इसलिए इसका नियमन वक्त की मांग है। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान भी किसी प्रत्याशी की छवि को खराब करने के लिए डीपफेक वीडियो-आडियो का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ अब किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट को हटाने का निर्देश संयुक्त सचिव या डीआईजी रैंक के अधिकारी ही दे सकेंगे। ध्यातव्य है कि आगामी एक नवंबर से यह नियम लागू हो जाएगा। विभिन्न राज्यों में अभी दरोगा स्तर के अधिकारी ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट हटाने का फरमान जारी कर रहे थे। राज्य सरकार की तरफ से इस नियम में बदलाव की मांग की जा रही थी। संयुक्त सचिव और डीआइजी पुलिस स्तर के अधिकारी की तरफ से अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को कंटेंट हटाने का निर्देश जाता है और कंटेंट को नहीं हटाया जाता है तो उस प्लेटफार्म को भी कंटेंट डालने वाले के बराबर जिम्मेदार माना जाएगा और



**देश में ऐसे स्वदेशी एआई आधारित पहचान तंत्र विकसित किए जाने चाहिए जो डीप फेक वीडियो या ऑडियो को तुरंत पहचान सकें। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और मीडिया नैतिकता को शिक्षा का हिस्सा बनाना होगा ताकि नई पीढ़ी तकनीक का उपयोग समझदारी से करे।**

उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इस प्रकार की कार्रवाई की समीक्षा मासिक स्तर पर सचिव स्तर के अधिकारी करेंगे। इस नए नियम के बाद यह स्पष्ट हो गया कि किस स्तर के अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कंटेंट हटाने के लिए निर्देश जारी कर सकते हैं। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद अब आने वाले समय में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग रोकने में मदद मिल सकेगी। सोशल मीडिया मंचों के नकारात्मक उदाहरणों का हवाला देकर हम इसके अच्छे पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। ये मंच स्वतंत्र अभिव्यक्ति के सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। इन मंचों की मदद से आम लोग न सिर्फ अपनी बात शासन- प्रशासन तक पहुंचाने में सफल हो रहे हैं, बल्कि कई बार इनके दबाव में अपराधियों को दबोचने में भी प्रशासन को मदद मिली है। निर्विवाद तथ्य यह भी है कि लाखों लोग इनकी मदद से अपनी रचनाशीलता को नई धार दे रहे हैं और ये उनकी आमदनी का जरिया बन रहे हैं। इसलिए सरकार ने इस बार काफी सतर्कता बरतते हुए प्रावधान प्रस्तावित किए हैं। मौजूदा प्रस्तावों में सरकार ने काफी सावधानी बरतते हुए पचास लाख से अधिक उपयोगकर्ता वाले सोशल मीडिया मंचों से यह अपेक्षा की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अपलोड सामग्री कृत्रिम नहीं हैं। ऐसी किसी भी सामग्री को उन्हें प्रमुखता से चिह्नित करना होगा। वाकई यह बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे डिजिटल दुनिया की अराजकता को नियंत्रित करना आसान होगा, बल्कि टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल करने वाले लोगों को कानूनी रूप से जवाबदेह ठहराने में भी आसानी होगी। सरकार ने गलत कंटेंट हटाने वाले डिजिटल मंचों को वैधानिक संरक्षण देने की बात भी कही है और छ नवंबर तक इन मसौदों पर लोगों की राय मांगी है तो यह अवसर है उन लोगों के लिए जिन्हें इन नियमों को लेकर कोई अंदेशा है। उन्हें अपने अंदेशे और आपत्तियां अवश्य दर्ज करानी चाहिए, ताकि पारदर्शी व प्रभावी नियम वजूद में आ सकें। तकनीकी युग में जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जीवन को आसान बना रही है, वहीं इसका एक भयावह रूप ÷डीप फेक÷ समाज के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। गौरतलब है कि डीपफेक आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक प्रभावशाली तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज और हावभाव को इस प्रकार बदला या पुनःनिर्मित किया जा सकता है कि असली और नकली में अंतर करना लगभग असंभव हो जाता है। डीप फेक तकनीक से ऐसे वीडियो, ऑडियो या फोटो तैयार किए जा सकते हैं जो पूरी तरह झूठे होते हैं, पर देखने या सुनने में एकदम असली लगते हैं। भारत जैसे विशाल और विविध देश में जहाँ सोशल मीडिया सूचना का प्रमुख माध्यम बन चुका है, वहाँ इस तकनीक का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कभी राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने, कभी सांप्रदायिक तनाव फैलाने, तो कभी मशहूर व्यक्तियों की छवि धूमिल करने में। समस्या यह है कि आम नागरिक अक्सर डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण झूठे कंटेंट को सच मान बैठते हैं, और यही डीप फेक की सबसे खतरनाक परिणति है। समाज में जन-जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और गाँवों से लेकर शहरों तक, डिजिटल शिक्षा और मीडिया साक्षरता को अभियान के रूप में फैलाना होगा। सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों को भी ऐसे पहचान तंत्र विकसित करने होंगे जो डीप फेक कंटेंट को तुरंत चिन्हित कर सकें। साथ ही नागरिकों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो सच नहीं होता। जबतक समाज सूचना को परखने की आदत नहीं डालेगा, तबतक डीप फेक लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता रहेगा। जागरूक नागरिक ही इस डिजिटल युग के असली प्रहरी बन सकते हैं, जो तकनीक को साधन बनाएँ, हथियार नहीं। डीप फेक जैसी तकनीकी चुनौती का निदान केवल कानून बनाकर संभव नहीं, बल्कि इसके लिए तकनीकी, शैक्षिक और सामाजिक तीनों स्तरों पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, सरकार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और डिजिटल इंडिया कानूनों में संशोधन कर डीप फेक सामग्री बनाने और प्रसारित करने वालों पर कड़ी सज़ा का प्रावधान करना चाहिए। साथ ही, देश में ऐसे स्वदेशी एआई आधारित पहचान तंत्र विकसित किए जाने चाहिए जो डीप फेक वीडियो या ऑडियो को तुरंत पहचान सकें। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और मीडिया नैतिकता को शिक्षा का हिस्सा बनाना होगा ताकि नई पीढ़ी तकनीक का उपयोग समझदारी से करे।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 07:30 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वभाद्रपदा 16:49 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | व्याघात, 23:01 तक |
| सूर्योदय: | 06:33 |
| सूर्यास्त: | 17:28 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 16:06-17:28 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### हुई ये वारदात !

*हुई लाल धरती ।*
*शुरू हो गया खेल ।।*
*है हत्या से सनसनी ।*
*कैसा है ये मेल ?*
*है भय का माहौल?।*
*हुई ये वारदात ।।*
*गोलियों की आखिरकार ।*
*हो गई बरसात ।।*
*धर पकड़ है जारी ।*
*आ रहे हैं नाम ।।*
*अटकलें भी पल पल ।*
*चल रहीं तमाम ।।*
*कम ना हुआ बवाल ।*
*है भारी तनाव ।।*
*पर यह भी है सत्य ।*
*मिला बड़ा है घाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# झुककर फोन देखने की आदत कैसे एंग्जाइटी बढ़ा रही हैं?

**आजकल** के दौर में सभी लोगों के हाथ में स्मार्टफोन जिंदगी का हिस्सा बन गया है। सुबह आंख खुलते ही मोबाइल देखना और रात में सोने से पहले मोबाइल पर सोशल मीडिया खंगलाना आम बात है। यह रूटीन न सिर्फ कामकाजी लोगों का है, बल्कि बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी आजकल सारा दिन मोबाइल में लगे रहते हैं। इस आदत को डूमस्क्रोलिंग कहा जाता है, जिसमें लोग लगातार नेगेटिव खबरों, सोशल मीडिया और नोटिफिकेशन में डूबे रहते हैं। जब पूरा दिन मोबाइल हाथ में रहता है, तो इसे पकड़ने का तरीका सही होना महत्वपूर्ण है।



**पोस्चर और मूड का कनेक्शन:** डॉ. नीलेश कहते हैं, दरअसल, शरीर की स्थिति और मूवमेंट्स हमारे विचारों और इमोशन्स पर असर डालते हैं। जो लोग झुके हुए कंधों के साथ बैठते हैं, सिर नीचे होता है और आंखें फोन पर टिक जाती हैं तो इस स्थिति में दिमाग को थकान, उदासी और चिंता के सिग्नल भेजती है। लगातार इस तरह की पोजीशन में बैठने या चलने से डिप्रेशन और एंग्जायटी होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसके उलट, जो लोग सीधे बैठते हैं, कंधे खुले होते हैं और छाती ऊपर की ओर होती है, उन लोगों में ज्यादा आत्मविश्वास, एनर्जी और खुशी महसूस होती है।

**क्या गलत पोस्चर में मोबाइल देखने से डिप्रेशन हो सकता है?:** डॉ. नीलेश कहते हैं, ÷वैसे सीधा असर तो नहीं पड़ता, लेकिन यह ट्रिगर बन सकता है क्योंकि अकेले पोस्चर से डिप्रेशन या एंग्जायटी नहीं हो सकती, लेकिन यह मौजूदा मानसिक स्थितियों को खराब कर सकता है। इसका एक अच्छा उदाहरण मैं आपको दे सकता हूं कि अगर कोई इंसान पहले से ही लो मूड या स्ट्रेस में हो, तो झुका हुआ पोस्टर इस नेगेटिव इमोशन को और ज्यादा मजबूत कर सकता है। इसे आप फीडबैक लूप कह सकते हैं। पहले दिमाग शरीर पर असर डालता है और फिर शरीर वापस दिमाग को प्रभावित करता है।

**सांस लेने के प्रोसेस पर असर** – झुके हुए शरीर से फेफड़े पूरी तरह फैल नहीं पाते, जिससे ऑक्सीजन की मात्रा घट जाती है। इससे थकान और स्ट्रेस दोनों बढ़ते हैं।

**सर्कुलेशन में कमी** – ब्लड फ्लो कम होने से शरीर और दिमाग दोनों में सुस्ती आती है।

**हार्मोनल बदलाव**– लगातार झुके रहने से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल बढ़ता है, जिससे एंग्जायटी और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है।

**निष्कर्ष**: डॉ. नीलेश कहते हैं कि सीधा बैठना आपके दिमाग को सिग्नल भेजता है कि आप पॉजिटिव है और गलत पोस्चर भले ही सीधे तौर पर एंग्जायटी या डिप्रेशन का कारण न बने, लेकिन यह मेंटल और फिजिकल दोनों लेवल पर बैलेंस बिगाड़ सकता है। सिर्फ फोन के इस्तेमाल का तरीका बदलकर और हर कुछ मिनट में अपना पोस्टचर सुधारकर खुद को बेहतर और एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**इस बात का बिल्कुल जवाब नहीं है उन्होंने या उनकी डबल इंजन की सरकार ने घुसपैठियों की रोकथाम के लिए क्या किया? वैसे कोई माने या ना माने लेकिन हकीकत यह है कि एनडीए तथा इंडिया गठबंधन की नाक में दम प्रशांत कुमार की सुराज पार्टी ने कर रखा है।**

# बिहार विधानसभा चुनाव : जातिवाद के बंधन टूटेंगे इस बार

**बिहार** के चुनाव पूरे शबाब पर हैं चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे सभी राजनीतिक दल अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है लेकिन कोई भी दल या उसका नेता यह बात डंके की चोट पर कहने को तैयार नहीं की 14 नवंबर के बाद बिहार में सरकार किसकी बनेगी। लेकिन भाजपा यानी एनडीए इस बात को लेकर आश्वस्त है कि सरकार उनकी ही बनने वाली है । वैसे बीजेपी या एनडीए का आश्वस्त होना काफी हद तक इसलिए आवश्यक है क्योंकि बिहार चुनाव जीतने के लिए पूरी केंद्र सरकार और उसके अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी पूरे जोर-शोर से लगे हैं। यानी बिहार के इस महाभारत में संख्या के लिहाज से कौरवों के पास बहुत बड़ी सेना है। इसके विपरीत राजद के पास केवल एक अभिमन्यु है यानी तेजस्वी यादव। तेजस्वी यादव अपने बल बूते पर हवा का रूख बदलने की कोशिश में है। इस काम में उन्हें कितनी सफलता मिलेगी कहां नहीं जा सकता। इंडिया ब्लॉक के उनके साथी यानी राहुल गांधी भी अब चुनाव मैदान में आ चुके हैं। वैसे अभी तक हजारों लोगों से बातचीत के बाद जो निष्कर्ष निकल रहा है उसके मुताबिक भाजपा द्वारा तमाम घोड़े खोलने के बावजूद फाइट नेक टू नेक है। यही कारण है कि कोई भी दल सीधे-सीधे यह कहने को तैयार नहीं कि उनकी सरकार बन

**एनडीए द्वारा जो दस हजार रुपये जो महिलाओं को मिले हैं उसे प्रधानमंत्री मोदी के लिए उनका सॉफ्ट कॉर्नर जरूर है। लेकिन उनके भी बच्चों को तो सरकारी नौकरी चाहिए। जिसे बिहार की डबल इंजन की सरकार ने नही दिया है। कुल मिलाकर जिस तरह की स्थितियां बन बिगड़ रही हैं उसमें मुख्यमंत्री नितीश कुमार का सजातीय कुर्मी वोट बैंक भी सशंकित है क्योंकि उसे यह अभ्यास हो चुका है।**

रही है। भाजपा तथा एनडीए के प्रवक्ता गण बार-बार और हर बार लालू यादव के कथित जंगलराज का जिक्र तो कर रहे हैं लेकिन उनके स्वयं के पास भी इस बात का माकूल जवाब नहीं है कि 15 वर्षों में उन्होंने या उनकी सरकार ने क्या किया? भारत सरकार के गृहमंत्री घुसपैठियों की बात तो कर रहे हैं लेकिन उनके पास इस बात का बिल्कुल जवाब नहीं है उन्होंने या उनकी डबल इंजन की सरकार ने घुसपैठियों की रोकथाम के लिए क्या किया? वैसे कोई माने या ना माने लेकिन हकीकत यह है कि एनडीए तथा इंडिया गठबंधन की नाक में दम प्रशांत कुमार की सुराज पार्टी ने कर रखा है। वैसे मैं यह तो नहीं कह सकता कि सुराज पार्टी हवा का रूख बदल देगी लेकिन इतना तो तय है की जीत हार का अंतर कम जरुर कर देगी और अगर बिहार के नवजवानों ने जाति और धर्म के लिए नहीं बल्कि बिहार के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा, नौकरी बेरोजगारी, पलायन, गरीबी, स्वास्थ्य के नाम पर वोट दिया तो 14 नवंबर को जो परिणाम आएंगे वह सबको मिलजुल कर सरकार बनाने को मजबूर कर देंगे। यानी किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला। कुल मिलाकर इतना तो कहा है जा सकता है कि प्रशांत कुमार फैक्टर लोगों के सिर पर चढ़कर इसलिए बोल रहा है क्योंकि उनके साथ सत्ता विरोधी रुझान नहीं है बल्कि साफ-साफ और मुद्दों को सामने रखकर वह सुराज पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। पटना शहर, धनबाद, आरा, सीवान, सासाराम क्षेत्र का दौरा करने के बाद पता चला कि इस बार लोगों की प्राथमिकता जाति नहीं है। इस लिहाज से राजद और सुराज पार्टी का पलड़ा अभी तक किसी भी लिहाज से एनडीए से कमजोर नहीं है। लोगों को और उसमें भी खास तौर से नवजवानों को जिनकी संख्या करोड़ों में है यह विश्वास हो चला है कि तेजस्वी यादव सरकारी नौकरी देकर उनका भविष्य बना सकते हैं। सरकारी नौकरी के क्रेज का आलम यह है कि लोग जाति का बंधन किनारे करके राजद को वोट देने का मन बना चुके हैं। क्योंकि नौकरी तो सभी वर्ग के लोगों को चाहिए, नीतीश कुमार के समर्थक हो या चिराग पासवान अथवा जीतन राम मांझी के या फिर भाजपा के अथवा कांग्रेस के नौकरी सभी को चाहिए और नौकरी देने की गारंटी तो तेजस्वी यादव ने ले रखी है जबकि पलायन का मुद्दा प्रशांत कुमार के एजेंडे में है। शुरू में राजनीतिक पंडित यह मानकर चल रहे थे कि यहां चुनाव अंततः प्रधानमंत्री मोदी तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच होगा लेकिन जिस तरह की परिस्थितियों बनी है उसमें यह दोनों नेता प्रधानमंत्री मोदी तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी चर्चा में उतना ज्यादा नहीं है जितना की उम्मीद थी। क्योंकि बिहार का मतदाता बिहार फर्स्ट के लिए वोट देने का मन बना चुका है। एनडीए द्वारा जो दस हजार रुपये जो महिलाओं को मिले हैं उसे प्रधानमंत्री मोदी के लिए उनका सॉफ्ट कॉर्नर जरूर है। लेकिन उनके भी बच्चों को तो सरकारी नौकरी चाहिए। जिसे बिहार की डबल इंजन की सरकार ने नही दिया है। कुल मिलाकर जिस तरह की स्थितियां बन बिगड़ रही हैं उसमें मुख्यमंत्री नितीश कुमार का सजातीय कुर्मी वोट बैंक भी सशंकित है क्योंकि उसे यह अभ्यास हो चुका है कि भाजपा इस बार नितीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनने वाली। इस पशोपेश में वह नितीश कुमार के साथ खड़ा होता तो दिख रहा है लेकिन भाजपा के साथ नहीं।

# बराही गेट से शुरू हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व का नया पर्यटन सत्र

- वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने किया शुभारंभ
- स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार, सैलानियों को नई दिशा में अनुभव : वन मंत्री

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



घने साल-शीशम के जंगलों और बाघों की दहाड़ से गूंजते पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार से पर्यटन सत्र की नई शुरुआत हुई। इस वर्ष सत्र का शुभारंभ पहली बार बराही पर्यटन गेट से किया गया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर और फीता काटकर पर्यटन सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। बाद में उन्होंने सफारी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सक्सेना ने कहा कि टाइगर रिजर्व में नए गेट के खुलने से पर्यटन की दिशा में नया अध्याय जुड़ा है। इससे जहां सैलानियों को सुविधाजनक प्रवेश मिलेगा, वहीं आसपास के ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सफारी संचालन में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और उन्हें गाइड तथा ड्राइवर के रूप में प्रशिक्षण देकर जोड़ा जाएगा।उन्होंने यह भी घोषणा की कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए रिजर्व के अंदर एक स्थायी काउंटर स्थापित किया जाएगा, ताकि वे सीधे सैलानियों को अपने उत्पाद बेचकर आत्मनिर्भर बन सकें।

### प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

उद्घाटन समारोह में जिले के सभी प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रितुराज पासवान, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, डीएफओ टाइगर रिजर्व मनीष सिंह सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।बराही गेट से इस वर्ष पहली बार पर्यटकों की एंट्री शुरू हुई है। यह मार्ग माधोटांडा कस्बे से होकर जाता है। पर्यटन सत्र के पहले दिन ही कई स्कूलों के बच्चों और सैलानियों ने मुफ्त जंगल सफारी का आनंद लिया। सैलानियों ने जंगल की प्राकृतिक छटा, चूका बीच का सौंदर्य और जंगली जीवों की झलक देख कर उत्साह व्यक्त किया।

### बराही गेट तक पहुंचने में सैलानियों को हुई परेशानी

हालांकि पर्यटन सत्र के शुभारंभ के साथ ही बराही गेट तक पहुंचने वाले रास्ते की बदहाल स्थिति सैलानियों के उत्साह पर भारी पड़ी। रास्ते में कई स्थानों पर सड़कें उखड़ी हुई थीं और धूल भरे गड्ढों से वाहन गुजरना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। एक हिस्से में तो सड़क निर्माण कार्य चलने के कारण जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटन सत्र शुरू होने से पहले प्रशासन को सड़कों की मरम्मत करानी चाहिए थी, ताकि बाहरी सैलानियों पर अच्छा प्रभाव पड़ता।

### पहले ही दिन नियमों की उड़ाई धज्जियां

टाइगर रिजर्व में निजी वाहनों का प्रवेश सख्त वर्जित है, मगर उद्घाटन समारोह के दौरान यह नियम भी ताक पर रख दिया गया। जैसे ही मंत्री डॉ. सक्सेना का काफिला सफारी वाहन से जंगल में आगे बढ़ा, वैसे ही उनके साथ कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की निजी गाड़ियां भी जंगल में घुस गईं। इन वाहनों में सीडीओ, एसडीएम, सीओ और ब्लॉक प्रमुख के नाम-पट्टिकाओं वाली गाड़ियां शामिल थीं।इस दौरान अन्य सैलानियों और स्कूलों के बच्चों को अपनी गाड़ियों में काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। नियमों की अनदेखी से कई पर्यटकों में असंतोष भी देखने को मिला। डीएफओ मनीष सिंह भी उस समय सफारी वाहन के साथ जंगल में मौजूद थे। इस संबंध में पूछे जाने पर वन संरक्षक पीपी सिंह ने कहा कि फ़यह उद्घाटन का अवसर था, कुछ वाहन साथ गए होंगे, फिर भी यदि निजी वाहनों के प्रवेश की बात सामने आई है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन संवर्धन पर जोर

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस सत्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटक सुविधाओं में सुधार पर भी ध्यान दिया गया है। पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीवों की निगरानी के लिए कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही, सफारी मार्गों को चिन्हित कर सीमित वाहनों की एंट्री सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित न हो।

## संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

- शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पलिया के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी संकल्प शर्मा,सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं,वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे।जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है।गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करें।इस समाधान दिवस में कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए,जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 07, नगर निकाय की 05, विकास विभाग की 04,आपूर्ति 02 और अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं।सभी प्रार्थना पत्रों को पृच्छांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया।इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता,एसडीएम डॉ अवनीश कुमार,पीडी एसएन चौरसिया,डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोला खेल महोत्सव का श्वेत कबूतर उड़ाकर भव्य शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सव की थीम के साथ एक नवम्बर शनिवार को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में खेल ध्वज फहराकर शुभारंभ किया गया।गोला खेल महोत्सव के प्रथम दिन मैराथन दौड़ से पूर्व भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी।कल उनकी 150वीं जयंती थी।मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने उपस्थित खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि,÷ हमें मानसिक शक्ति के साथ शारीरिक शक्ति के विकास करने में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है।विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी ने कहा,÷ खेल हमें अनुशासन में रहना सिखाते हैं।नगर पालिका अध्यक्ष का अच्छा और सराहनीय प्रयास है कि जिससे गोला की प्रतिभाओं को अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा,÷ गोला खेल महोत्सव से नगर की प्रतिभाओं को एक नई पहचान मिलेगी और मैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पूरा प्रयास करूंगा।रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अतिथि रमेश तिवारी एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया।सभी प्रतिभागियों ने स्टेडियम से अशोक चौराहा, मोहम्दी रोड पुरानी बाईपास से विकास चौराहा होते हुए अशोक चौराहा,अलीगंज रोड मण्डी समिति से भूतनाथ रोड से लखीमपुर रोड़ से रतन द्वार होते हुए स्टेडियम गेट पर दौड़ समाप्त की।मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान आरिफ, द्वतीय प्रदीप पाल,तृतीय अजीत ने प्राप्त किया।इस अवसर पर गोला खेल महोत्सव संयोजक श्याम मूर्ति शुक्ला,सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सैनिक कल्याण परिसर में दो दुकानें आवंटन हेतु उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के आश्रितों को सूचित करते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर, लखीमपुर खीरी में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की दो दुकानें आवंटन हेतु उपलब्ध हैं ।इन दुकानों का आवंटन उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाएगा। प्रत्येक दुकान के लिए ?10,000/- की सिक्योरिटी डिपॉजिट तथा ?3,150/- प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया है। पात्र आवेदकों को दोनों में से किसी एक दुकान का आवंटन किया जाएगा। जनपद के इच्छुक पूर्व सैनिक एवं शहीद सैनिकों के आश्रित अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 4 नवम्बर 2025 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, लखीमपुर खीरी में व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं ।जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि यह पहल पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिजनों को स्वावलंबन की दिशा में सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है।

### बेटे और बहू से परेशान बुजुर्ग ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील हजारा क्षेत्र के गांव सिद्धनगर निवासी श्यामकुमार शर्मा पुत्र प्रकाशचंद्र शर्मा ने अपने बेटे और बहू पर जमीन हड़पने की साजिश का आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है। श्यामकुमार के अनुसार, उनके नाम पांच एकड़ कृषि भूमि दर्ज है। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों से वह घर से दूर सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपने बेटे और बहू से जान का खतरा है ।बुजुर्ग का कहना है कि उनकी अनुपस्थिति में बेटा और बहू जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे की ओर से उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है, ताकि जमीन पर कब्जे की राह आसान हो सके। श्यामकुमार ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी भूमि पर कब्जा होने दिया, तो वे प्रशासन के सामने आत्मदाह करेंगे। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

### युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के मुसरिया गांव में शनिवार को एक 19 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतका मधु (19) पुत्री मोतीराम कोरी गांव मुसरिया की रहने वाली थी। परिजनों के अनुसार, शनिवार दोपहर उसके माता-पिता लकवे की दवा लेने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। इस दौरान मधु घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने दूसरे मकान में गई, जहां वह सिलाई-कढ़ाई का काम करती थी। वहीं कमरे के कुंडे में कपड़े का फंदा बनाकर उसने फांसी लगा ली। जब परिजन लौटे तो मधु को फंदे से झूलता देख उनके होश उड़ गए। पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर बरखेड़ा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि युवती किसी प्रेम-प्रसंग के चलते मानसिक रूप से परेशान चल रही थी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। थानाध्यक्ष बरखेड़ा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### डायमंड क्लब ने जीता चंदिया हजारा फुटबॉल का फाइनल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में चल रहे मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। निर्णायक क्षणों में हुई पेनाल्टी शूटआउट में डायमंड फुटबॉल क्लब ने मैक्स इंफ्रा फुटबॉल क्लब लखनऊ को पराजित कर खिताब अपने नाम किया ।टूर्नामेंट का आयोजन विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब की ओर से किया गया था। शुरुआती पलों से ही डायमंड क्लब ने 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन इंटरवल से पहले लखनफ ने एक गोल दागकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष जारी रहा। मैच बराबरी पर समाप्त होने के बाद पांच-पांच पेनाल्टी गोल कराए गए, जिनमें भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। निर्णायक दो पेनाल्टी में डायमंड क्लब ने 0-1 से जीत हासिल की। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह और तालियों की गूंज बनी रही ।विजेता टीम को अनुज नर्सिंग होम की ओर से ?31,000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी गई, जबकि उपविजेता टीम को ?1,500 और ट्रॉफी अरविंद मंडल द्वारा प्रदान की गई ।टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज डायमंड क्लब के मन्नत चंद्र तथा मैन ऑफ द मैच दीपेश ओली रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू, प्रवीर सरकार, जंयत सरदार, दीपंकर हलधर, डॉ. सुशांत हलधर, इंजीनियर संजय विश्वास, गोरंग मंडल सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### दरोगा पर महिला को धमकाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्रांट नंबर 21 उर्फ ढक्का चांट निवासी सुमित्रा देवी पत्नी संतोष ने शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस विभाग के एक दरोगा की शिकायत की है। महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले पड़ोसियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसका मुकदमा पहले से दर्ज है। अब मुकदमे में नामजद आरोपी घर में घुसकर मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सुमित्रा देवी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी ।आरोप है कि इसके बाद संबंधित दरोगा महिला के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसे झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए प्रशासन से दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## विजिलेंस अवेयरनेस वीक पर एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

- पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक ने छात्रों को दिलाई ठगी से बचाव और ईमानदारी की शपथ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




विजिलेंस अवेयरनेस वीक (सतर्कता जागरूकता सप्ताह) के तहत आज पंजाब एंड सिंध बैंक, पीलीभीत शाखा की ओर से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता और साइबर सतर्कता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक शाखा प्रबंधक राधेश्याम प्रभाकर ने की, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक राधेश्याम प्रभाकर ने कहा कि आज के समय में बैंकिंग व्यवस्था तेजी से डिजिटल होती जा रही है। इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और ऑनलाइन लेन-देन ने सुविधाएँ तो बढ़ाई हैं, लेकिन इनके साथ साइबर ठगी के खतरे भी बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक करना, किसी को ओटीपी या पासवर्ड साझा करना, और फर्जी कॉल पर भरोसा करना ठगी का बड़ा कारण बनता है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि साइबर अपराधी अक्सर लोगों को लालच देकर या डर दिखाकर संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में थोड़ी सी सतर्कता से बड़ी वित्तीय हानि से बचा जा सकता है।

### छात्रों से परिवार व समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान

बैंक प्रबंधक ने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल खुद ही नहीं, बल्कि अपने परिवारजनों और समाज के अन्य लोगों को भी इस विषय में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, और यदि वे वित्तीय रूप से सजग रहेंगे तो समाज में पारदर्शिता और ईमानदारी स्वतः बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विजिलेंस अवेयरनेस वीक का उद्देश्य सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को ईमानदारी के प्रति प्रेरित करना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों में भी जागरूकता लाना है कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएँ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने सामूहिक रूप से सतर्कता, ईमानदारी और ठगी से बचाव की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न तो किसी प्रकार के अनुचित कार्य में शामिल होंगे और न ही दूसरों को ऐसा करने देंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में वित्तीय अनुशासन का भाव जगाते हैं, बल्कि उन्हें साइबर सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की समझ भी देते हैं।

### विद्यालय प्रबंधन ने की पहल की सराहना

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा किया गया यह प्रयास विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद रहा। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में ईमानदारी और सतर्कता का भाव विकसित हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ, ताकि बच्चे व्यवहारिक जीवन में सतर्क और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## तहसील समाधान दिवस मे गोला उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुनी गई समस्याएं कुल 48 शिकायतों मे 5 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



तहसील दिवस पर नवागत गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने तहसील सभागार में फरियादियों की सुनी शिकायतें, दिए निर्देश। तहसील दिवस की एक अहम बात।फरियादी सावित्री देवी पत्नी सत्यपाल सिंह, निवासी ग्रामपंचायत तेन्दुआई, ब्लॉक कुंभी का परिवार काफी गरीब है जो की काफी समय से अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए परेशान था,लेकिन राशनकार्ड नहीं बन पाया था।नवागत गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता मे गोला तहसील सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे तहसील समाधान दिवस के अवसर पर कुल मिलाकर 48 सिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से कुल 5 सिकायतो का मौके पर निस्तारण करते हुये अन्य 43 सिकायतें सक्षम अधिकारियो को अतिशीघ्र ही निस्तारण के लिये अग्रसारित की गई।इस अवसर पर नवागत गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी तहसीलदार भीमचंद्र थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला अंबर सिंह नायव तहसीलदार सर्वेस यादव के सहित तमाम विभागो के सक्षम अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्वाचन आयोग तत्काल संज्ञान ले, जांच समिति गठित करे : दिव्या गंगवार

- शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी मतदाता बनाए जाने की जांच की मांग
- समाजवादी पार्टी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, निर्वाचन आयोग से की उच्च स्तरीय जांच की अपील

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र में अवैध मतदाता बनाए जाने की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मुख्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश को संबोधित किया गया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बताया कि इस निर्वाचन क्षेत्र में शामिल बिजनौर, बरेली, पीलीभीत, मुरादाबाद, अमरोहा, बदायूं, शाहजहांपुर, संभल और रामपुर जनपदों के अंतर्गत निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों, लिपिकों, चौकीदारों, लैब असिस्टेंटों व मेडिकल स्टाफ को शिक्षक दर्शाकर फर्जी तरीके से मतदाता बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्वाचन आयोग के नियमों का गंभीर उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि भारत निर्वाचन आयोग तत्काल इस प्रकरण में संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करे तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि शिक्षक निर्वाचन पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सके। बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, मखदूम खान, काशीराम सरोज, पीलीभीत सदर विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी, अमित पाठक एडवोकेट, कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन, धनपति वर्मा एडवोकेट, रियाज़ खां, तथा बरखेड़ा विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गन्ना तुलाने को लेकर किसानों में विवाद, पुलिस पहुंची सेंटर पर

**पूरनपुर।** गन्ना पेराई सत्र के शुभारंभ के दिन ही किसानों के बीच गन्ना तौल को लेकर विवाद खड़ा हो गया। शनिवार को गांव गढ़ा कला में स्थित गुलरिया चीनी मिल सेंटर पर दो पक्षों के बीच अर्ली पर्ची पर सामान्य गन्ना तौलने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाने तक जा पहुंचा।जानकारी के मुताबिक, इस बार गढ़ा कला का सेंटर गोला गोकर्णनाथ मिल से बदलकर गुलरिया चीनी मिल को आवंटित किया गया है। सेंटर का शुभारंभ शनिवार को हुआ था। इसी दौरान एक किसान अर्ली पर्ची पर सामान्य गन्ने की ट्राली लेकर पहुंच गया। मिल कर्मियों ने यह कहते हुए तौलने से मना कर दिया कि अर्ली पर्ची केवल परिपक्व गन्ने के लिए मान्य है। इस बात पर किसान ने ट्राली सेंटर के कांटे पर खड़ी कर दी, जिससे तौल कार्य बाधित हो गया और अन्य किसानों में भी नाराजगी फैल गई। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। सेंटर इंचार्ज सेहराम उत्तरी ने मामले की सूचना इंस्पेक्टर संजय कुमार को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत कराया। पुलिस के निर्देश पर कांटे पर खड़ी ट्राली हटवाकर तौल कार्य दोबारा शुरू कराया गया।

## 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा सैनिक सम्मेलन एवं उत्कृष्ट कार्मिकों का सम्मान



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट) द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों से संवाद स्थापित किया गया।सैनिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बल के कार्मिकों को संगठनात्मक प्राथमिकताओं, नीतिगत निर्देशों एवं उच्च मुख्यालय से प्राप्त नवीनतम आदेशों से अवगत कराना तथा उनके बीच समन्वय और पारस्परिक संवाद को सुदृढ़ करना रहा।सम्मेलन के दौरान मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी, 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीमपुर खीरी ने कार्मिकों को व्यावसायिक दक्षता,अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बल के मिशन सेवा,सुरक्षा एवं बंधुत्व÷ के मूलमंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया।इस अवसर पर उन्होंने बल की वर्तमान चुनौतियों एवं संचालनात्मक आवश्यकताओं पर भी चर्चा की तथा सभी को राष्ट्रसेवा में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण की भावना से कार्य करने का संदेश दिया।सम्मेलन के दौरान कार्मिकों से उनकी व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक समस्याओं के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए।कई कार्मिकों ने अपने अनुभव साझा किए, जिन पर द्वितीय कमान अधिकारी ने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के उपरांत, मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा उच्च मुख्यालय से प्राप्त 70वीं वाहिनी एसएसबी के 04 कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक एवं पुलिस आंतरिक सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### बाल वर्ग की प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस। मैगलगंज खीरी।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में साक्षात्कार आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम आयोजनकर्ता छात्र सांसद प्रमुख आचार्य आशीष कुमार की पूर्व योजना के अनुसार हुआ ।कार्यक्रम में बाल वर्ग से 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।मैगलगंज कस्बा स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान कल 30 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें कक्षा 8 के छात्र आशीष कुमार गुप्ता को 30 अंकों में से 27 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर कक्षा 8 के छात्र अंकुश व तृतीय स्थान पर कक्षा 7 के छात्र आयुष श्रीवास्तव रहे। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में कुल 300 पाठक पुस्तक के प्रश्न उत्तरों पर आधारित सवाल पूछे गए जिनमें प्रत्येक छात्र से 30 प्रश्न पूछे गए थे और प्रत्येक प्रश्न का एक अंक था कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका में सुमित मिश्रा, गोविंद गुप्ता, सत्येंद्र, देवाशीष, अर्जुन, कालू गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे ।विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय का पूरा परिवार उपस्थित रहा ।कार्यक्रम की व्यवस्था शिशु मंदिर प्रभारी अमरनाथ मिश्रा व देवेश के द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम आयोजक छात्र संसद आचार्य आशीष कुमार रहे।

# लाभप्रद योजनाओं को समस्त गरीब व पात्र लोगों तक पहुंचायें : डीएम

## पीड़ित को समय पर न्याय दिलाने के साथ अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें:-अनुनय झा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



बिलग्राम तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त निर्माण कार्यो को गुणवत्ता परक कराने के साथ भारत एवं प्रदेश सरकार की लाभप्रद योजनाओं को समस्त गरीब एवं पात्र लोगों तक पहुंचायें तथा प्रदेश सरकारी की मंशानुसार प्रत्येक पीड़ित को समय पर न्याय दिलाने के साथ अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर डीएम ने राजस्व विभाग के कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि सभी ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों का निरीक्षण करें और सरकारी एवं गरीबों की अवैध रूप से की गयी भूमि को चिन्हित करें और भूमाफियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस बल के सहयोग से सभी भूमि कब्जा मुक्त करायें। राशन वितरण में अनियमितता की शिकायतों पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में अनियमिता करने वाले दुकानों को निरस्त करें और कड़ी कार्यवाही करें, विद्युत विभाग की शिकायतों के संबंध में डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास करें। वृद्वावस्था, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बंद हो गयी है उनका सत्यापन कराकर उनकी पेंशन पुनः बहाल करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करायें। इस अवसर पर जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## गेट रखने पर विवाद, रिपोर्ट दर्ज

जनएक्सप्रेस/हरपालपुर। हरपालपुर।गेट रखने के विवाद को लेकर आरोपियों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया हैं।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैं। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवास राकेश पुत्र स्वर्गीय श्रीराम ने कोतवाली पर तहरीर देकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया है कि 31 अक्टूबर समय करीब सुबह 7:00 अपने घर के अंदर मौजूद था। तभी गांव के रामलडैते समेत चार लोग उसके पास आए और गाली गलौज करने लगे.गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लात-घूंसो व लाठी-डंडों से मारपीट की हैं।जिससे उसको शारीरिक चोटे आई हैं।पुलिस तहरीर में बताया हैं कि आरोपियों ने पीड़ित के भाई रामपाल का दरवाजा तोड़ दिया हैं तथा आरोपी जान से मार डाले की धमकी देती हो चले गए.पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पर आरोपियों के खिलाफ उपयोग प्राथमिकी दर्ज की हैं।हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में चोरी के आभूषण व अवैध शस्त्र सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । हरदोई

थाना सांडी पुलिस टीम ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण, नगदी और अवैध तमंचा बरामद किया गया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।
जानकारी के अनुसार बीती 24 अक्टूबर को थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला नवाबगंज निवासी संजय राजपूत पुत्र सत्यप्रकाश सिंह के घर से लगभग 60,000 रुपये मूल्य के आभूषण चोरी हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान काजीपुर थाना बिलग्राम निवासी कमरुल पुत्र अन्ना के रूप में हुई।थाना सांडी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त बघौली सांडी रोड पर मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी की, जिस पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से अभियुक्त कमल घायल हो गया। उसे उपचार हेतु सीएचसी सांडी भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी किए गए आभूषण और 9200 रुपये नगद बरामद हुए।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ जनपद के कई थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना सांडी पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस सफलता पर सराहना व्यक्त की है।

### 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर आरोपी को किया गिरफ्तार



जनएक्सप्रेस/शाहाबाद। पाली व शाहाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से 25 हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 20 अगस्त को थाना प्रभारी पाली सोमपाल गंगवार द्वारा शिवम गुप्ता उर्फ मूली पुत्र अनिल कुमार गुप्ता निवासी बाजार शम्भा थाना शाहाबाद सहित कुल 09 लोगों के विरुद्ध आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित रुप से गिरोह बनाकर चोरी करने और दहशत फैलाने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की थी। शाहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनद नारायण त्रिपाठी,पाली थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने शनिवार को दोपहर 12:00 बजे बताया संयुक्त रूप से घेराबंदी करके शिवम गुप्ता उर्फ मूली को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद 07 अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा अभियुक्त शिवम गुप्ता उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु 25,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

## थाना प्रभारी ने नए कानूनों के बारे में लोगो को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



अरवल थाना प्रभारी ने अभियान दंड से न्याय की ओर तहत गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को नए आपराधिक कानून के बारे में विस्तृत जानकारियां दी।
जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बेड़ीजोर गांव में शनिवार को आयोजित गोष्ठी में अरवल के थाना प्रभारी अमित सिंह ने ग्रामीणों को नए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कानून के बारे में जानकारी दी गई। जीरो एफआईआर,ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय,महिला और बाल संरक्षण के प्रावधान,नए अपराध, प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्रावधान।पुलिस ने महिला सुरक्षा,घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने और अपने अधिकारों को जानने के लिए सभी को प्रेरित किया। महिला उप निरीक्षक दीक्षा कटियार ने कहा कि यदि कोई सोशल मीडिया पर परेशान करता है या अश्लील मैसेज भेजता है, तो तुरंत शिकायत करें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी उन्होंने लोगों को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

# ग्राम लोधा में सम्पन्न हुआ तुलसी विवाह, जगाये देव

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवोत्थान एकादशी अथवा देव प्रबोधिनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागकर सृष्टि का संचालन अपने हाथों में लेते हैं। देवोत्थान एकादशी के उपलक्ष्य में तुलसी विवाह का पर्व बड़े धूम धाम से शहर के लोधा क्षेत्र में चल रहे विशाल श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में मनाया गया।
वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुण्डीय महायज्ञ में शनिवार को आचार्य गौरव शास्त्री,रवि शास्त्री,विनीत शास्त्री,कृष्णा,मोनू,विवेक आदि विद्वानों ने प्रातःकालीन बेला में वैदिक विधि विधान से देवताओं का आवाहन एवं पूजन अर्चन किया उसके बाद महायज्ञ में आहुतियाँ दिलवायीं।इसके उपरांत भगवान शालिग्राम और तुलसी विवाह भी सम्पन्न करवाया गया। यज्ञ पांडाल में उपस्थित भारी भक्तों की भीड़ के समक्ष स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि तुलसी विवाह को भगवान विष्णु और माता तुलसी के दैविक मिलन का प्रतीक माना जाता है,पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता तुलसी पूर्व में वृंदा नाम की तपस्विनी थीं। उनके सत्य व्रत की रक्षा करने के लिए भगवान विष्णु स्वयं शालिग्राम रूप में आए, तभी से तुलसी और शालिग्राम का विवाह की परंपरा पड़ी। तुलसी जी का सनातन परम्परा में अत्यंत महत्व है इनके बिना सभी पूजा पाठ और धार्मिक आयोजन अधूरे माने जाते हैं,पृथ्वी पर रहने बाले जीवों को जन्म से लेकर मृत्यु तक पावन पवित्र बना कर मोक्षका द्वार प्रसस्त कर भगवान नारायण की प्रीति प्राप्त कराती है।
तुलसी विवाह के महत्व के विषय में उन्होंने कहा कि मान्यता है कि जो व्यक्ति देवोत्थान एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह करता है उसके घर में सौभाग्य,शांति और धन समृद्धि का वास होता है।वहीं वैवाहिक जीवन में बाधाएँ या देरी होती है, उन्हें तुलसी विवाह में भाग लेना अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन मां लक्ष्मी के 108 नामों का जप भी आवश्यक माना गया है। यज्ञ अनुष्ठान एवं तुलसी विवाह उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की।

## दो पहिया वाहन चालक हेलमेट व चार पहिया वाहन सवार सीट बेल्ट अवश्य लगायें : डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

यातायात माह नम्बर 2025 को शुभारम्भ डीएम अनुनय झा ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित भव्य सड़क सुरक्षा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों, छात्र एवं छात्राओं को यातायात सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी जिसे समस्त उपस्थित लोगों ने दोहराया।डीएम ने शपथ में कहा कि सभी जनपदवासी यातायात नियमों के तहत दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठे व्यक्ति अनिववार्य रूप अच्छी गुणवत्ता के हैलमेट लगायेगें तथा चार पलिया वाहन चालक आदि सीट बेल्ड अवश्य लगायेगें। उन्होने कहा सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चलाते समय सड़क संकेत पर ध्यान दें, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलायेगें, गलत दिशा में एवं तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेगें, यातायात नियमों का पालन करेगें, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करेगें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन नहीं चलायेगें और सोच समझ कर अनुशासित वाहन चलायेगें।डीएम ने कहा कि दुर्घटना के मुख्य कारण चार नशा, नीद, रफ्तार और अधिक भार है, इसलिए ''जीवन से करें प्यार, घर पर सभी को है आपका इंतजार''। कार्यक्रम में एएसपी पूर्वी व पश्चिमी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व समस्त राजपत्रित अधिकारी, पुलिस कर्मी, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

जन एक्सप्रेस । उरई



जनता की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से तहसील कालपी के सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान आम नागरिकों की शिकायतें गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
डीएम ने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में मौके पर जांच आवश्यक है, वहां राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवर आदि सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण के समय जीपीएस फोटो सहित स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें। कोई भी अधिकारी अपने कार्यालय में बैठकर बिना निरीक्षण के निस्तारण नहीं करेगा, अन्यथा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। एसपी ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता का विश्वास कायम रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे जनता से संवाद बनाए रखें और शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 39 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित टीमों को आज शाम तक गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अबधेश सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन होने के बाद हालत बिगड़ने से युवक की मौत

उरई। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन कराने के बाद हालत बिगड़ने से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही से इलाज कराने का आरोप लगाया है। मेडिकल कॉलेज में यह कोई पहली घटना नहीं है, यहां पहले भी कई मामले घटित हो चुके हैं।
शहर कोतवाली क्षेत्र के पडूली गांव निवासी मिलन 30 वर्ष को प्राइवेट पार्ट में अचानक दर्द होने लगा। इस पर परिजन उसे 25 अक्तूबर को मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन करने की सलाह दी। इस पर परिजनों ने उसे भर्ती करा दिया। शुक्रवार की रात को ही उसका ऑपरेशन किया गया, और रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। जब उसकी मां बुद्धा देवी व भाभी अंदर पहुंची तो डॉक्टरों ने बताया ?कि उसे अटैक आया है, और वह सही हो जाएगा। उसके कुछ ही देर बाद डॉक्टर बाहर आए और उसकी मौत होने की जानकारी दी। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धक्के देकर बाहर निकाल दिया।

# यातायात माह का शुभारंभ, डीएम-एसपी ने दिलाई सुरक्षित यातायात की शपथ

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर के पुलिस लाइन में शनिवार को सड़क सुरक्षा (यातायात माह) का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। साथ ही यातायात जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
डीएम ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि लापरवाही और नियमों की अनदेखी सड़क हादसों का प्रमुख कारण है। यदि सभी लोग नियमों का पालन करें तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा व्यक्ति का जीवन अनमोल है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही से इसे खतरे में न डालें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को कम उम्र में वाहन न चलाने दें और उन्हें यातायात अनुशासन का पाठ अवश्य पढ़ाएं। एसपी ने कहा कि यातायात माह के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना प्राथमिकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, ओवरस्पीड से बचें, और चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से शहर में जागरूकता अभियान चलाया गया और पंपलेट वितरण कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, सीओ सिटी अर्चना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, एआरटीओ राजेश कुमार, प्रभारी यातायात निरीक्षक वीर बहादुर, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, अधिकारी व छात्र-छात्राएं एवं सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## युवक ने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवकली में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।।परिजनो ने पुलिस को बगैर सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।
नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवकली निवासी प्रताप सिंह यादव का पुत्र छोटे शुक्रवार देर रात खाना खाने के बाद सोने चला गया था।शनिवार सुबह समय रहते अपने कमरे से बाहर न आने पर परिजन उसके कमरे पर पहुंचे। जहां पर उन्हें पुत्र फांसी के फन्दे पर लटकता हुआ मिला। पुत्र को फांसी पर लटका देख परिजनो में चीख-पुकार मच गई और उन्होंने उसे नीचे उतारा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।
देखते ही देखते मौके पर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। बताया गया कि परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। जिससे उसकी मौत का राज भी आग के साथ खाक हो गया है। मामले में कोतवाली प्रभारी से इस सम्बन्ध में बात की गई तो उन्होने किसी भी तरह की जानकारी से इनकार किया है।

## सिर्फ 10 महीनों में ही स्कोडा ऑटो इंडिया की सालाना बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस । आगरा

वर्ष 2025, स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए ऐतिहासिक रहा है - कंपनी ने भारत में अपने 25 साल पूरे किए हैं। इसी वर्ष के अक्टूबर महीने में ब्रांड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, देश में अपनी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार किया।
जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच स्कोडा ऑटो इंडिया ने 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह उपलब्धि कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही और अर्धवार्षिक प्रदर्शन के बाद आई है। अक्टूबर 2025 में 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री भी दर्ज की है। इस शानदार वृद्धि के पीछे सबसे बड़ी भूमिका रही स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक की, जिसकी बिक्री निरंतर मज़बूती से बढ़ रही है। इसके साथ ही, ब्रांड की फ्लैगशिप लक्ज़री 4गुणा4 कोडियाक, लोकप्रिय कुशाक और स्लाविया मॉडलों का योगदान भी लगातार बना हुआ है। वहीं, उच्च-प्रदर्शन वाली ऑक्टैविया आरएस लॉन्च के केवल 20 मिनट के भीतर ही पूरी तरह बिक गई।
इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बारे में आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया, ने कहा, हमने वर्ष 2025 की शुरुआत भारत में ब्रांड को मज़बूती से आगे बढ़ाने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के संकल्प के साथ की थी। यह अब तक की सबसे बड़ी बिक्री हमारे स्पष्ट दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और तेज़ कार्यान्वयन का प्रमाण है।

# मीट एट आगरा के लिए ओद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को किया आमंत्रित

- मंत्री नन्दी ने फुटवियर इण्डस्ट्री के भव्य आयोजन में उपस्थिति के लिए किया आश्वस्त

जन एक्सप्रेस । आगरा



आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एण्ड एक्सपोर्टर्स चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास 6 कालीदास मार्ग पर मुलाकात कर सात से नौ नवम्बर तक आगरा के ट्रेड सेंटर में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय भव्य आयोजन ÷मीट एट आगरा÷ में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री नन्दी ने फुटवियर उद्योग के प्रोत्साहन, नवाचार और वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश का नाम मजबूती के साथ स्थापित करने वाले इस भव्य आयोजन में उपस्थिति के लिए आश्वस्त किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एण्ड एक्सपोर्टर्स चैम्बर के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने कहा कि तीन दिवसीय मीट एट आगरा के 17वें संस्करण में फैक्ट्रियों के मालिकों के साथ ही उनके सहयोगियों को भी आमंत्रित किया गया है। ताकि फुटवियर इण्डस्ट्री को और अपग्रेड किया जा सके। कहा कि फुटवियर इण्डस्ट्री के लोगों को हर साल होने वाले इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस आयोजन को लेकर फुटवियर इण्डस्ट्री उत्साहित है। यहां नए इनोवेशन, नया डिमांड और नए बिजनेस मौके देखने को मिलेंगे। कहा कि मीट एट आगरा केवल इवेंट नहीं है, बल्कि फुटवियर इण्डस्ट्री का बड़ा त्यौहार बन चुका है। इण्डस्ट्री को इंतजार रहता है। जहां नए ट्रेंड, नई टेक्नोलॉजी और शानदार अवसर एक ही जगह पर उद्यमियों को मिलेंगे। प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष गोपाल गुप्ता के अलावा, उपाध्यक्ष राजीव वासन, राजेश सहगल, सुनील मनचंदा, अनिरूद्ध तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एशियन पेंट्स ने 'हर घर कुछ कहता है' का जादू फिर से जगाया

जन एक्सप्रेस । आगरा

एशियन पेंट्स फिर लेकर आया है अपना लोकप्रिय अभियान हर घर कुछ कहता है, जिसमें आधुनिक घरों और रिश्तों की झलक दिखाई देगी। नए विज्ञापन में परिवार द्वारा बिताए गए शांत, महत्वपूर्ण और यादगार पलों को उजागर करने के लिए कहानी का उपयोग किया गया है।
यह अभियान दर्शाता है कि भारतीय घर कैसे बदल रहे हैं, किस तरह भारतीय घर भावनाओं और उत्साह से भरे हैं, जिन्हें उनमें रहने वाले लोग आकार और स्वरूप देते हैं। यह अभियान इस बात की खुशी मनाता है कि कैसे परिवार और हर व्यक्ति अपने अलग अंदाज़, अपने व्यक्तित्व, अपनी रचनात्मकता के ज़रिए अपने घर को अनोखा और संपूर्ण बनाता है।
यह ऐड फ़िल्म घर की खूबसूरती को एक नए और आधुनिक अंदाज़ में तो पेश करती ही है, साथ ही बैकग्राउंड में हर घर की मूल भावना को भी बनाए रखती है। हल्की-फुल्की कहानियां और खूबसूरत दृश्य बताते हैं कि लोग अपने घरों को कैसे खास बनाते हैं-जैसे एक युवा कपल अपने स्पेस को पर्सनल बनाता है, एक फ़ूड व्लॉगर अपनी दादी की मदद से फ़िल्में बनाता है, एक बुज़ुर्ग कपल अपने विदेशी मेहमान का गर्मजोशी से स्वागत करता है और एक पेट पेरेंट अपने पालतू जानवर को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। हर कहानी उन छोटे-छोटे पलों की खुशियां मनाती है जो ईंट-पत्थरों से बने एक मकान को भावनाओं से भरा एक घर बनाते हैं।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं शिकायतें, छह मामलों का मौके पर निस्तारण



जन एक्सप्रेस | महराजगंज

तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनशिकायतों की सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 24 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें से 06 मामलों का निस्तारण मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा कराया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ताओं से स्वयं संवाद स्थापित कर समस्याओं की वास्तविकता जानें और संतोषजनक समाधान प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) को निर्देशित किया कि अन्त्योदय कार्डों का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलवाया जाए। साथ ही सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर फीडबैक भी उपलब्ध कराएं।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, तहसीलदार पंकज शाही सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की कार्रवाई: महिला को मृतक दिखाने वाला ग्राम सचिव निलंबित

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

- जिलाधिकारी ने कहा जनता के अधिकारों से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई
- सचिव ने जीवित महिला को अभिलेखों में मृतक दिखाया, वृद्धावस्था पेंशन हुआ था बंद

जनपद के तहसील दिवस में आई एक महिला फरियादी की गंभीर शिकायत पर जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। मामला ग्राम पंचायत सेखुई, ब्लॉक मिठौरा का है, जहां महिला इंद्रावती ने आरोप लगाया था कि सचिव ने पहले उसे पात्र दिखाया, पर बाद में अभिलेखों में मृतक दर्शा दिया, जिससे उसका वृद्धावस्था पेंशन रुक गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को मिठौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेखुई निवासी महिला इंद्रावती ने आरोप लगाया कि ग्राम सचिव रंगपाल चौधरी ने पहले उन्हें पात्र घोषित किया, पर बाद में अभिलेखों में मृतक दर्शा दिया। इसके चलते उनका वृद्धावस्था पेंशन बंद हो गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जांच के आदेश दिए। जिला पंचायतराज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने मौके पर जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौंपी। जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर सचिव रंगपाल चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीएम श्री शर्मा ने कहा कि ÷जनहित से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही या कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की मंशा है कि आमजन को पारदर्शी और निष्पक्ष प्रशासन मिले।÷ उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर अभिलेखों की नियमित जांच हो और हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की धूमधाम से मनाई गई जयंती




जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के मंगरौरा विकास खंड अंतर्गत जकीय महाविद्यालयमें शासन एवं उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ अजय सिंह यादव के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय एकता के स्तंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती उत्साहपूर्वक मनायी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता अखंडता की शपथ ली गई तथा %रन फॉर यूनिटी% रैली निकाली गई। प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश के प्रति किये गये योगदान को याद किया तथा युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए आह्वान किया।एन एस एस प्रभारी डॉ विनोद यादव ने कहा कि दृढ़ संकल्प,समर्पण और त्याग से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। कार्यक्रम में छात्र छात्र-छात्राओं द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन समारोहक राहुल कुमार सिंह ने किया तथा अजय कुमार यादव सहा प्रोफेसर समाजशास्त्र, विवेक चित्रांशी, वीरेन्द्र बहादुर यादव, बृजेश, संजय, सलमान उपस्थित रहे।

# बार्डर पर एसएसबी ने नाबालिग लड़की को नेपाल ले जाते समय युवक पकड़ा

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मुस्लिम युवक नाबालिग हिन्दू लड़की को बहला-फुसलाकर नेपाल ले जाने की फिराक में था। शुक्रवार की दोपहर जब वह लड़की को लेकर सीमा पार करने जा रहा था, तभी बार्डर पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों और मानव सेवा संस्थान के कर्मचारियों को दोनों की गतिविधियों पर शक हुआ। जांच-पड़ताल में मामला संदिग्ध लगने पर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। दोनों को तत्काल ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन के हवाले कर दिया गया। प्रारंभित पूछताछ में पता चला कि एक समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग लड़की को शादी के बहाने दूसरे देश यानि नेपाल राष्ट्र ले जा रहा था। मामले में कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर आरोपी मोहम्मद शाहिल पुत्र मोहम्मद ताहिर खिलाफ अपराध संख्या 118/25 धारा 87, 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला नाबालिग के अपहरण और धर्मांतरण की आशंका से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है, जबकि आरोपी से पूछताछ जारी है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से संभावित गंभीर वारदात टल गई।

# शिशु गृह में अनाथ बच्चों संग मनाया गया खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन



जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

खाटू श्याम बाबा जी के जन्मदिन के उपलक्ष में आज पत्रकार टीम द्वारा बाबा राम उदित सेवा संस्थान शुकुलपुर दहिलामऊ सदर प्रतापगढ़ स्थित शिशु गृह में पत्रकारों द्वारा अनाथ बच्चों से केक कटवा कर खाटू श्याम बाबा जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया उसके बाद सभी बच्चों को केक ,चाकलेट,चिप्स,मिठाई,फल खिलाया गया इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली केक काटकर बच्चों के चेहरे पर खुशी का ठिकाना न रहा इस मौके पर बाबा राम उदित सेवा संस्थान के संचालक, स्मृति मिश्रा अधीक्षिका , ननका आया, प्रभावती शुक्ला, रत्नेश शुक्ला,भगत गौड़ सुरक्षाकर्मी,अनीता शुक्ल स्टोर कीपर, व पत्रकार गणेश राय ,पत्रकार अमित सिंह,पत्रकार विकास गुप्ता,पत्रकार अमितेश मिश्रा,पत्रकार अतुल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# महराजगंज महोत्सव में पहलवानों का दमखम हुआ कुश्ती प्रतियोगिता

## डीएम और एसपी ने प्रतियोगिता किया शुभारंभ, विजेता पहलवानों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महराजगंज महोत्सव के अंतर्गत सरदार पटले की 150वीं जयंती एवं मिशन शक्ति फेस-5 के तहत शनिवार को कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कमांडेंट होमगार्ड, जिला युवा कल्याण अधिकारी, व्यायाम प्रशिक्षक तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। पुरुष वर्ग की विभिन्न भार वर्गों में विजेता खिलाड़ी इस प्रकार रहे। जो 53 किलोग्राम में आजाद कुमार, 57 किलोग्राम में आर्यन यादव, 65 किलोग्राम में अमित यादव, 74 किलोग्राम में फैज़ल अली बंजारा, 86 किलोग्राम में नितेश यादव तथा 97 किलोग्राम में निखिल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं महिला वर्ग में 38 किलोग्राम में खुशी गुप्ता, 43 किलोग्राम में आकृति अंबेडकर, 49 किलोग्राम में आंचल गुप्ता एवं 56 किलोग्राम में कविता यादव ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में अजीत राय, श्याम करण यादव तथा कुश्ती कोच श्री धर्मेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजकों के अनुसार, सभी विजेताओं को 2 नवंबर 2025 को महराजगंज महोत्सव के मुख्य मंच से पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद की रानीगंज तहसील में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी और एसपी दीपक भूकर की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान राजस्व विभाग से 96, पुलिस विभाग से 39, विकास विभाग से 14, समाज कल्याण से 01 एवं अन्य विभागों से 38 शिकायतों समेत कुल 188 शिकायतें आई। जिनमें से 12 शिकायतों का डीएम द्वारा मौके पर ही निस्तारण कराया गया। बाकी सम्बन्धित विभाग को शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा और कहा कि समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाये। जिससे शिकायतकर्ता अपनी समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाये। जिन-जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी दीपक भूकर ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी रानीगंज विमल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए एन प्रसाद, जिला विकास अधिकारी के.एन. पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दर्दनाक: बुखार से दो मासूम सगे भाई बहन की मौत, गांव में पसरा मातम

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जनपद के बाघराय थाना इलाके के लच्छीपुर देवरपट्टी गांव में बुखार से पीड़ित दो मासूम सगे भाई-बहन की मौत से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार देवर पट्टी लच्छीपुर गांव निवासी वीरेंद्र सरोज की बेटी तन्वी सरोज ( 4 वर्ष ) और बेटा अतीक सरोज ( 2 वर्ष ) पिछले दो तीन दिनों से तेज बुखार से ग्रस्त थे। परिजनों ने पहले तन्वी को इलाज के लिए कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित श्रद्धालु हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी हालत बिगड़ती चली गई और गुरुवार को उसकी सांसें थम गई। बेटी की मौत के कुछ ही घंटे बाद छोटे बेटे अतीक की तबीयत भी गंभीर हो गई। उसे तत्काल प्रयागराज के चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों की पूरी कोशिश के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# यातायात माह का शुभारम्भ: एसपी ने की नियमों का पालन करने की अपील

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद में शनिवार को एसपी दीपक भूकर ने फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ किया। यातायात माह नवम्बर-2025 के तहत नगर कोतवाली थाना अंतर्गत राजापाल टंकी चौराहे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक भूकर ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वाहन चालक यदि निर्धारित नियमों का पालन करें तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यातायात माह के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं हेतु गोष्ठियाँ, वाहन चालकों को पम्पलेट व रिफ्लेक्टर वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। एसपी दीपक भूकर द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु नागरिकों से अपील की गयी कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने के साथ ही लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें। तेज रफ्तार या गलत दिशा में वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें साथ ही शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाएं। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करते हुए उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाएं। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज, तथा क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण बैस सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के साथ ही आमजनमानस मौजूद रहा।

# मौसम की मार: 72 घंटे में करें फसल क्षति की रिपोर्ट- उप कृषि निदेशक

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़




जिले में शनिवार को उप निदेशक (कृषि) विनोद कुमार यादव ने जिले के किसानों को मौसम के मद्देनजर सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद में खरीफ 2025 सत्र के दौरान खरीफ फसलें अधिसूचित की गई हैं। जनपद के कुल 40475 किसानों ने अपनी खरीफ फसल का बीमा कराया है। कई किसानों की खेत में कटी हुई फसल पड़ी हैं जिनका हाल ही में आए मोन्था चक्रवात के कारण जिले में हो रही बरसात के कारण नुकसान पहुंचना स्वाभाविक है। वो किसान जिन्होंने अपनी फसल का बीमा करवाया है वो सभी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नियमानुसार फसल नुकसान की सूचना पीएमएफबीवाईकंपनी के टोल फ्री नंबर-14447 पर तीन दिवस के भीतर आनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। यदि आपकी शिकायत किसी कारण से ऑनलाइन दर्ज नही हो पा रही है तो लिखित रूप में समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पासबुक एवं खतौनी की फोटो कॉपी सहित शिकायत पत्र संबंधित बैंक शाखा एवं जनपद में स्थित कार्यालय उप कृषि निदेशक, प्रतापगढ़ में फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को दे सकते है। सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त टीम (कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि) द्वारा क्षति का सही आकलन किया जाएगा, ताकि प्रभावित किसानों को उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सके। जनपद में यूनिवर्शल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को फसल बीमा कार्य के लिए अधिकृत किया गया।

## ग्राम प्रधानों को दी दायित्व निर्वहन की जानकारी

जन एक्सप्रेस | देवरिया

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत बृहस्पतिवार को बरहज और भलुअनी ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रोजेक्टर के जरिये ग्राम प्रधानों को जागरुक किया गया। सभी का कहना था कि दायित्वों की जानकारी होने पर ही सही तरीके से उसका निर्वहन संभव हो सकता है। सभी का यह भी मानना था कि देश के विकास में ग्राम पंचायत पहली कड़ी होती है। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुभाष ने ग्राम प्रधानों के विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। मीटिंग हाल में लगे प्रोजेक्टर के जरिये प्रधानों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण लिया। मौके पर बीडीओ तारकेश्वर नाथ तिवारी, मदनमोहन पाठक, राजेश यादव, धीरेंद्र तिवारी, राजेश राय, सुनील विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# लायंस क्लब का उद्देश्य असहाय वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना: डॉ. अर्पण दूबे

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



लायंस क्लब इंटरनेशनल 321 के मंडल अध्यक्ष डॉ. अर्पण धर दुबे ने कहा कि लायंस क्लब के सदस्य सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। लायंस क्लब का प्रमुख उद्देश्य समाज के निर्बल और असहाय वर्गों को सहायता पहुंचाकर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्य रक्तदान, चिकित्सा शिविर, पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। अधिक से अधिक रक्तदान कर जरूरतमंदों को जीवनदान देना सबसे बड़ी सेवा है।नडॉ. दुबे प्रतापगढ़ में आयोजित लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के अधिष्ठापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने सदस्यों से स्थायी परियोजनाओं के संचालन पर बल देने का आह्वान किया। समारोह के मुख्य वक्ता एम.जे.एफ. सौरभकांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व के 210 देशों में कार्यरत लायंस इंटरनेशनल क्लब के चौदह लाख से अधिक सदस्य हैं। यह विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्थाओं में से एक है। उपमंडलाध्यक्ष प्रथम एम.जे.एफ. उदय चंदानी ने लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें सेवा भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष डॉ. उमाकांत ओझा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सहित लायंस क्लब हर्ष, गौरव, शक्ति के पी.एस.टी. एवं अन्य पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब अवध के प्रशासक संतोष पांडे, सचिव श्याम शंकर द्विवेदी, उपाध्यक्ष रामकुमार पांडे, उदय मिश्र, मार्केटिंग कम्युनिकेश चेयरपर्सन के. के. पांडेय, रक्तदान चेयरपर्सन अजय मिश्रा, डा.ए.के. सिंह, प्रमिला शुक्ला, अमोलक सिंह, आकाश डालमिया सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष भगवन ने किया।

# अब घंटों नहीं, मिनटों में साफ होंगे चावल! पत्थर-कंकड़ निकालने के ये स्मार्ट तरीके जानें



हर घर में चावल जरुर खाएं जाते हैं यह हमारे खाने को पूरा भी करता है। अक्सर होता है कि चावल की पैकेजिंग अच्छी होने के बाद भी उसमें कक्कड़ निकाल ही आते है। कई बार यह दाल या फिर चावल खाते समय मुंह में कक्कड आ ही जाता है। इस समस्या से सबसे ज्यादा दातों को दिक्कत होती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती है। अगर आप चावलों में घंटों तक पत्थर-कंकड़ निकालती रहती है, तो अब इसे बंद कर दीजिए। इन आसान तरीके से चावलों से कंकडों को निकाला जा सकता है। आइए आपको बताते हैं चावलों से कंकड़ों को कैसे निकालें।

### कपड़े की मदद से कंकड कैसे निकालें

सबसे पहले आप एक कला या नीला कलर का दुपट्टा या कपड़ा ले सकते हैं। अब इस पर चावलों की पतली परत को बिछा दीजिए। चावल अच्छे फैलने के बाद इसमें मौजूद हरे भूरे या सफेद कंकड़ गहरे रंग के दुपट्टे में साफ दिखाई देंगे। इन्हें आप आसानी से निकाल सकते हैं। सफेद रंग के कपड़े पर यह पत्थर कंकड आसानी से नजर नहीं आएंगे। इसलिए आप डार्क कपड़े का यूज करें।


### चावल के कंकड़ निकालने के अन्य तरीके

– पुराने समय में थाली या फिर सूप के जरिए चावलों को हवा में उछाल कर साफ किया जाता है। क्योंकि चावल तो भारी होते हैं और भूसी या फिर कण हवा में गिर जाते हैं। चावल भारी होने के कारण यह बर्तनों में बनें रहते हैं।

– इसके अलावा, भूसी या सूखे कण निकालने के लिए आप छलनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह तरीका आपके लिए बेहद कम का हो सकता है। चावलों को आप बारीक छलनी में डालकर हल्के-हल्के हाथों से हिलाएं। चावल के दाने रुक जाएंगे, बाकि रेत और धूल सब छलनी से बाहर आ जाएगी।

– चावलों के कंकड़ निकालने के लिए बड़ी परत या फिर थाली को आपके बेहद काम आ सकती है। इनमें चावलों को डालकर किसी खिड़की या फिर धूप के पास जाकर, छोटे कंकड़ या फिर टूटे हुए दानों को आसानी से साफ कर सकते हैं। इन्हें आप आसानी से चुनकर बाहर निकाल सकते हैं।

# केमिकल छोड़िए! किचन में मौजूद चीजों से बनाएं ये फेस पैक, चेहरे पर आएगा नेचुरल ग्लो



महिलाएं चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए और चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को कम करने के लिए कई उपाय करती हैं। कुछ महिलाएं तो मार्केट के महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं पार्लर जाकर महंगे ट्रीटमेंट लेती हैं। अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे देसी नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

### मलाई और घी का फेस पैक

चेहरे की डलनेस को कम करने के लिए महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने की बजाय घर का देसी नुस्खा आजमा सकती हैं। इसके लिए आप घी और मलाई का फेस पैक बना सकती हैं। घी और मलाई दोनों ही चेहरे के लिए फायदेमंद होते हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी।

### फेस पैक की सामग्री

घी
मलाई
हल्दी
गुलाब जल
एलोवेरा जेल
ऐसे बनाएं फेस पैक

अगर आप भी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाना चाहती हैं और ग्लोइंग स्किन पाना चाहती हैं। तो आप मलाई और घी से फेस पैक को तैयार करें। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें और उसमें थोड़ा सा घी और मलाई मिक्स करें। फिर इसमें गुलाब जल और हल्दी मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अब रोजाना फेस पर 30 मिनट तक लगाकर रखें। सूखने पर फेस पैक धो लें।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

इस पेस्ट के इस्तेमाल से आप अपने फेस की परेशानी को कम कर सकती हैं और चेहरे पर होने वाले रैशेज और पिंपल्स से भी छुटकारा पा सकती हैं। अगर आपको किसी तरह की परेशानी होती है, तो पेस्ट का इस्तेमाल करना बंद कर दें और डर्मटालॉजिस्ट की राय जरूर लें।



# मूंग दाल से बनाएं चीला, सूप या सलाद हर बार पाएं लाजवाब स्वाद

**भारतीय खानपान में मूंग एक अहम हिस्सा है, जिससे कई तरह की टेस्टी डिशेज बनाई जाती हैं। यह खाने में न सिर्फ स्वादिष्ट होती है और यह फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसकी खासियत यह है कि इस दाल को पचाना आसान होता है। यही कारण है कि मूंग को आयुर्वेद भी सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। आप इसको दाल के रूप में, सूप में, अंकुरित करके, चीला या पराठे में शामिल कर सकते हैं।**

मूंग का इस्तेमाल सिर्फ पारंपरिक दाल तक सीमित नहीं है, तो इसका इस्तेमाल स्ट्रीट फूड, सलाद, हेल्दी स्नैक्स और कई तरह के व्यंजनों में भी किया जाता है। मूंग की खास बात यह है कि इसको उबालकर, भिगोकर, भूनकर या फिर अंकुरित करके अलग-अलग स्वाद और टेक्सचर में तैयार किया जा सकता है। लेकिन इसको बनाने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए कुछ कुकिंग हैक्स लेकर आए हैं।

### भिगोकर रखें दाल

यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि मूंग को बनाने से पहले इसको भिगोकर रखना जरूरी होता है। इससे यह न सिर्फ जल्दी पक जाती है, बल्कि यह पचाने में भी आसान होती है। इसके लिए आप करीब 5 घंटे मूंग की दाल को भिगोकर रखें।

ऐसा करने से दाल जल्दी गल जाती है और पकाने का समय भी कम हो जाता है। आप चाहें तो इसको मूंग को गुनगुने पानी में 1-2 घंटे तक भिगोकर रख सकती हैं। मूंग दाल का चील बनाने के समय हींग, अदरक और हल्दी डालें। जिससे यह और हल्का हो जाता है।

### सूप और स्टू में मिलाएं

मूंग को स्टू और सूप में मिलाने से यह पौष्टिक, भरपूर प्रोटीन वाला और स्वादिष्ट बनता है। आप चाहे हेल्दी सूप बना रहे हों, या फिर गाढ़ा स्टू, तो मूंग का सही इस्तेमाल आपके व्यंजन को टेस्टी और बेहतर बना सकता है। मूंग को सूप में साबुत डालने से इसका हल्का कुरकुरा टेक्सचर बना रहता है। यह अधिक स्वादिष्ट लगता है। मूंग को टमाटर, पालक और लहसुन के साथ हल्दी आंच पर पकाकर हेल्दी और टेस्टी स्टू बनाएं। यह पचाने में हल्का और पेट के लिए भी अच्छा होता है।

### क्रिस्पी मूंग चीला

मूंग चीला प्रोटीन से भरपूर, स्वादिष्ट और हल्का नाश्ता है। इसको आप आसानी से घर पर बना सकती हैं। यह तेल कम सोखता है और जल्दी बन जाता है, साथ ही यह स्वाद में भी टेस्टी होता है। इसको सुबह के नाश्ते या फिर हल्के खाने के लिए बनाएं।

जब आप मूंग चीला बना रहे हैं, तो ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला या गाढ़ा न हो। बैटर का सही टेक्सचर चीले को परफेक्ट क्रिस्पी बनाता है और यह बनाते समय इसको पैनकेक की तरह सेंकना चाहिए। वरना आपका चीला टूट जाएगा।

### अंकुरित मूंग

अंकुरित मूंग पोषण से भरपूर होता है और इसको खाने से शरीर को फाइबर, प्रोटीन और विटामिन मिलता है। यह सुपाच्य, हल्का और बेहद स्वादिष्ट होता है। इसको पराठे, सलाद, स्नैक्स और सूप में डालकर आसानी से डाइट में शामिल कर सकते हैं।

आप इस दाल को अंकुरित करके भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप चाहें, तो अंकुरित दाल को खीरा, टमाटर, प्याज, नींबू और चाय मसाला डालकर एक हेल्दी और टेस्टी सलाद बनाएं। इससे यकीनन अंकुरित दाल का इस्तेमाल करना आपके लिए आसान हो जाएगा।

### अधिक न पकाएं

मूंग खाने में बहुत हल्का होता है, इसको सुपरफूड भी कहा जाता है। अगर आप इसको जरूरत से ज्यादा पकाते हैं, तो इसका पोषण खत्म हो सकता है और इसके स्वाद पर असर हो सकता है। इसलिए सही टेक्सचर बनाए रखने के लिए इसको सही से पकाना जरूरी है।

### ऐसे पकाएं मूंग

**इससे यह जल्दी पकता है और अधिक उबालने के जरूरत नहीं होती है।**

**हल्की आंच पर उबालने से मूंग जल्दी गल सकता है और इसके टेक्सचर खराब हो सकता है।**

**इसको सिर्फ 5-7 मिनट तक उबालें, जिससे कि यह थोड़ा नरम हो लेकिन पूरी तरह से न गले।**

**अगर आप मूंग दाल बना रहे हैं, तो तड़का लगाने के बाद अधिक देर तक न पकाएं, जिससे कि मसालों का स्वाद बरकरार रहे।**



# बाथरूम की टाइल्स पर लगे हैं दाग-धब्बे, हल्दी की इस ट्रिक से चमकाएं इन्हें

बाथरूम हमारे घर का वो हिस्सा है जो बहुत जल्दी गंदा और बदबूदार हो जाता है। साबुन के दाग से लेकर पानी के धब्बे, कोनों में फफूंदी और छोटे-छोटे काले ग्राउट लाइन यकीनन काफी परेशान करते हैं। अमूमन लोग इसे साफ करने के लिए केमिकल क्लीनर का सहारा लेते हैं, लेकिन ये काफी हार्श हो सकते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपने बाथरूम की सफाई कर सकती हैं। अगर बाथरूम की टाइल्स गंदी हो गई हैं तो हल्दी उसे साफ करने में किसी मैजिक से कम नहीं है।

हल्दी में नेचुरल एंटीबैक्टीरियल और एंटिफंगल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया और फफूंदी हटाने में कमाल करते हैं। बस आप हल्दी को कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स के साथ मिक्स करें और बाथरूम की टाइल्स की गंदगी को हटाकर उन्हें फिर से चमकदार बनाएं। तो चलिए जानते हैं कि हल्दी का इस्तेमाल करके बाथरूम की टाइल्स को सुरक्षित और असरदार तरीके से किस तरह साफ किया जा सकता है-

टाइल्स साफ करने के लिए हल्दी क्यों असरदार है

हल्दी को सिर्फ स्किन ग्लो या घाव भरने के लिए जाना जाता है। लेकिन हल्दी में कर्क्यूमिन होता है, जो बैक्टीरिया, फंगस और सूजन से लड़ने में मदद करता है। हल्दी नमी में पनपने वाले बैक्टीरिया और कीटाणुओं को मारने में मददगार है। साथ ही साथ, यह ग्राउट लाइन्स पर काला या मोल्ड कम करती है। इससे टाइल्स को बिना किसी केमिकल पॉलिश के हल्की चमक मिलती है। लेकिन हल्दी पीली होती है, इसलिए इसे बेकिंग सोडा, सिरका और नींबू जैसे नेचुरल क्लीनर के साथ इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि दाग-धब्बे न बने और गहराई से सफाई हो।

### क्लीनर बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए

1 छोटी चम्मच हल्दी
2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा
1 बड़ा चम्मच सफेद सिरका या नींबू का रस 2 कप गुनगुना पानी
1-2 बूंद डिश सोप

बाथरूम टाइल्स किस तरह नेचुरली साफ करें

सबसे पहले एक छोटा बाउल लें, हल्दी, बेकिंग सोडा और सिरका डालें।

अब इसमें धीरे-धीरे गुनगुना पानी डालें और गाढ़ा पेस्ट बना लें।

अगर टाइल्स बहुत चिकनी हों, तो कुछ बूंदें डिश सोप डाल सकते हैं।

अब ब्रश की मदद से पेस्ट को ग्राउट लाइन्स, कोनों और मोल्ड वाले हिस्सों पर लगाएं। हल्की टाइल्स पर पूरे फ्लोर में फैलाएं नहीं, वरना हल्का पीला निशान रह सकता है।

अगर ग्राउट बहुत गंदी है, तो पेस्ट को 3-5 मिनट छोड़ दें। अब टूथब्रश या स्क्रबर से हल्के सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। अगर धीरे-धीरे गुनगुना पानी डालें और गीले कपड़े से पोंछें।

अगर हल्की टाइल्स पर पीला रह गया, तो सिरके के पानी से फिर से धोएं।

साफ टॉवल या मोप से सुखाएं।

टाइल्स सूखने के बाद साफ, चमकदार और फ्रेश दिखेंगी।

# राजमा से बनाएं ये 2 टेस्टी और हेल्दी डिशेज, घरवाले चटकारे लेकर खाएंगे

राजमा स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। राजमा से आप कई लजीज डिशेज भी बना सकती हैं। हालांकि हम यहां पर उबले हुए राजमा की बात कर रहे हैं। आप राजमा से स्वादिष्ट चाट और कटलेट दोनों बना सकती हैं। यह दोनों डिश न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि आप इसको आसानी से घर पर बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप उबले हुए राजमा से कटलेट चाट कैसे बना सकती हैं।

राजमा की चाट की सामग्री

उबले हुए राजमा - 2 कप
चाट मसाला - 1/2 चम्मच
नींबू का रस - 1-2 बड़े चम्मच
काला नमक - 1/4 चम्मच
प्याज कटी हुई - 1/2 कप
तेल - 1 बड़ा चम्मच
टमाटर कटे हुए - 1/2 कप
हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1-2
धनिया पत्ती छोटे-छोटे आकार में - 1/4 कप

ऐसे बनाएं उबले हुए राजमा की चाट

सबसे पहले उबले हुए राजमा को एक बड़े बाउल में लें।

फिर इसमें कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च, टमाटर और हरी धनिया पत्ती मिलाएं।

अब इसमें नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला मिलाएं।

सभी को अच्छे तरीके से मिक्स कर लें।

इसके बाद एक पैन में तेल को गर्म करें और राजमा के मिश्रण को इसमें डालें।

2-3 मिनट तक इस मिश्रण को पकाएं और फिर गरमा-गरम सर्व करें।

इस आसान तरीके से उबले हुए राजमा की चाट बनकर तैयार हो जाएगी।


राजमा कटलेट की सामग्री

उबले हुए राजमा - 2 कप
प्याज कटी हुई - 1/2 कप
ब्रेड क्रम्ब्स - 1/2 कप
टमाटर कटे हुए - 1/2 कप
अदरक-लहसुन का पेस्ट - 1 चम्मच
हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1-2
धनिया पत्ती छोटे-छोटे आकार में - 1/4 कप
नमक - स्वादानुसार
तेल - तलने के लिए

ऐसे बनाएं राजमा कटलेट

उबले हुए राजमा को अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें बारीक कटे हुए टमाटर, प्याज और हरी मिर्च डालें।



इसके बाद अदरक-लहसुन पेस्ट को पैन में डालें।

अब स्वादानुसार नमक डालें।

फिर उबले हुए राजमा को बने हुए मिश्रण को डालकर अच्छे से मिक्स करें और छोटे-छोटे कटलेट बनाएं।

अब ब्रेड क्रम्ब्स में कटलेट को लपेटें और गरम तेल में तलें।

इसको सुनहरा होने तक तलें और फिर गरमा-गरम परोसें।



# 'द ताज स्टोरी' की कंट्रोवर्सी पर परेश रावल ने तोड़ी चुप्पी

परेश रावल का कहना है कि फिल्म 'द ताज स्टोरी' में कोई झूठ नहीं है। उनका दावा है कि यह फिल्म विश्व प्रसिद्ध स्मारक यानी ताजमहल के बारे में तथ्य ही पेश करती है। इससे आगे चलकर पर्यटन को ही बढ़ावा मिलेगा।

### परेश रावल को फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी

बातचीत में परेश रावल ने कहा, 'हमारे सिनेमा में बहुत सारा छल-कपट और झूठ है। लेकिन हमारी फिल्म में कोई झूठ नहीं है, सिर्फ तथ्य हैं। जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई, तो मैंने उसे पढ़ा और मुझे यह पसंद आई। मुझे फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी। मैंने कुछ दोस्तों के साथ तथ्यों की पुष्टि की और पाया कि यह सही थे। इसके बाद मैं निर्देशक से मिला। हमने तय किया कि फिल्म में कोई कट्टर राष्ट्रवाद नहीं होगा, यह फिल्म सिर्फ ताज के बारे में होगी।'

### विवाद खड़ा करना नहीं चाहते हैं

परेश रावल आगे कहते हैं, 'लोग कह रहे हैं कि हम हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम हमेशा से इससे दूर रहे हैं। हम एक शोध वाली मजेदार फिल्म बनाना चाहते थे जो हमारे यहां बनती नहीं हैं।' इस फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने डायरेक्ट किया है।

### क्या है 'द ताज स्टोरी' के मेकर्स का दावा

मेकर्स का दावा है यह फिल्म भारतीय इतिहास के एक ऐसे अध्याय को पेश करती है जिसे पहले कभी किसी ने सामने लाने की हिम्मत नहीं की। इस महीने की शुरुआत में, फिल्म का पहला पोस्टर तब विवादों में घिर गया था जब इसमें परेश रावल के किरदार को ताजमहल का गुंबद हटाते और उसमें से भगवान शिव की एक मूर्ति निकलते हुए दिखाया गया था। पोस्टर के पीछे का विचार यह है कि यह ताजमहल नहीं है। कुछ लोग इसे तेजो महालय कहते हैं।



# वर्क लाइफ बैलेंस पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' और आगामी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर चर्चाओं में हैं। वहीं रश्मिका और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें भी लगातार फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अब इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर चल रही बहस के बीच रश्मिका ने काम और जिंदगी में संतुलन को लेकर बात की है। इससे पहले 'द गर्लफ्रेंड' के निर्माता एसकेएन ने रश्मिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वो काम को घंटों की तरह नहीं लेती हैं। अब रश्मिका ने भी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन को लेकर बात की और ज्यादा काम न करने के महत्व को समझाया है।

### वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो

कुछ समय पहले रश्मिका मंदाना ने बताया था कि उन्हें पूरे 8 घंटे की नींद लिए हुए कई महीने हो गए हैं। इसी बात का जिक्र करते हुए जब प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन के बारे में पूछा गया तो रश्मिका ने गल्ट से कहा, 'मुझे लगता है कि इस बात का महिमामंडन करना कि हम जरूरत से ज्यादा काम करते हैं, ठीक नहीं है। मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं और मैं आपको बता रही हूं यह बिल्कुल भी सुझाव देने योग्य नहीं है। ऐसा मत करो। यह टिकाऊ नहीं है। वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो, वही करो जो तुम्हारे लिए सही हो। वो 8 घंटे काम करो, वो 9-10 घंटे भी काम करो क्योंकि यकीन मानो, ये तुम्हें आगे चलकर बचाएगा। जैसे मैंने हाल ही में ऐसी कई बातचीत देखी हैं जहां लोग कहते हैं, ठीक है, काम का समय पता है वगैरह। मैंने दोनों ही किया है। यह इसके लायक नहीं है।'

### मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा कि जैसा जाहिर है कि यह एक जिम्मेदारी है जो तुम पर है। मैं खुद पर जरूरत से ज्यादा काम कर लेती हूं क्योंकि मैं एक सामान्य इंसान से कहीं ज्यादा काम ले लेती हूं। लेकिन मैं ऐसी भी नहीं हूं जो अपनी टीमों से कहूं कि मैं उनके लिए कुछ नहीं कर सकती। अगर मुझे पता है कि वे संघर्ष कर रहे हैं और वे कहते हैं, नहीं, मेरे पास अभी तक केवल यही लोकेशन है और हमें इस समय में बहुत कुछ शूट करना है।' तब मैं यह समझती हूं और मान जाऊंगी और वैसा करूंगी।

### हमें भी 9 से 5 की जॉब की तरह काम करने दें

बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा कि सिनेमा में यह बहुत पहले से होता आया है। यही कारण है कि हमें अपनी टीमों से प्यार है। लेकिन अगर मुझे खुद चुनना होता, तो मैं कहती कि कृपया हम अभिनेताओं को ऐसा करने पर मजबूर न करें, क्योंकि बहुत कुछ चल रहा है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्देशक, लाइटमैन, संगीतकार, सभी। जैसा आप जानते हैं कि ऑफिस का समय 9 से 6 या 9 से 5 या 9 से 4 होता है, हमें ऐसा करने दें। क्योंकि अभी भी एक पारिवारिक जीवन है जिस पर मैं ध्यान देना चाहती हूं, अभी भी मेरी नींद बाकी है जो मैं पूरी करना चाहती हूं। मैं अभी भी वर्कआउट करना चाहती हूं, इसलिए, आप जानते हैं, बाद में मुझे इस बात का पछतावा नहीं होगा कि काश मैं छोटी उम्र में स्वस्थ और फिट होती और वर्कआउट करती। मैं अभी भी अपने भविष्य के बारे में सोच रही हूं। लेकिन अभी मेरे पास कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी ले रही हूं।



# तलाक की अफवाहों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

माही विज और जय भानुशाली अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर दोनों का रिश्ता टूट गया है और कपल का तलाक होने वाला है। यह खबर सामने आने के बाद जय और माही के फैंस आहत हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक को लेकर तरह-तरह के दावे करते हुए पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए माही विज ने गुस्सा जाहिर किया है। जय भानुशाली के साथ तलाक की अफवाहों पर माही विज ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें माही विज के हवाले से एक कमेंट लिखा गया, जिसमें कहा गया है, आधिकारिक रूप से पांच मिनट पहले मेरा तलाक हुआ है। मुझे पता है कि कुछ लोग इस पर बधाई देंगे, लेकिन मेरे लिए ऐसे परिदृश्य मायने नहीं रखते। तलाक होना हमेशा दुखद ही होगा। इस पोस्ट पर माही विज ने गुस्सा जाहिर करते हुए हिदायत दी है। माही विज ने कमेंट लिखा है, झूठी बातें पोस्ट मत करिए। मैं इसके खिलाफ लीगल एक्शन लूंगी। अभिनेत्री ने शायद तलाक को लेकर उनकी तरफ से की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। फिलहाल माही के इस कमेंट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली है कि शायद तलाक की बात झूठी हो। हालांकि, माही के कमेंट में यह जिक्र नहीं है कि तलाक होगा या नहीं, उन्होंने गलत नैरेटिव फैलाने को लेकर एतराज जताया है।

# क्या मुंज्या 2 में लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा की एंट्री?



साल 2024 की सरप्राइज हिट मुंज्या ने छोटे बजट और नए चेहरों के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर बड़ा कमाल दिखाया था। अभय वर्मा और शारवरी वाघ स्टारर इस हॉरर-कॉमेडी ने 100 करोड़ क्लब में जगह बनाकर मैडॉक फिल्म्स यूनिवर्स को नई ऊंचाई दी। अब इसका सीक्वल महा मुंज्या डेवलपमेंट स्टेज में है। हाल ही में खबरें आई थीं कि लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं। हालांकि, मुंज्या के डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने इस खबर को सिरे से खारिज किया।

महा मुंज्या में उनका नाम सिर्फ अफवाह है आदित्य ने कहा, न प्रतिभा ने कुछ कहा है, न उनकी टीम ने और न हमने। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, ये बस एक फैन थ्योरी है। शायद लोगों को लगा कि वो इस यूनिवर्स का हिस्सा हैं क्योंकि उन्होंने लापता लेडीज में शानदार काम किया है। मुझे भी जब ये खबर सुनी तो थोड़ा हंसी आई कि ये आया कहां से?

आदित्य ने आगे बात करते हुए कहा, प्रतिभा बहुत टैलेंटेड और शानदार एक्ट्रेस हैं। मैं खुद मानता हूं कि वो इस तरह की फिल्मों में बिल्कुल फिट बैठेंगी। अगर आगे चलकर ऐसा कुछ होता है तो क्यों नहीं? लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है। न कोई ऑफिशियल बातचीत हुई है, न कोई कन्फर्मेशन आया है। ये सिर्फ सोशल मीडिया की हवा है।

### अभय वर्मा और शारवरी वाघ की होगी वापसी

जब आदित्य सरपोतदार से पूछा गया कि क्या सीक्वल में मुंज्या के लीड कलाकार अभय वर्मा और शारवरी वाघ फिर नजर आएंगे तो उन्होंने तुरंत कहा, अभय और शारवरी 100 प्रतिशत लौट रहे हैं। उनके किरदार वहीं से आगे बढ़ेंगे, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। लेकिन इनके साथ और कौन जुड़ता है, ये अभी बताना जल्दबाजी होगी। जब वक्त आएगा, सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मुंज्या 2 इसलिए बन रही है क्योंकि ऑडियंस इंटरेस्टेड हैं

सीक्वल पर बात करते हुए आदित्य ने कहा, ये साफ दिखाता है कि लोग इस यूनिवर्स में इंटरेस्टेड हैं और उन्होंने मुंज्या के साथ एक इमोशनल इन्वेस्टमेंट बनाया है। जब हमने पहली फिल्म बनाई थी, तब सीक्वल का कोई प्लान नहीं था। लेकिन फिल्म के हिट होने के बाद भरोसा मिला कि इस कहानी को और आगे बढ़ाया जा सकता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो पार्ट टू बनाने का कोई मतलब नहीं होता। लेकिन जब दर्शक खुद पूछने लगें कि आगे क्या होगा, तब समझ आता है कि आपने कुछ सही किया है।

### महा मुंज्या का पैमाना और बड़ा होगा

उन्होंने आगे बात करते हुए कहा, अब महा मुंज्या के साथ हम उस यूनिवर्स को और बड़ा करने जा रहे हैं। बहुत सारी प्लानिंग चल रही है, कई एक्साइटिंग चीजें तैयार हो रही हैं। हम चाहते हैं कि ये फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, बल्कि एक नया एक्सपीरियंस बने। जैसे पहली फिल्म के एंड में हमने एक प्रॉमिस छोड़ा था, वैसे ही अब महा मुंज्या उस प्रॉमिस को पूरा करेगी। कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां मुंज्या खत्म हुई थी, लेकिन इस बार पैमाना और बड़ा होगा, दुनिया और गहरी।



# 'पद्मावत' की मेहरुनिसा से लेकर 'मर्डर 3' की रोशनी तक, अदिति राव हैदरी ने हर किरदार में बिखेरा अभिनय का जादू

**अदिति राव हैदरी भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपनी सादगी और अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानेंगे उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में, जिनके लिए उन्हें पहचाना जाता है। तो चलिए जानते हैं उनकी फिल्में।**

### मर्डर 3

बॉलीवुड की मशहूर मर्डर फ्रैंचाइजी के तीसरे पार्ट का नाम 'मर्डर 3' है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसे विशेष भट्ट द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फल्म में विक्रम (रणदीप हुड्डा) जो एक फोटोग्राफर है, निशा (सारा लोरेन) से एक बार मिलता है और दोनों की तुरंत दोस्ती हो जाती है। जल्द ही वे प्यार में पड़ जाते हैं और अपने रिश्ते को एक नए मुकाम पर ले जाते हैं। निशा उसके घर में रहने आती है, लेकिन जल्द ही उसे उसके राज पता चलने लगते हैं। वह विक्रम की पूर्व प्रेमिका रोशनी (अदिति राव हैदरी) के गायब होने के पीछे छिपे के सच का पता लगाने

### दिल्ली 6

राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में दिल्ली 6 फिल्म साल 2009 में रिलीज हुई थी। आपक बता दें कि इस फिल्म से अदिति राव हैदरी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनका रोल कम था, लेकिन सभी ने उनके किरदार को खूब सराहा था। फिल्म एक एनआरआई के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बीमार दादी के साथ भारत लौटता है, लेकिन हैरानी की बात है कि वह खुद को दिल्ली के बीचों-बीच एक मंदिर-मस्जिद विवाद में फंसा हुआ पाता है। दिल्ली 6 में अदिति राव हैदरी ने रमा बुआ का किरदार निभाया था। इसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर मुख्य भूमिका में थे।

### पद्मावत

संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म पद्मावत में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म अदिति राव हैदरी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। अदिति हर फ्रेम में एक स्टार की तरह चमकीं। उन्होंने खिलजी की पत्नी मेहरुनिसा का किरदार बखूबी निभाया था। फिल्म में जैसे-जैसे खिलजी रानी पद्मावती के प्रति और अधिक आसक्त होता गया, मेहरुनिसा ने पत्नी से पहले, एक महिला बनना चुना। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी।

### वजीर


फरहान अख्तर, अमिताभ बच्चन और अदिति राव हैदरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म वजीर 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अदिति राव हैदरी ने रुहाना अली की भूमिका निभाई थी और तमाम दिग्गजों के बीच भी अपनी जगह और लाइमलाइट बरकरार रखी। इस फिल्म की कहानी एक पुलिसवाले दानिश के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बेटी की हत्या करने वाले एक आतंकवादी से बदला लेने के मिशन पर है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंडित से होती है, जो अपनी बेटी के लिए शोक मना रहा है।

### रॉकस्टार

इम्तियाज अली के निर्देशन में साल 2011 में रॉकस्टार फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं अदिति राव हैदरी ने शीना के रूप में फिल्म अहम किरदार अदा किया था। उनके रोल ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

### हीरामंडी

अदिति राव हैदरी नेटफिलक्स पर रिलीज हुई सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज में नजर आई थीं। यह साल 2024 में रिलीज हुई थी, जिसे संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया था। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।



# लाल झंडे की जगह शान से लहरा रहा तिरंगाः पीएम

## छत्तीसगढ़-राज्योत्सव में कहा-कुछ लोग संविधान का दिखावा करते हैं, सुरक्षा में तैनात आरक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर रजत महोत्सव का उद्घाटन किया। मोदी ने पीएम आवास योजना के 5 हितग्राहियों को चाबियां सौंपी। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ी में भाषण की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि जम्मो भाई-बहनी, लइका, सियान मन ल हाथ जोड़ के जय जोहर। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के आतंक से मुक्त हो रहा है। लाल झंडे की जगह शान से तिरंगा लहरा रहा है। कुछ लोग संविधान की किताब हाथ में रखकर दिखावा करते हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं। उन्होंने दशकों तक आपके साथ अन्याय किया। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब की दवाई, गरीब की कमाई, गरीब की पढ़ाई, गरीब की सिंचाई सुविधा पर बहुत फोकस किया। आज छत्तीसगढ़ को भी लोकतंत्र का नया मंदिर, नई विधानसभा मिल रही है। यहां आने से पहले मुझे एक जनजातीय संग्रहालय को देने का अवसर मिला। वहीं पीएम मोदी ने नए विधानसभा उद्घाटन के दौरान कहा कि 75 साल पहले देश ने संविधान को अपनाया था। इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले रविशंकर शुक्ल, बैरिस्टर छेदीलाल, किशोरीमोहन त्रिपाठी, रामप्रसाद पोटाय और रघुराज जी को श्रद्धांजलि दी और संत गुरु घासीदास को भी याद किया। इसके अलावा विधानसभा परिसर में प्रवेश के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। यहां नेताओं और आम लोगों को गमछा लेकर जाने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं रायपुर में पीएम की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात आरक्षक की मौत हो गई। इसके अलावा काले कपड़े पहनने पर अमित जोगी को हाउस अरेस्ट किया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नवा रायपुर स्थित सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल पहुंचकर उन 2,500 बच्चों से मुलाकात की, जिनकी हृदय सर्जरी इस संस्थान में निःशुल्क हुई थी। उन्होंने एक बच्चे को गले लगाया। साथ ही उन्होंने पद्म विभूषण तीजन बाई और लेखक पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल का हालचाल जाना।




### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। पीएम ने कहा कि मैं उन महापुरुष को नमन करता हूं जिनकी दूरदृष्टि और करुणा ने इस राज्य की स्थापना की। वो महापुरुष हैं, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी। साल 2000 में जब अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया तो वो निर्णय केवल प्रशासनिक नहीं था, वो निर्णय था छत्तीसगढ़ की आत्मा को पहचान दिलाने का। आज जब इस विधानसभा भवन के साथ-साथ अटल जी की प्रतिमा का भी अनावरण हुआ है तो मन कह उठता है, अटल जी जहां भी हों, अटल जी देखिए आपका सपना साकार हो रहा है।

### पीएम ने बच्चों से की बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल की बात कार्यक्रम के तहत नवा रायपुर अटल नगर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में %गिफ्ट ऑफ लाइफ% समारोह में जन्मजात हृदय रोगों का सफलतापूर्वक इलाज करा चुके 2500 बच्चों से बातचीत की। छह महीने पहले दिल की सर्जरी कराने वाली एक बच्ची ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं उनसे मिल पाऊंगी। मैं आज पहली बार उनसे मिली। मैं बहुत खुश हूं।

### ब्रह्माकुमारी के 'शांति शिखर' का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी के 'शांति शिखर' का उद्घाटन किया, जो आध्यात्मिक शिक्षा, शांति और ध्यान का एक आधुनिक केंद्र है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज का दिन बहुत विशेष है। आज हमारा छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है। छत्तीसगढ़ के साथ ही झारखंड और उत्तराखंड के भी 25 वर्ष पूरे हुए हैं। आज देश के और भी कई राज्य अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। मैं इन सभी राज्यों के निवासियों को स्थापना दिवस को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर ये बहुत ही सुखद दिन हैः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के लिए आज का दिन एक स्वर्णिम शुरुआत का दिन है और मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर ये बहुत ही सुखद दिन है, अहम दिन है। मेरा बीते कई दशकों से इस भूमि से बहुत आत्मीय नाता रहा है। एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने छत्तीसगढ़ में बहुत समय व्यतीत किया, यहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मेरे जीवन को गढ़ने में यहां के लोगों का, यहां की भूमि का बहुत बड़ा आशीर्वाद रहा है। छत्तीसगढ़ की परिकल्पना, इसके निर्माण का संकल्प और उस संकल्प की सिद्धी, हर एक क्षण पर मैं छत्तीसगढ़ के परिवर्तन का साक्षी रहा हूं। और आज जब छत्तीसगढ़ 25 वर्षों की यात्रा के अहम पड़ाव पर पहुंचा है तो मुझे इस क्षण का भी सहभागी बनने का अवसर मिला। आज इस रजत जयंती के उत्सव पर मुझे राज्य के लोगों के लिए इस नई विधानसभा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मिला है। मैं छत्तीसगढ़ के लोगों को, राज्य सरकार को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं, बधाई देता हूं।

### शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक का अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन और अवलोकन किया ।यह संग्रहालय राज्य के जनजातीय समुदायों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करेगा।

### पीएम मोदी ने किया कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी 14,260 करोड़ रुपये से अधिक की विकासात्मक और परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### मैं यहां अतिथि नहीं हूं, मैं आपका ही हूं

पीएम मोदी ने कहा, %राज्य के विकास से देश का विकास के मंत्र पर चलते हुए हम भारत को विकसित बनाने के अभियान में जुटे हैं। विकसित भारत की इस अहम यात्रा में ब्रह्माकुमारी जैसी संस्था की बहुत बड़ी भूमिका है। मैं बीते कई दशकों से आप सबके साथ जुड़ा हुआ हूं। मैं यहां अतिथि नहीं हूं, मैं आपका ही हूं। दिल्ली आने के बाद भी आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ा अभियान हो, स्वच्छ भारत अभियान हो या फिर जल जन अभियान, इन सबसे जुड़ने का मौका हो। मैं जब भी आपके बीच आया हूं, मैंने आपके प्रयासों को बहुत गंभीरता से देखा है। मैंने हमेशा देखा है, यहां शब्द कम सेवा ज्यादा है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवीन भवन का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवीन भवन का लोकार्पण किया, जिसे ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा पर बनाया गया है, पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित और वर्षा जल संचयन प्रणाली से सुसज्जित करने की योजना है।

### छत्तीसगढ़ विकास की नई बुलंदी छूएगाः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 25 साल पहले अटल जी की सरकार ने आपके सपनों का छत्तीसगढ़ आपको सौंपा था, साथ ही ये संकल्प भी लिया था कि छत्तीसगढ़ विकास की नई बुलंदी छूएगा। छत्तीसगढ़ आज विकास के पथ पर तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि 25 साल की यात्रा हमने पूरी की है। 25 साल का कालखंड पूरा हुआ है। आज अगले 25 साल के नए युग का सूर्योदय हो रहा है।

### इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा ये अवसर- रमन सिंह

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि यह कोई साधारण दिन नहीं है बल्कि ऐसा अवसर है जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा। छत्तीसगढ़ को हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्नेह और सम्मान मिलता रहा। 25 साल पहले आज ही के दिन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था और छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद आज छत्तीसगढ़ 25 साल का युवा हो चुका है जो विकास की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### हमारी विधानसभा ने अनेक कीर्तिमान अर्जित किए हैंः सीएम साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के करकमलों से हमारे भव्य विधानसभा भवन का लोकार्पण हुआ है जिसके लिए मैं अपने मंत्रिगण, अधिकारीगण और समस्त छत्तीसगढ़ वासियों को बहुत बधाई देना चाहूंगा। मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहूंगा कि हमारी छत्तीसगढ़ विधानसभा का भी यह रजत वर्ष है और 25 वर्षों में हमारी इस विधानसभा ने अनेक कीर्तिमान अर्जित किए हैं।

---

## पश्चिम बंगाल में बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग (ईसी) ने शनिवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत 80,000 से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। लेकिन इस दौरान कई बीएलओ ने सुरक्षा और ड्यूटी स्टेटस की आधिकारिक मान्यताकी मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। चुनाव आयोग रविवार और सोमवार को राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलओ) को भी प्रशिक्षण देगा। पूरा प्रशिक्षण 3 नवम्बर तक चलेगा, जिसके बाद 4 नवम्बर से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन और फॉर्म भरने का काम शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कुल 80,861 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे वे मतदाता सत्यापन फॉर्म की जांच करेंगे, मतदाताओं से समन्वय बनाएंगे और बीएलओ एप पर जानकारी अपलोड करेंगे। प्रत्येक बीएलओ को एक किट दी गई, जिसमें पहचान पत्र और टोपी शामिल थी। चुनाव आयोग ने बीएलओ के लिए 16 बिंदुओं वाले दिशा-निर्देश जारी किए हैं और काम को आसान बनाने के लिए एक नया मोबाइल एप भी शुरू किया है।

---

## यह बिहार का भविष्य तय करने का चुनावः शाह



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोपालगंज में वर्चुअली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया। अपने भाषण में शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया। करीब 8 मिनट के अपने भाषण में अमित शाह ने कहा कि पीएम ने बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू करने का काम किया है। बिहार की बाकी बंद पड़ी चीनी मिल को अगले 5 साल में चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव विधायक चुनने का नहीं है। ये चुनाव बिहार का भविष्य तय करने का है। बिहार किसके हाथ में रहेगा। जिन्होंने वर्षों तक बिहार में जंगलराज थोपा उसके या नरेंद्र जी और नीतीश जी के नेतृत्व में जो बिहार का विकास हुआ उसे चुनेगा। शाह ने कहा कि साधु यादव के कारनामे गोपालगंज वालों से ज्यादा किसको मालूम हैं। जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। जिसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है।

### नालंदा में याद दिलाया था नरसंहार

इससे पहले 30 अक्तूबर को शाह बिहार के बेगूसराय, लखीसराय और नालंदा में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। लखीसराय में उन्होंने डिप्टी छ्रूविजय सिन्हा के लिए लोगों से वोट की अपील की थी। मुंगेर में उन्होंने डिप्टी छ्रू सम्राट चौधरी के लिए वोट मांगे थे। इस दौरान शाह ने कहा, मुंगेर वालों यहां से बीजेपी के कैंडिडेट सम्राट चौधरी को जिताइए। मोदी जी इन्हें बहुत बड़ा आदमी बनाएंगे। वहीं, नालंदा में अमित शाह ने कहा कि ये चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं हैं। ये चुनाव उस जंगलराज को रोकने के लिए हैं, जो अपना वेष बदलकर आएगा। लालू-राबड़ी के शासन में 38 नरसंहार हुए। नालंदा के कई लोग मौत के घाट उतरे गए थे। किडनैपिंग, हत्या, लूट जैसे गैरकानूनी काम होते थे। लेकिन नीतीश ने इस धंधे पर रोक लगा दिया और लालू के आतंक को समाप्त कर दिया।

### नड्डा बोले-जंगल राज के दौरान अपहरण एक उद्योग बन गया था



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजद सत्ता में आने पर बिहार में जंगल राज वापस लाना चाहती है और गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे को उम्मीदवार बनाना इसी बात की ओर इशारा करता है। खराब मौसम के कारण सीवान और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि जंगल राज के दौरान अपहरण एक उद्योग बन गया था और फिरौती का सौदा तत्कालीन मुख्यमंत्री आवास पर होता था।

---

## सीमा विवाद पर सिद्धारमैया की दो टूक, कहा, बेलगावी कर्नाटक का हिस्सा, महाराष्ट्र में कभी नहीं जाएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद पर बयान देते हुए साफ कहा कि बेलगावी मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। शनिवार (01 नवंबर) को मैसूर बैंक सर्कल स्थित नृपतुंगा मंडप में आयोजित देवी भुवनेश्वरी और अन्नमा देवी की भव्य शोभायात्रा को सीएम सिद्धारमैया ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कि बेलगावी कर्नाटक का अभिन्न अंग है और इसे महाराष्ट्र में कभी विलय नहीं करने दिया जाएगा।

**बेलगावी का महाराष्ट्र में कभी विलय नहीं होगा-सिद्धारमैया**

मुख्यमंत्री ने अपने बयान में यह भी कहा कि कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद पर महाजन समिति की रिपोर्ट अंतिम है। सिद्धारमैया ने कहा, ÷बेलगावी मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। महाराष्ट्र सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, लेकिन महाजन रिपोर्ट अंतिम है। हम बेलगावी को नहीं जाने देंगे, क्योंकि यह कन्नड़ भूमि है और कर्नाटक का हिस्सा है। कोई भी इससे इनकार नहीं कर सकता।

**दशकों से चला आ रहा सीमा विवादः** दरअसल, कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद दशकों से चला आ रहा है, पड़ोसी राज्य बेलगावी और उसके आसपास के इलाकों पर मराठी भाषी आबादी का हवाला देते हुए दावा करता है। वहीं कर्नाटक ने महाजन समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए महाराष्ट्र के दावे को खारिज किया है।

---

## मानव बम की धमकी से हड़कंप, जेद्दा-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट मुंबई डायवर्ट, सभी यात्री सुरक्षित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

एयरलाइंस कंपनी इंडिगो की एक फ्लाइट को मानव बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। जेद्दा से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-68 को शनिवार सुबह मुंबई डायवर्ट करना पड़ा। जानकारी के अनुसार हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आरजीआईए) को ईमेल के जरिए विमान में मानव बम होने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद सनसनी फैल गई।

### विमान की मुंबई हवाईअड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग

इसके बाद तुरंत विमान को मुंबई डायवर्ट किया गया, जहां विमान सुरक्षित रूप से मुंबई हवाईअड्डे पर उतार लिया गया। इसके बाद सुरक्षा जांच में कोई संदिग्ध विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि धमकी भरा ईमेल किसने और कहां से भेजा है। पुलिस के अनुसार हैदराबाद एयरपोर्ट प्राधिकरण को शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे एक ईमेल मिला।

---

## वायरल वीडियो में अभद्र टिप्पणी के बाद पुलिस कार्यवाही के विरोध में हिन्दू संगठन का बवाल

- जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के घोषणा के बाद हिन्दुरक्षा दल प्रमुख नज़रबंद

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



सोशल मीडिया पर एक मुस्लिम युवती के वायरल वीडियो में गौवंश को लेकर किए गए अभद्र टिप्पणी के बाद हिन्दू संगठन से संबंध रखने वाले युवकों और द्वारा प्रत्युत्तर में वीडियो वायरल करके अभद्र भाषा और आरोपी युवती के घर पर हंगामा करने के बाद जिस प्रकार से शांति व्यवस्था को चुनौती दिया उसके बाद दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस सक्रिय हुई। जिसके बाद हिन्दू संगठनों के कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। हिंदूवादी संगठनों ने आरोप लगाया कि वर्ग विशेष की युवती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं देश के गृहमंत्री अमित शाह और हिंदू भावना से जुड़े मामले गौकशी से जुड़े मामलों को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इस वीडियो के विरोध में हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने गाजियाबाद के शालीमार गार्डन स्थित महिला के घर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से संगठन के कार्यकर्ताओं में नाराज़गी फैल गई। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। इस पूरे मामले में हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को बेवजह फंसाया जा रहा है। जबकि मुस्लिम युक्ति के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई है। अरे कार्यकर्ताओं की जमानत लेने से पुलिस मना कर दिया , हम चाहते हैं की गलत बयान देने वाली लड़की फरजाना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और उनके कार्यकर्ताओं को जमानत पर छोड़ा जाए , जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हम चुप नहीं बैठेंगे। ज्ञात हो कि पिंकी चौधरी ने शनिवार दोपहर 2 बजे जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नजरबंद कर दिया। इस दौरान पुलिस की उनके घर और दफ्तर पर तैनाती की गई।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि विवादित महिला को शुरुआती जांच में नाबालिग पाया गया है। फिलहाल उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

## निगम ने बढ़ाई यूजर चार्ज वसूली की रफ्तार, 7 महीने में वसूले 5 करोड़ 65 लाख

- व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से रखी जा रही है डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों पर निगरानी
- पांचों जोन के अलावा डोर टू डोर यूजर चार्ज कलेक्शन भी कर रहा है विभाग
- सोसाइटियों ने की यूजर चार्ज वसूली हेतु कैंप लगाने की मांग

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया को तेज करते हुए हर घर से नगर निगम के अधिकृत वाहनों द्वारा गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करके लिया जा रहा है। लगभग 600 से अधिक वाहन गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कूड़ा कलेक्शन के लिए लगाए हुए हैं जिनकी मॉनिटरिंग भी व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रबल की गई है, प्रतिदिन हर घर से कूड़ा उठाने के बाद ट्रांसफर स्टेशन से भी उसी क्रम में कूड़ा उठाकर कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट तक भेजा जा रहा है जिससे शहर की कचरा निस्तारण में प्रतिदिन की कार्यवाही की जा रही है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम शहर से यूजर चार्ज की वसूली भी कर रहा है पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष यूजर चार्ज कलेक्शन में वृद्धि की है जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभाग को रफ्तार बनाए रखने के लिए कहा गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय द्वारा बताया गया 7 महीने में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 5 करोड़ 65 लाख की वसूली यूजर चार्ज की क्रम में की है पिछले वर्ष में 5 करोड़ 19 लाख की वसूली हुई थी इस बार की वसूली पिछले वर्ष के सापेक्ष रफ्तार से की गई है जिसको बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके क्रम में लगातार यूजर चार्ज वसूली चल रही है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा माननीय पार्षदों का भी विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी यूजर चार्ज वसूली में सहयोग कर रहे हैं द्य ग्लोबल ई विलेज सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के माध्यम से चल रही यूजर चार्ज वसूली के कार्य को रफ्तार दी जा रही है, समस्त जोनल कार्यालय में यूजर चार्ज वसूली का अलग से काउंटर बना हुआ है जिसके माध्यम से नगद के रूप में यूजर चार्ज वसूल किया जाता है इसके अलावा डोर टू डोर कलेक्शन भी जारी है जिसमें केवल चेक तथा पोस मशीन के माध्यम से पेमेंट ही प्राप्त की जाती है। uc.onlinegnn.com के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी निगम द्वारा दी गई है, कार्य दाई संस्था से संदीप नहक सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर तथा नेमतउल्लाह पलवी प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा मॉनिटरिंग का कार्य किया जा रहा है। जागरूक शहर निवासियों द्वारा कूड़े के उठान तथा निस्तारण की प्रक्रिया पर प्रशंसा जाहिर करते हुए गाजियाबाद नगर निगम से यूजर चार्ज वसूली के कैंप लगाने की मांग भी की गई है जिसमें राज एनक्लेव मोहन नगर, पार्ल कोर्ट रामप्रस्थ वसुंधरा, जे एम पार्क वसुंधरा, अंब्रेला हाइट्स वसुंधरा, गुलमोहर अपार्टमेंट सिटि जोन, आनंदम सोसायटी कवि नगर, 21 माइलस्टोन सोसायटी कवि नगर व अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा भी यूजर चार्ज वसूली के लिए कैंप लगाने की मांग की जा रही है तथा गाजियाबाद नगर निगम का शहर के विकास में सहयोग के लिए कदम बढ़ाया जा रहा है जो की प्रशंसनीय है।

---

## दिल्ली में बीएस 3 वाहनों की एंट्री पर रोक
## गाजियाबाद में 8 चेक पोस्ट से लगा लंबा जाम

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर सख्त कदम उठाए गए हैं। दिल्ली सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर बीएस 3 मानक वाले पेट्रोल और डीजल वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस नियम का पालन सुनिश्चित करने के लिए पड़ोसी शहर गाजियाबाद में 8 प्रमुख चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां हर आने-जाने वाली गाड़ी की सघन जांच की जा रही है। हालांकि, इस पहल से प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिल रही है, लेकिन इससे बॉर्डर क्षेत्रों में भयंकर ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे हजारों यात्री परेशान हो रहे हैं। दिल्ली में नवंबर की शुरुआत से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में दिल्ली का औसत गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक है। पराली जलाने, वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण कार्यों और मौसमी कारकों के कारण प्रदूषण चरम पर है। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के स्टेज-3 को लागू किया गया है। ग्रेप के तहत बीएस 3 और उससे पुराने वाहनों पर प्रतिबंध प्रमुख कदम है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और पर्यावरण विभाग की टीमों ने दिल्ली के सभी एंट्री पॉइंट्स पर बैरियर लगाए हैं, लेकिन गाजियाबाद जैसे बॉर्डर क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी यूपी पुलिस और लोकल अथॉरिटी को सौंपी गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)